बुंदेलखंड का गौरवशाली प्रकाशन

सुविचार



''सही सोचें सुन्दर सोचें''
-मुनिश्री प्रमाण सागर जी महाराज

# आचरण

वर्ष 39, अंक 274, पृष्ठ 12 मूल्य 2.50 रू.

www.aacharansagar.com | सागर, मंगलवार | 30 दिसंबर 2025



पेज:11- अंतिम टी-ट्वेंटी आज

## संक्षिप्त समाचार

### मनाली में हथियार लाने पर लगा प्रतिबंध, 2 जनवरी तक लागू रहेंगे

मनाली। देशभर से न्यू ईयर सेलिब्रेशन को पर्यटन नगरी मनाली पहुंच रहे टूरिस्ट अपने साथ हथियार नहीं ला सकेंगे। कुल्लू जिला प्रशासन ने एक नोटिफिकेशन जारी कर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध पुलिस, अर्धसैनिक बलों और सेना के ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को छोड़कर अन्य सभी व्यक्तियों पर लागू होगा। डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश की अधिसूचना के अनुसार- 2 जनवरी 2026 तक टूरिस्ट मनाली में अपने लाइसेंसी हथियार भी नहीं ला सकेंगे। यह निर्णय कुल्लू जिला प्रशासन द्वारा सार्वजनिक सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लिया गया है।

### बांग्लादेश में हिंदू परिवारों के 5 घरों में आग लगाई



ढाका। बांग्लादेश में हिंदू परिवारों के कम से कम पांच घरों में आग लगाने की घटना सामने आई है। यह घटना शनिवार, 27 दिसंबर को पिरोजपुर जिले के दम्रिताला गांव की बताई जा रही है। परिवार के सदस्यों के मुताबिक आग लगने के वक्त वे घर के अंदर फंसे हुए थे क्योंकि दरवाजे बाहर से बंद थे। कुल आठ लोग टिन और बांस की बाड़ काटकर बाहर निकलने में कामयाब रहे। लेकिन उनके घर, सामान और पालतू जानवर पूरी तरह जलकर राख हो गए। स्थानीय पुलिस ने पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों के मुताबिक आग लगने की सटीक वजहों का पता नहीं चल पाया। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हमलावरों ने एक कमरे में कपड़े भरकर आग लगा दी, जिससे आग तेजी से पूरे घर में फैल गई। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसमें लोग आग को बुझाने की कोशिश करते दिख रहे हैं।

### सेना को आत्मघाती ड्रोन, नए पिनाका रॉकेट, ड्रोन रडार मिलेंगे




नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को करीब 79,000 करोड़ रुपए के एडवांस हथियार और सैन्य उपकरण खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई रक्षा अधिग्रहण परिषद (DAC) की बैठक में ये फैसला लिया गया। इससे नाग मिसाइल खरीदी जाएंगी, जो दुश्मन के टैंक और बंकर तबाह करने में सक्षम है। वहीं आत्मघाती ड्रोन भी खरीदे जाएंगे। भारतीय सेना के पास अभी नागस्त्र-1 ड्रोन है। जिसकी रेंज 30 किमी तक है। वहीं नेवी के लिए रिमोटली पॉयलेटेड एयरक्रॉफ्ट सिस्टम (RPAS) खरीदा जाएगा। यह भी एक तरह का ड्रोन है खासतौर से नेवी के लिए डिजाइन किया गया है। एयरफोर्स के लिए ऑटोमेटिक टेक-ऑफ लैंडिंग रिकॉर्डिंग सिस्टम खरीदा जाएगा। एक ऐसी तकनीक है जो किसी विमान या ड्रोन के टेक-ऑफ और लैंडिंग की पूरी प्रक्रिया को अपने-आप रिकॉर्ड कर लेता है।

### संपत्ति विवाद में बहू ने रिटायर्ड IAF जवान को मार डाला

नईदिल्ली। दिल्ली के बिंदापुर इलाके में संपत्ति विवाद को लेकर बहू ने अपने ससुर को पीट-पीटकर मार डाला। पुलिस ने 32 साल की बहू गीता को अरेस्ट कर लिया है। वहीं पीड़ित की पहचान नरेश कुमार के रूप में हुई। जो एयरफोर्स से रिटायर हैं। घटना वाले दिन बुजुर्ग का बेटा घर पर मौजूद नहीं था। वहीं पत्नी की पहले ही मौत हो चुकी है।

## झरोखा




उन्नाव रेप केस : जज से भी गलती हो सकती है; पीड़ित रोई, कहा- फांसी दिलाऊंगी

# कुलदीप सेंगर की जमानत पर रोक

उन्नाव



उन्नाव रेप केस में रेपिस्ट पूर्व BJP विधायक कुलदीप सेंगर की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने सेंगर को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा। मामले में 4 हफ्ते बाद सुनवाई होगी। सेंगर को दिल्ली हाईकोर्ट ने 23 दिसंबर को जमानत दी थी। जमानत के खिलाफ CBI ने सुप्रीम कोर्ट में 3 दिन पहले याचिका लगाई थी। सोमवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की बेंच में सुनवाई हुई। बेंच ने दोनों पक्षों की करीब 40 मिनट तक दलीलें सुनीं। CJI ने कहा- हाईकोर्ट के जिन जजों ने सजा सस्पेंड की, वे बेहतरीन जजों में गिने जाते हैं, लेकिन गलती किसी से भी हो सकती है।

### चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा-

कोर्ट को लगता है कि मामले में अहम सवालों पर विस्तार से विचार जरूरी है। आमतौर पर कोर्ट का सिद्धांत है कि किसी दोषी या विचाराधीन कैदी को रिहा कर दिया गया हो, तो बिना उसे सुने ऐसे आदेशों पर रोक नहीं लगाई जाती, लेकिन इस मामले में परिस्थितियां अलग हैं क्योंकि आरोपी दूसरे मामले में पहले से दोषी ठहराया जा चुका है। ऐसे में दिल्ली हाईकोर्ट के 23 दिसंबर 2025 के आदेश पर रोक लगाई जाती है। इससे पहले, कोर्ट में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा- ये भयावह मामला है। धारा-376 और पॉक्सो के तहत आरोप तय हुए थे। ऐसे मामलों में न्यूनतम सजा 20 साल की कैद हो सकती है, जो पूरी उम्र की जेल तक बढ़ाई जा सकती है।

### पीड़ित फूट-फूटकर रोई

इधर, सुप्रीम कोर्ट का आदेश सुनते ही पीड़ित फूट-फूटकर रोने लगी। एक्टिविस्ट योगिता भैयाना और अन्य महिलाओं ने उसे संभाला। इसके बाद पीड़ित ने कहा-

**मैं इस फैसले से बहुत खुश हूं। मुझे सुप्रीम कोर्ट से न्याय मिलेगा। मैं इस लड़ाई को जारी रखूंगी। उसे फांसी की सजा दिलाऊंगी, तब जाकर हमारे परिवार को इंसाफ मिलेगा।÷**

### अब कोर्ट रूम में 2 मुख्य दलीलें

CJI सूर्यकांत ने कहा- इस मामले में एक गंभीर कानूनी सवाल है, जिस पर विचार जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा- हाईकोर्ट का आदेश जिन जजों ने दिया है, वे देश के बेहतरीन जजों में गिने जाते हैं, लेकिन गलती किसी से भी हो सकती है। ऐसा कैसे हो सकता है कि POCSO कानून के तहत एक पुलिस कॉन्स्टेबल को लोक सेवक माना जाए, लेकिन किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि जैसे विधायक या सांसद को इस दायरे से बाहर कर दिया जाए। अदालत को यह असमानता परेशान कर रही है। जस्टिस जेके माहेश्वरी ने सवाल उठाया कि हाईकोर्ट ने अपने आदेश में यह साफ तौर पर कहा भी है या नहीं कि आरोपी धारा 376(2)(i) के तहत दोषी है या नहीं। इस पर वरिष्ठ वकील हरिहरन ने कहा कि किसी कानून में दूसरे कानून से परिभाषा उधार लेकर लागू नहीं की जा सकती।

# दिग्विजय के समर्थन में आए विजयवर्गीय



### बोले- सरदार पटेल की तरह सच कहने की परंपरा को आगे बढ़ाया

भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की तारीफ करे जाने के बाद राजनीति में नई बहस छिड़ गई है। जहां कांग्रेस के भीतर इस बयान को लेकर सवाल उठ रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय खुलकर अब दिग्विजय सिंह के समर्थन में सामने आए हैं। विजयवर्गीय ने सोमवार को एक्स पर दिग्विजय सिंह के बयान का समर्थन किया। उन्होंने लिखा कि लोकतंत्र में वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है, लेकिन सच कहने का साहस भी होना चाहिए जो हर किसी में नहीं होता। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने आरएसएस की तारीफ कर अपने साहसी होने का परिचय दिया है। हालांकि, इससे दिल्ली दरबार में उनके नंबर अवश्य कम हुए होंगे, पर दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस के अंदर 50 के दशक के नेता सरदार पटेल और अन्य नेताओं की उस परंपरा पर चलने का काम किया है जो सच कहने की हिम्मत रखते थे। यही लोकतंत्र की असली खूबसूरती है।

इस्तीफे के दो दिन बाद फिर कांग्रेस कार्यालय पहुंचे मुकेश नायक बोले:

# नेतृत्व को कमजोर नहीं होने देंगे

भोपाल

एमपी कांग्रेस के मीडिया विभागाध्यक्ष पद से दो दिन पहले इस्तीफा देने के बाद सोमवार को मुकेश नायक फिर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (पीसीसी) पहुंचे। जहां उन्होंने अपने इस्तीफा देने के फैसले और मौजूदा हालातों पर बात की।
पीसीसी पहुंचने पर जब मीडिया ने सवाल किया कि इस्तीफा देने के बाद वे फिर कांग्रेस कार्यालय क्यों आए, तो मुकेश नायक ने कहा- ÷हम फिर से नहीं आए हैं। हम तो 25 साल से यहां आ रहे हैं। यह हमारा दूसरा घर है। पार्टी में गतिरोध पैदा होते हैं और खत्म भी होते हैं, यह हर दल में होता है। नायक ने स्पष्ट किया कि उनके इस्तीफे को गलत संदर्भों में जोड़ा गया, जबकि उनका उद्देश्य संगठन को नुकसान पहुंचाना नहीं था। मुकेश नायक ने बताया कि उन्होंने प्रबंध समिति की बैठक में कहा था कि ÷नए लोगों के लिए पुराने लोगों को स्थान खाली करना चाहिए। इसी सोच के तहत मैंने इस्तीफा दिया था, लेकिन बाद में कुछ ऐसे संगठनात्मक गतिरोध सामने आए, जिन्हें मेरे इस्तीफे से जोड़ दिया गया और इससे पार्टी को नुकसान पहुंचने लगा। नायक ने कहा कि इस्तीफे के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी खुद मेरे से मिलने आए और बहुत सरलता से समझाया। ÷उन्होंने कहा कि पार्टी को नुकसान हो रहा है। नई और पुरानी पीढ़ी का तालमेल जरूरी है। यात्रा अधूरी नहीं छोड़नी है, लक्ष्य तक पहुंचना है। इसी अपील को स्वीकार करते हुए मैंने अपना इस्तीफा वापस लिया।



# असम जैसे पूरे देश से घुसपैठिए भगाएंगे : शाह

गुवाहाटी

असम के नौगांव में सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बटाद्रवा पुनर्विकास परियोजना का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में शाह ने कहा- हिमंत बिस्वा सरमा ने बांग्लादेशी घुसपैठियों से एक लाख जमीन बीघा जमीन मुक्त करवा दी है। इसी तरह पूरे देश से हम घुसपैठियों को भगाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि आज मैं गोपीनाथ बोरदोलोई जी को याद करना चाहता हूं। अगर वे नहीं होते, तो आज असम और पूरा नॉर्थ ईस्ट भारत का हिस्सा नहीं होता। शाह ने कहा कि गोपीनाथ ने ही जवाहरलाल नेहरू को असम को भारत में बनाए रखने के लिए मजबूर किया था।
केंद्र सरकार ने उग्रवादी संगठनों के साथ शांति समझौते किए हैं, जिनमें से 92% शर्तें पूरी की जा चुकी हैं। असम में शांति और विकास की स्थिति मजबूत हुई है। बटाद्रवा थान को नव-वैष्णव धर्म का केंद्र है। यह जगह असम की सांस्कृतिक एकता और आध्यात्मिक विरासत का प्रतीक है। परियोजना से पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। असम में केंद्र सरकार के प्रयासों से शांति, विकास और सांस्कृतिक संरक्षण हो रहा है। गुवाहाटी में नई सुरक्षा व्यवस्था से शहर सुरक्षित बनेगा। एक बार फिर असम की जनता भाजपा को अपना समर्थन दे। हम पूरे असम को घुसपैठियों से मुक्त करेंगे। जो लोग घुसपैठियों को वोट बैंक मानते हैं, वे ऐसा कभी नहीं कर सकते।

# बिना आधार सुबह 8से 12 बजे रेल टिकट बुकिंग नहीं

## नियम रिजर्व बुकिंग खुलने के पहले दिन पर लागू; 12 जनवरी से सिर्फ रात में बुकिंग

नई दिल्ली

29 दिसंबर से बिना आधार लिंक वाले IRCTC यूजर्स सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक टिकट बुक नहीं कर पाएंगे। ये नियम केवल रिजर्व रेल टिकट बुकिंग खुलने के पहले दिन पर लागू होगा। रिजर्व टिकट की बुकिंग ट्रेन डिपार्चर की तारीख के 60 दिन पहले खुलती है। रेलवे इस नियम को तीन फेज में लागू कर रहा है। पहला फेज आज से लागू हो चुका है। वहीं दूसरे फेज में 5 जनवरी से और तीसरा फेज 12 जनवरी से लागू होगा।

29 दिसंबर से बिना आधार सुबह 8 बजे से 12 बजे तक टिकट बुक नहीं होगी।
5 जनवरी से सुबह 8 से शाम 4 बजे तक टिकट बुकिंग पर पाबंदी रहेगी।
12 जनवरी से सुबह 8 से रात 12 बजे तक ऐसे यूजर्स की टिकट बुक नहीं होगी।

### फर्जी अकाउंट्स से बुकिंग रोकना नियम का मकसद

इसका मकसद ओपनिंग डे पर ज्यादा से ज्यादा पैसेंजर्स को ऑनलाइन टिकट बुक करने का मौका देना है और फर्जी अकाउंट्स के जरिए होने वाली बुकिंग को रोकना है।

# आंध्र प्रदेश में टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस में लगी आग, एक की मौत

विशाखापट्टनम



विशाखापट्टनम से करीब 66km दूर येलमंचिली में टाटानगर-एर्नाकुलम एक्सप्रेस ट्रेन के दो डिब्बों में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि रविवार रात 12:45 बजे ट्रेन में आग लगने की खबर मिली। उस वक्त ट्रेन आंध्र प्रदेश के अनाकापल्ली में येलमंचिली रेलवे स्टेशन पर पहुंच गई थी। जब ट्रेन में आग लगी, तो दोनों कोच में से एक में 82 और दूसरे में 76 यात्री थे। पुलिस को B 1 कोच से एक शव मिला। मरने वाले की पहचान 70 साल के चंद्रशेखर सुंदरम के रूप में हुई है। जले हुए कोच अलग करके ट्रेन को एर्नाकुलम रवाना कर दिया गया। यात्रियों को दूसरे साधनों से उनके गंतव्य तक भेजा जाएगा। दो फोरेंसिक टीमें आग लगने के कारणों का पता लगा रही हैं।

# रिटायर सैनिकों को प्राइवेट अस्पतालों में इलाज नहीं मिलता: राहुल

तय सुविधाएं और रोजगार भी नहीं; कांग्रेस सांसद ने पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी में मुद्दा उठाया

नई दिल्ली



लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को डिफेंस की पार्लियामेंट स्टैंडिंग कमेटी में रिटायर सैनिकों के मुद्दे उठाए। संसद में आयोजित बैठक में राहुल ने कहा कि रिटायर सैनिकों को जब प्राइवेट अस्पतालों में रैफर किया जाता है तो उन्हें वहां इलाज नहीं मिलता। सूत्रों के मुताबिक राहुल ने बैठक में कहा है कि पूर्व सैनिकों की भर्ती और पुनर्वास में कमी है। बड़ी संख्या में रिटायर सैनिकों को रोजगार और तय सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। दरअसल, राहुल गांधी रक्षा मामलों की संसदीय स्थायी समिति के सदस्य हैं। आज की बैठक का एजेंडा पूर्व सैनिकों के पुनर्वास, स्वास्थ्य सुविधाओं और उनके लिए उपलब्ध रोजगार के अवसरों की समीक्षा करना था।

### राहुल गांधी के बैठक में उठाए गए सवाल

- रिटायर सैनिकों की पुनर्वास नीतियों, स्वास्थ्य सुविधाओं में खामियों और हेल्थ फंड के लिए बजट कम है।
- प्राइवेट अस्पताल सरकार पर हमारा बकाया की बात कहकर पूर्व सैनिकों को एडमिट नहीं करते, उनका इलाज नहीं करते।
- रिटायर सैनिकों को कैंसर और किडनी से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए मिलने वाली रुपए 75 हजार की सहायता बेहद कम है।

सम्मेलन | लोकतंत्र और संविधान को लेकर जीतू पटवारी ने बोला हमला

# बैलेट पेपर से हो चुनाव, तभी लोकतंत्र बचेगा

भोपाल

राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, जनजाति विकास परिषद द्वारा भोपाल में आयोजित सामाजिक न्याय सम्मेलन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने चुनावी व्यवस्था, लोकतंत्र और संविधान को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि देश का लोकतंत्र तभी बचेगा, जब चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाएंगे, क्योंकि मशीन आधारित चुनावों में जनता का भरोसा लगातार कमजोर हो रहा है। पटवारी ने सवाल उठाया कि यदि विधायक और सांसद मशीनों से चुने जाएंगे, तो फिर किसी भी पार्टी का निचला कार्यकर्ता, गरीब, दलित, आदिवासी और अल्पसंख्यक अपनी बात किससे कहेगा।



### 'मशीन से चुनी सरकार जनता से नहीं जुड़ेगी'

जीतू पटवारी ने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव का नाम नहीं है, बल्कि जनता और जनप्रतिनिधि के बीच भरोसे का रिश्ता है। उन्होंने कहा- जिस दिन विधायक और सांसद मशीनों से चुने जाएंगे, उस दिन जनप्रतिनिधि आम आदमी से कट जाएंगे। मशीन किसी की पीड़ा नहीं समझती, न ही वह समाज के कमजोर वर्ग की आवाज बन सकती है।

### दुनिया बैलेट से चुनाव करती है, भारत में मशीन क्यों?

पटवारी ने अंतरराष्ट्रीय उदाहरण देते हुए कहा कि- अमेरिका, यूरोप और गल्फ देशों में आज भी बैलेट पेपर से चुनाव होते हैं। दुनिया में कहीं भी इतनी बड़ी आबादी वाले देश में मशीन से चुनाव नहीं होता। केवल भारत में ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मशीन आधारित चुनावों में हेरफेर की आशंका हमेशा बनी रहती है, जिससे लोकतंत्र कमजोर होता है।

### वोटर लिस्ट में गड़बड़ी का आरोप, SIR को बनाया हथियार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि चुनाव आचार संहिता लगने से पहले वोटर लिस्ट फ्रीज नहीं की जाती, जिससे आखिरी समय तक वोटर लिस्ट में हेरफेर की जाती है।उन्होंने दावा किया कि, मध्यप्रदेश में एसआईआर (Special Intensive Revision) के नाम पर करीब 50 लाख वोट घटाए गए। इनमें अधिकांश वोट एससी, एसटी, अल्पसंख्यक, अति पिछड़े और घुमक्कड़ समुदायों के हैं।

# नया साल, अयोध्या-काशी में 2 किमी लंबी लगी लाइन




नईदिल्ली। नए साल से पहले देशभर के धार्मिक स्थलों पर भक्तों का सैलाब सा उमड़ पड़ा है। वहीं पर्यटन स्थलों पर भारी संख्या में टूरिस्ट पहुंच रहे हैं। अयोध्या में रामलला और काशी में बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए 2-2 किलोमीटर लंबी लाइनें लगी हैं। बांके बिहारी मंदिर प्रबंधन ने 5 जनवरी तक वृंदावन न आने की अपील की है। राजस्थान के सीकर में खाटूश्यामजी जी के डेढ़ से दो घंटे में श्रद्धालुओं को दर्शन हो रहे हैं। बढ़ती भीड़ के चलते मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में VIP दर्शन बंद कर दिए गए हैं।

**संक्षिप्त समाचार**

## अंकुर कॉलोनी में योग, ध्यान, चिकित्सा शिविर का आयोजन

**सागर,आचरण।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य क्षुल्लक श्री नयसागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में एवं बा. ब्र. अंकित भैया धनेटा, ब्र. रेखा दीदी, शशि दीदी इंदौर की धार्मिक कक्षाओं के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त योगाचार्य डॉ नवीन जैन द्वारा अंकुर कॉलोनी स्थित विद्या भवन में योग ध्यान चिकित्सा शिविर का आयोजन 25 दिसंबर से 30 दिसंबर तक किया गया है। कड़कडाती ठंड के बीच बड़ी संख्या में बच्चे, महिलाएं, और पुरुष वर्ग के द्वारा योग द्वारा स्वास्थ्य लाभ के तरीके सीख रहे हैं। क्षुल्लक श्री नयसागर जी महाराज ने बताया कि योग जीवन जीने की एक कला है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन प्रदान करती है, जिससे तनाव कम होता है और आंतरिक शांति मिलती है; यह सिर्फ व्यायाम नहीं बल्कि एक संपूर्ण जीवनशैली है जो अष्टांग योग (यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान, समाधि) के सिद्धांतों जैसे सत्य, अहिंसा, संतोष, और निष्काम कर्म के माध्यम से हमें सचेत, अनुशासित और प्रकृति से जुड़कर एक बेहतर, सुखी और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीना सिखाती है। पंडित पवन दीवान ने बताया कि प्रातः काल में योगा क्लास धार्मिक क्लास दोपहर में स्वास्थ्य परामर्श शाम को आनंद यात्रा एवं रात्रि में 8 बजे धार्मिक कक्षा एवं मोटिवेशनल प्रोग्राम आयोजित किये जा रहे हैं।

## नित्य नमः शिवाय जप करना चाहिए: केशव गिरी महाराज



**सागर,आचरण।** उपनगरीय क्षेत्र मकरोनिया स्थित श्री राम दरबार मंदिर में विश्व एवं राष्ट्र कल्याण की भावना, एवं नव युवकों को सनातन धर्म से जोड़ने के लिए चल रहा है यह अनुष्ठान, ब्रह्मलीन गृहस्थ संत पंडित श्री देवप्रभाकर शास्त्री दद्दा जी महाराज के कृपा पात्र कार्यक्रम के आयोजक महंत केशव गिरी महाराज जी ने बताया कि,1 करोड़ 16 लाख 33 हजार 208 जप कर पहुंचे लक्ष्य के नजदीक महाराज ने कहा कि नमः शिवाय मंत्र में के प्रत्येक अक्षर पृथ्वी , जल , अग्नि, वायु , आकाश, इन पंच तत्वों को संतुलित रखता है मंत्र के जप से हमारे इस शरीर में इन तत्वों की कमी नहीं पड़ती और हमारा शरीर स्वस्थ और मन शांत रहता है। यह मंत्र को भगवान शंकर मनुष्यों के लिए मानो वरदान दिया है। यह मंत्र पंच तत्वों को ही नहीं संतुलित रखता बल्कि पूरे ब्रह्मांड की कुंजी भी यही मंत्र है। भक्त गण, जप महाअनुष्ठान में सम्मिलित हो रहे है, मुख्य रूप से श्री दादा धूनी वाले दरबार बड़े बाजार से बम गुरुजी ने पहुंचकर जप किया मंदिर के महंत केशव गिरी महाराज बताया कि आज पुरोहित पुजारी संघ के सभी पदाधिकारी पुरोहित संघ के अध्यक्ष शिवप्रसाद तिवारी जी संघ के साथ पहुंचकर महा अनुष्ठान यज्ञ में सम्मिलित होंगे। जप करने वालों में दद्दा शिष्य मंडल के वरिष्ट गुरुभाई निकेश गुप्ता,राजकुमार ठाकुर बिलौआ, एडी पी ओ एल पी पटेल,रघुराजसिंह, अंकुर भट्ट, विश्व हिंदू परिषद के संगठन मंत्री अनुज सिंह परिहार अनिल श्रीवास्तव, प्रभाकर नगर प्रसाद की व्यवस्था ब्रह्म दत्त पाण्डेय जी ने देखी, सफाई व्यवस्था राजा रिछारिया, अभिषेक गौर, सीताराम सेन ने रजिस्ट्रेशन और काउंटिंग की व्यवस्था सुचारू रूप से चलाई, धनंजय पांडे आदि उपस्थित रहे।

## विधायक ने विद्यार्थियों के साथ खेला कैरम

**सागर,आचरण।** सोमवार को एस.आई.आर. अभियान के द्वितीय चरण की समीक्षा के दौरान विधायक शैलेंद्र कुमार जैन शासकीय माध्यमिक शाला, मोहन नगर पहुंचे। यहां उन्होंने बी.एल.ओ. से चर्चा कर अभियान की प्रगति की जानकारी ली, साथ ही विद्यालय का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी पढ़ाई, रुचियों एवं शैक्षणिक वातावरण के बारे में जानकारी प्राप्त की। गेम्स पीरियड के समय कैरम खेल रही छात्राओं के साथ उन्होंने कुछ समय कैरम खेला और खेल के नियमों के साथ-साथ अनुशासन, एकाग्रता एवं टीम भावना जैसे गुणों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक एवं मानसिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विधायक ने शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं से चर्चा कर विद्यालय की दर्ज संख्या एवं उपस्थित संख्या की जानकारी ली तथा शैक्षणिक गुणवत्ता को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर स्थानीय वार्ड पार्षद धर्मेंद्र खटीक, नितिन सोनी, जुगल प्रजापति, मंडल अध्यक्ष अमित बैसाखिया, अंशुल हर्षे, बालकिशन सोनी, चक्रेश चौधरी सहित शाला के शिक्षकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे विधायक, किया कथा श्रवण

**सागर,आचरण।** विधायक शैलेंद्र जैन शास्त्री वार्ड में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में सम्मिलित हुए। उन्होंने पंडित शोभित शास्त्री जी के श्रीमुख से प्रवाहित हो रही कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कथा स्थल पर विधायक ने व्यासपीठ का दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और कहा कि श्रीमद्भागवत कथा जीवन को धर्म, सत्य, प्रेम और भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में नैतिक मूल्यों, संस्कारों और आपसी सद्भाव को सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर रामेश्वर यादव, नीरज शर्मा, लखन यादव, टीकाराम यादव सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। कथा के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।


# करंट लगने से मरा था बाघ, ट्रैक्टर पर लादकर वन्य क्षेत्र में फेंका!

## वीआरडीटीआर के खोजी कुत्ता गैलेलियो ने दिए कई अहम सुराग

**आचरण संवाददाता**

सागर। दक्षिण वन मंडल के अंतर्गत आने वाले ढाना परिक्षेत्र के ग्राम हिलगन के जंगल में रविवार को एक नर बाघ मृत अवस्था में मिला था। इस मामले में आशंका जताई जा रही है कि बाघ की मौत करंट लगने से हुई होगी। जिसके तार पास के खेतों में अज्ञात किसान द्वारा बिछाए गए थे? घटनास्थल के पास ट्रैक्टर के पहियों के निशान से प्रतीत होता है कि बाघ को करंट लगने वाले स्थान से उठाकर यहां राजस्व वन क्षेत्र में फेंका गया। कानूनी पचड़ों से बचा जा सके। बाघ के शव का पीएम कराकर उसके अंगों के विभिन्न हिस्से और बिसरा जबलपुर स्थित लैब में जांच के लिए भेजा जा रहा है। इधर सूत्रों का कहना है कि, इस क्षेत्र में कुछ वर्ष पहले एक इसी तरह करंट लगने से एक तेंदुए की भी मौत हो चुकी है, इसके बावजूद दक्षिण वन मंडल ने यहां के किसानों को इस तरह करंट बिछाने से रोकने में खास कोशिशें नहीं की। गैलीलियो ने भी इशारा किया कि मौत कहीं और हुई थी। वीरांगना रानी दुर्गावती टाईगर रिजर्व (वीआरडीटीआर), सागर का स्नीफर डॉग गैलेलियो सोमवार को बाघ की के शव वाले स्थान से लेकर दूर तक खोजबीन करता रहा। जिसके आधार पर वन अमला भी प्रारंभिक तौर पर यह माना रहा है कि बाघ की मौत करंट लगने से ही हुई थी। इस मामले में दक्षिण वन मंडल के डीएफओ वरुण यादव का कहना है कि जानकारी मिली है कि कतिपय किसान झटका लगने वाला करंट सिस्टम अपने खेतों के आसपास फैलाए हुए हैं। बाघ की मौत को लेकर कुछ अन्य बिंदु भी सामने आए हैं। जिनका जांच के चलते फिलहाल खुलासा नहीं किया जा रहा है। चूंकि यह एरिया वन मंडल के बाहर का है कि इसलिए इस तरफ अमले की चौकसी कम रहती है। किसानों को समय-समय पर करंट से होने वाले नुकसान के बारे में ताकीद किया गया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। जो भी व्यक्ति दोषी होगा। उसके खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

**जिस एरिया में मिला, वह बाघ का नेचुरल कॉरिडोर-** जिस एरिया में बाघ का शव मिला है। वह वाइल्ड लाइफ जगत में उनका नेचुरल कॉरिडोर यानी बाघों एक अभयारण्य या रिजर्व एरिया से दूसरे क्षेत्र में आवाजाही के लिए गलियारा के रूप में चिन्हित किया गया है। वीआरडीटीआर तीन कॉरिडोर से जुड़ा है। जो क्रमशः बांधवगढ़, पन्ना और रातापानी को जोड़ते हैं।



अनुमान लगाया जा रहा है कि यह बाघर बांधवगढ़ या पन्ना के रिजर्व एरिया से यहां आया होगा। यह अनुमान इसलिए भी लगाया जा रहा हैं, क्योंकि जहां इस बाघ का शव मिला है। उससे कई किमी दूर तक वीआरडीटीआर के बाघों का मूवमेंट प्रकाश में नहीं आया है। इसके बावजूद वीआरडीटीआर अपने क्षेत्र के बाघों के पहचान चिन्ह खंगाल रहा है, क्योंकि यह भी मुमकिन है कि इन गलियारों का उपयोग कर यहां का बाघ, पन्ना या बांधवगढ़ की तरफ तो नहीं जा रहा था।

## रंगारंग कार्यक्रम के साथ 287 ग्रीन टी की हुई लॉन्चिंग



**आचरण संवाददाता**

सागर। बुंदेलखंड का गौरव 287 मेरी चाय कंपनी ने अपना नया उत्पाद ग्रीन टी लांच किया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक शैलेंद्र जैन एवं लीगल राइट कौंसिल की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अनुश्री जैन द्वारा पब्लिक में लांच की गई । यह उत्पाद शारीरिक क्षमता बड़ाने के साथ मेटाबोलिज्म ठीक करने एवं वजन कम करने में सहायक है । लांचिंग के दौरान विधायक ने 287 मेरी चाय परिवार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कंपनी विश्वास एवं गुणवत्ता का प्रतीक है उन्होंने कहा की स्वदेशी मेला में स्वदेशी की अवधरणा इन्ही परंपराओं से साकार होती है ।

कार्यक्रम में डॉ हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय के कुलपति श्री वाय एस ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे उन्होंने कहा ग्रीन टी व्यक्ति की इम्युनिटी बढ़ाती है ।

स्वदेशी जागरण मंच के कपिल मलैया ने कहा कि स्वदेशी मेला में स्थानीय उत्पाद का राष्ट्रीय स्तरीय लांचिंग हम सबके लिए गर्व का विषय है लांचिंग के दौरान राजेंद्र जैन , वीरेंद्र जैन ,सुजय, अनुभव,राम लखन यादव के अलावा संजय अग्रवाल , कपिल जैन लंदन अनिल चौदा, विजय भूषण वर्मा , पंकज तिवारी, आनंद जैन स्टील, प्रदीप रंधेलोय । दीप्ति चंदेरिया, सपना जैन , रितु जैन , पूर्वी जैन अनिमेष शाह, अजीत समित , संजीव दिवाकर, संतोष स्टील , विकाश मोदी , संजय समैया,दिलीप जैन इनकम टैक्स, सौरभ रंधेलिया आदि गणमान्य जन उपस्थित थे ।

इस दौरान विधायक को आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज , डॉ सर हरिसिंह गौर एवं लाखा बंजारा से सुशोभित प्रतीक चिह्न भेंट कर उनका सम्मान किया गया ।

साथ में वाई एस ठाकुर एवं कपिल मलैया को भी परिवार जन राजेंद्र एवं वीरेंद्र ने स्मृति चिह्न भेंट किया ।

## सुशील पटेल बने अखिल भारतीय गौरक्षा महासंघ के जिलाध्यक्ष

**आचरण संवाददाता**

सागर। भारतीय संस्कृति में गाय को अत्यंत पवित्र माना जाता है। लेकिन वर्तमान में गौवंश उपेक्षा का शिकार है, हर



शहर में कई सारी गाय एवं गौवंश सड़कों पर लावारिस घूमते रहते है और दुर्घटनाओं का कारण बनते है। नागरिकों की सुरक्षा और गौमाता की सेवा को ध्यान में रख कर बनाए गए संगठन अखिल भारतीय गौरक्षा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष नीरज जैन ने सुशील पटेल को सागर जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। श्री जैन का कहना है कि यदि आप गौ माता पर श्रद्धा नहीं भी रखते हो तो भी सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखकर पशुओं को बांध कर रखें। सैकड़ों गाएं हर वर्ष पालीथीन जैसे पदार्थ खा कर मृत्यु का शिकार हो जाती है। इसलिए गाय बैल इत्यादि अपने पास या निकट की गोशाला में रखें। अखिल भारतीय गौ रक्षा संगठन जल्द ही सागर में गौशाला खोलने वाला है। जिलाध्यक्ष पद पर सुशील पटेल की नियुक्ति होने पर इस मिशन को बढ़ावा मिलेगा।

## स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**आचरण संवाददाता**

सागर। संत रविदास वार्ड, बामनखेड़ी में म.प्र. नवनिर्माण मंच द्वारा जनहित में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्थानीय निवासियों को संक्रामक बीमारियों के प्रति जागरूक करना और मलेरिया की रोकथाम के लिए सुरक्षात्मक उपाय बताना था। शिविर में जिला मलेरिया कार्यालय से आए विशेषज्ञ संतोष ठाकुर, प्रियंक दीक्षित और जगदीश सेन ने लोगों को अपने घर के आसपास साफ-सफाई रखने और




मच्छरों के पनपने वाले स्थानों को नष्ट करने के तरीके बताए। उन्होंने जोर दिया कि रुके हुए पानी में मच्छर तेजी से फैलते हैं, इसलिए सावधानी ही सबसे बड़ा बचाव है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के संतोष ठाकुर द्वारा मौके पर ही लोगों की मलेरिया जाँच की गई। इस शिविर में कुल 22 लोगों के रक्त के नमूने लिए गए और उनकी जॉच संपन्न हुई। शिविर को सफल बनाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता खेमा गुप्ता, सहायिका सुमन साहू और आशा कार्यकर्ता पूजा अहिरवार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। साथ ही, म.प्र. नवनिर्माण मंच की ओर से विपिन जोशी, मीना अहिरवार, राकेश अहिरवार और राज अहिरवार ने सक्रिय योगदान देते हुए व्यवस्थाएं संभाली। बड़ी संख्या में वार्ड वासियों ने शिविर का लाभ उठाया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संकल्प लिया।

## सट्टा खिलाने के लिए मना किया तो आरोपी ने युवक को मारा चाकू

**सागर,आचरण।** मोतीनगर थाना क्षेत्र में आने वाले बड़ी माता मंदिर के पास सोमवार की दोपहर एक युवक को उस समय भारी पड़ गया। जब उसने एक सट्टा खिलाने वाले युवक को सट्टा खिलाने से रोका। इस बात से नाराज सट्टा खिलाने वाले ने युवक को चाकू मार दिया। घटना में युवक को गंभीर चोट आई। जिसे साथ वालों ने जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि बीएमसी से एक मेमो प्राप्त हुआ था। जिसमें बताया गया था। कि बल्लभनगर वार्ड निवासी सुधीर साहू को चाकू लगने के कारण बीएमसी में भर्ती किया गया है। जानकारी लगते ही थाना पुलिस बीएमसी पहुंची और घायल के बयान लिए। जिसके आधार पर मामला दर्ज करवाया गया। बयान में घायल सुधीर साहू ने पुलिस को बताया कि सोमवार की दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के आसपास वह बड़ी माता मंदिर के पास से निकल रहा था। इसी दौरान मैंने देखा कि वार्ड का ही रहने वाला अजय पिता नवीन साहू सट्टा खिला रहा है। मैंने उसे सट्टा खिलाने से मना किया। इस बात से नाराज होकर अजय ने गालियां देना शुरू कर दिया। मैंने उसे गालियां देने से मना किया तो उसने मुझे चाकू मार दिया।

## संकट मोचन दरबार में सुंदरकांड पाठ एवं सत्यनारायण कथा हुई

**आचरण संवाददाता**

सागर। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सिरोंजा परिसर स्थित मंदिर में विराजमान सिद्ध श्री संकट मोचन सरकार जी के दरबार में सीताराम नाम लेखन प्रेमियों के द्वारा सुन्दर कांड पाठन का सामूहिक वाचन किया गया। उक्त जानकारी देते हुये श्री सीताराम नाम बैंक जिला शाखा के सहव्यवस्थापक पं बृजेश द्विवेदी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि दरबार में सीताराम लेखन प्रेमियो दोपहर 2 बजे से 3:30 बजे तक सुन्दरकांड का पूर्ण पाठ किया। सुन्दरकांड पाठ पूर्ण होने के उपरांत दरवार में भगवान सत्यनारायण की कथा हुई । जिसमे कथा के यजमान सनराइज मेगासिटी निवासी पं. नमन द्विवेदी एवं कथा का वाचन खेजराबाग निवासी पं0 नीरज मिश्रा के द्वारा पूर्ण विधि विधान से संपन्न कराया गया । कथा पूर्ण होने के उपरांत 19, 20, एवं 21 वां सवा करोड़ लेखन जप की पूर्ण पुस्तिकाओं का पूजन सीताराम नाम लेखन के प्रेरणास्त्रोत संकट मोचन के समक्ष किया गया, एवं उपस्थित लेखन प्रेमियो के द्वारा प्रभु से प्रार्थना की गई प्रभु ऐसी कृपा निरंतर बनाये रखना कि हम सभी लेखन प्रेमियों का मन लेखन कार्य में हमेशा लगा रहे । पूर्ण पुस्तिकाओं का पूजन उपरांत उपस्थित सभी लेखन प्रेमियों से पं. नीरज मिश्रा ने 21-21 आहुतियां यज्ञ में अग्नि में समर्पित करवाई कार्यक्रम के अंत में दरबार के पुजारी शिव दर्शन तिवारी ने सभी लेखन प्रेमियों का रोरी लगाकर स्वागत करते हुए दरबार में पधारने पर सभी को धन्यवाद दिया। अंत में सभी को प्रसादी वितरित की गई उक्त धार्मिक आयोजन सनराइज मेगा सिटी निवासी एवं सीताराम नाम बैंक की सह व्यवस्थापक पंडित बृजेश द्विवेदी के सौजन्य से हुआ। आज के इस धार्मिक आयोजन में मुख्य रूप से पंडित अरविंद चौबे, कमलकांत मिश्रा ,राम रतन तिवारी, राजेश रिछारिया ,राहुल मिश्रा, अखिलेश्वर नाथ शुक्ला ,श्याम सुंदर चौबे, श्रीराम मिश्रा ,बृजमोहन मिश्रा, जे. पी रावत, मोहित उपाध्याय, आदित्य गुरु, अजय खरे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । बैंक के सह व्यवस्थापक पं. ब्रजेश द्विवेदी ने आगे बताया कि इन 1800पूर्ण लेखन कॉपीयो को सागर से 13 सदसयीय दल 23 जनवरी को अयोध्या जाकर अंतर्राष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक अयोध्या जी मे जमा करेगा, ततपश्चात सरयू मैया में स्नान कर श्री रामलला सरकार जी के दर्शन करेगा।

## कलयुग में माता पिता की सेवा करना ही पर्याप्त है: ऋषि महाराज

**आचरण संवाददाता**

सागर। श्री नागेश्वर भक्त मंडल के श्री गणेश महापुराण कथा आयोजन के पांचवें दिन सोमवार को कथा व्यास पंडित ऋषि महाराज पटकुई वालों ने पुण्य और पाप कर्म की व्याख्या करते हुए पयोव्रत का महत्त्व समझाया। पयोव्रत अर्थात पुनषव्रत 41 दिनों का होता है व्रत करने से गणेश जी का प्रादर्भाव हुआ था इसको करने से पुण्य बढ़ता है पुण्य कमाना जीवन को सफल बनाता है पूर्ण चिन्ह होने से दुख मिलता है इसलिए पुण्य करवाना मानव का ध्येय होना चाहिए । कलयुग में यज्ञ और जप करना जरूरी नहीं है माता-पिता की सेवा करना ही पर्याप्त है जीवित माता-पिता की सेवा करने से स्वर्गवासी माता-पिता सदैव प्रसन्न रहते हैं और आशीर्वाद देते हैं तुलसीदास जी ने भी कहा है कि बड़े भाग जो मानव तन पाया मानव जीवन पाने का यतन देवता भी करते हैं। माता पिता की सेवा से जो आशीष मिलता है वह किसी भी दुर्लभ फल को सिद्ध कर देता है राजसी जीवन जीने के लिए तीन प्रकार के गणेश जी एक साथ पूजना चाहिए। ये तीन प्रकार के गणेश है चिंतामन गणेश सिद्धेश्वर गणेश, और सिद्धिविनायक गणेश। इसी प्रकार गणेश जी के 12 नाम



की स्तुति करने से पितृ दोष दूर होता है

गणेश भगवान के अनुसार 12 नाम का जाप बहुत ही फलदाई माना जाता है हर शुभ कार्य आरंभ करने से पहले बोलना चाहिए। यह 12 नाम इस प्रकार हैं सुमुख अर्थात सुंदर मुख वाले, एकदंत अर्थात एक दांत वाले ,कपिल अर्थात कपिल रंग वाले ,लाल भूरे रंग वाले, गजकर्णक अर्थात हाथी जैसी कान वाले, लंबोदर अर्थात बड़े पेट वाले, विकट अर्थात विशाल स्वरूपवाले, विघ्नराज अर्थात बाधाओ के राजा, धूम्रकेतु , अर्थात धुएं रंग वाले , गणअध्यक्ष अर्थात गण के अध्यक्ष भालचंद्र अर्थात जिसके माथे पर चंद्रमा हो ,गजानंद हाथी के मुख वाले , और विनायक इन नाम के जाप से व्यक्ति के जीवन से सभी विघ्न बाधाएं दूर होतीहैं। गणेश जी के नाम लेकर नारियल को जल में प्रवाहित करने से पितृ दोष दूर होता है हमारे पूर्वज नारियल में वास करते हैं इसी तरह हमारे पूर्वज मिट्टी में वास करते है, हमारे पूर्वज राख में वास करते हैं और हमारे पूर्वज बांस में वास करते हैं ऐसा पुराणों में वर्णित है। आज की कथा में यजमान धम्मू,रानी प्रजापति जी रहे। महाप्रसादी की व्यवस्था रामबाबू यादव ने की कल यजमान श्रीसंतोष सोनी मारुति जी रहेंगे। आज कथा में पंडित पप्पू तिवारी जी, पंडित बृज पुरोहित जी , पार्षद कंचन सोमेश जड़िया आनंद ददरया, माधव कटारे,एड.संदीप सोनी नितिन पचौरी, राकेश गुप्ता मासाब,पप्पू गुप्ता जी,सत्यनारायण डेंगरे, सहित बड़ी संख्या में भक्तगण शामिल हुए।

## बैठक: कांग्रेस ने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य सहित विभिन्न विषयों पर की चर्चा

**आचरण संवाददाता**

सागर। सागर लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे चंद्रभूषण सिंह बुंदेला गुड्डू राजा ने सोमवार को मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सुरेंद्र चौधरी के भगवानगंज स्थित कार्यालय पर कांग्रेसजनों व युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य तथा विभिन्न विषयों पर विस्तारित चर्चा की। इस दौरान कांग्रेसजनों ने चर्चा करते हुए कहा कि विधान सभा क्षेत्रों में हज़ारों मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से कटना गंभीर विषय है।

इस गंभीर विषय पर संगठन की ओर से रणनीतिक कदम और संभावित कार्रवाई के विकल्पों पर विचार-विमर्श किया गया ताकि



लोकतांत्रिक प्रक्रिया सुरक्षित और पारदर्शी बनी रहे।इस दौरान मुख्य रूप से मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महामंत्री द्वय मुकुल पुरोहित,अशरफ खान,वरिष्ठ नेता आर.आर.पाराशर,इंद्रभूषण तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष पं.रवि उमाहिया,युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी,मोतीलाल कुर्मी,युवा कांग्रेस नरयावली के अध्यक्ष रोहित वर्मा,युवा कांग्रेस खुरई के अध्यक्ष अमन लोधी,मनोज राय,प्रान सिंह, प्रिंस सिंह,साहित्य पांडेय, सुरेन्द्र करोसिया,बंटी कोरी,शुभम सिंह, सत्यम सिंह, विनोद रैकवार,संजय रैकवार, सुरेश रैकवार, धनसिंह नरयावली, शिवराम अहिरवार आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

## जनकपुर में आज भी काँटे के वृक्ष नहीं मिलेंगे

**आचरण संवाददाता**

सागर। अयोध्या से पधारे श्री राघवदास महाराज ने जनकपुर की कथा सुनाई जिसमें शुरू में बताया कि हमारे पूर्वजों ने भगवान तक जाने का रास्ता बना दिया है तुम्हें सिर्फ चलना है।जनकपुर की ज्ञान गुणवत्ता के बारे में बताते है कि जनकपुर में माता भगवती व विदेह के कारण एक भी टेढ़ा काम नहीं है। 'सब नर-नारी सकल सुचि संता।धर्म शील ज्ञानी गुणवंता।। 'जबकि अयोध्या में अलग-अलग प्रकार के लोग थे।आढ़े-टेढ़े सब है। 'काने खोरे कूबरे कुटिल कुचली जनि।। 'जबकि विदेह के नगर में एक भी विकलांग नहीं है।तुलसी ने पूरे रामचरित मानस में तीन नगरों की चर्चा की है-अयोध्या,जनकपुर,लंका।अयोध्या शील का प्रतीक ,जनकपुर विदेह व लंका देह का प्रतीक है।तुलसी ने कहा है कि जिसने जनकपुर नहीं देखा उसका जीवन धिक्कार बताया है।जनकपुर में आज भी काँटे के वृक्ष नहीं मिलेंगे।काँटे तो ब्रजप्रदेश में रहते है।पुष्पवाटिका की कथा इतनी विस्तृत है कि सात दिन भी कम पड़ जाये।यह मनुष्ययोनि मिली है तो भजन कर




लो,हम नित्य मर रहे है।अगर जीवन से ग्लानि व मोह भंग हो जाये तो भगवान की तरफ मन हो जाये।जनक जी से अच्छे अच्छे ज्ञान प्राप्त करने आते है।जनकपुर में एक वर्ष से स्वयंबर चल रहा है,सारे नगर में सजावट बनी हुई है।लक्ष्मण ने बड़े भाई से कहा कि जनकपुर घूमने जाना है।राम ने विश्वामित्र जी से आज्ञा लेकर निकल पड़े।सभी नगरवासियों में खासकर महिलाओं में चर्चा का विषय बन गए दोनों भाई।राम को पुष्पवाटिका में वृक्षो ने फूल देना शुरू कर दिया।सखियां ओर नगरवासी चिंता करते है कि ये सुकुमार कैसे धनुष तोड़ेगा।भाट लोगों ने जनकपुर की प्रशंसा की,जब किसी से धनुष नहीं उठा तो फिर सारे दस हजार राजा इकट्ठे हो गए।एक अंक बाकि जीरो।मतलब एक हीरो।फिर सबकी सलाह हुई फिर कैसे निर्णय होगा ,फिर यह निश्चय हुआ कि युद्ध मे जो जीतेगा वही विवाह करेगा। मगर राम ने जब धनुष तोड़ने आये थे तो धनुष छोटा हो गया।टूटत ही धनु होय विवाहू।। धनुष बोला कि हम टूटे मगर हमने कई को जोड़ दिया।दसरथ-जनक ,सीता-राम,वशिष्ठ-विश्वामित्र।जानकी की विवाह के समय उम्र छह वर्ष बताई । 'गाबै छवि अवलोक सहेली।सिय जय माल राम उर मेली।।इस प्रकार आज सीता का स्वयंबर हुआ।दूत अयोध्या आमंत्रण लेकर पहुँचे।आज भैया गोपाल भार्गव जी ने स्वयं को सेवक बताते हुए कहा कि यह एक विशेष तीर्थस्थल के रूप में उभरा है।

आज की राम कथा में पंडित गोपाल भार्गव रहली विधायक,पं अजय दुबे, डॉ अनिल तिवारी,राम शर्मा,शैलेश केशरवानी,अनिल दुबे नीरज पांडे रवि ठाकुर,वीरेंद्र सिंह बामोरा,ब्रजेश उपाधयाय, सुशील तिवारी,राजा बन्नाद,मनोज दुबे,,विवेक तिवारी,आत्माराम पांडेय ,जाहर सिंह बरोदा,भागवत सिंह हिलगन,लक्ष्मण हिलगन, लखन सिंह बरोदा,देवेंद्र ठाकुर हिलगन,देवेंद्र उपाध्याय,आदर्श पांडेय, दीपक वाजपेयी,अवध मिश्र,हरिशंकर चौरसिया,मोहन बड़गैया आदि अनेक गांवों के भक्त कथा श्रवण करने उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### चार दिवसीय कबीर महामहोत्सव आज से

**सागर,आचरण।** सद्गुरू कबीर साहेब के सत्यदर्शन को उद्घाटित करने के लिए कबीरदर्शनाचार्य परम पूज्य आचार्य रामजीवन शास्त्री साहेब के पावन सानिध्य एवं मार्गदर्शन में सद्गुरू कबीर ज्ञानाश्रम परकोटा एवं सद्गुरू कबीर धाम सागर ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में सागर शहर में 30 दिसम्बर 2025 से 02 जनवरी 2026 तक चार दिवसीय विराट सद्गुरू कबीर महा महोत्सव सत्संग समारोह एवं ''सोलह सूत महा यज्ञ चौका आरती का कार्यक्रम किया जा रहा है। इस महामहोत्सव में राष्ट्रीय स्तर के संत-परम पू. आधार दास जी साहेब (बनारस)पू. म. सुनीलदास साहेब (हरयाणा) पू. म. रविन्द्र साहेब, आगरा (उ.प्र.) म. धर्मेंद्रदास साहेब (जौहरी) म. श्री पुष्करदास साहेब (झांसी) पू. म. नानक दास जी साहेब (इंदौर)साध्वी मायादेवी (उज्जैन) यादोराव साहेब (मुल्ताई) आदि विभिन्न क्षेत्रों से पूज्य संत महापुरूष पधार रहे हैं। 30 दिसम्बर को संस्कार साधना शिविर के साथ-साथ बच्चों में, युवाओं में ज्ञान, संस्कार, प्रतिभा जागरण हेतु अनेक आध्यात्मिक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जायेगा। नशा मुक्ति अभियान तथा स्वच्छ पर्यावरण के अंतर्गत प्लास्टिक निषेध कार्यक्रम का भी आयोजन किया जायेगा। सद्गुरू कबीर आश्रम सागर के आचार्य परम पू. रामजीवन शास्त्री साहेब जी द्वारा सम्पादित सद्गुरु कबीर धर्म दर्शन पत्रिका का प्रकाशन कराया गया है, जिसका विमोचन शैलेन्द्र जैन विधायक सागर के मुख्य आतिथ्य में किया जायेगा। जिसमे शासन प्रशासन से जुड़े मान. मंत्रीगण, संतजन एवं नगर के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहेंगे। 31 जनवरी को शायं 8 बजे से सद्गुरु कबीर भजन संध्या का कार्यक्रम भी होगा जिसमें सागर नगर के सभी भजन गायक कलाकार सम्मिलित होंगे।

### रोबोटिक सर्जरी की जादुई दुनिया और मोटापे की नई दवा



**सागर,आचरण।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) सागर तथा सॉग्स सागर के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को एक सीएमई (कंटिन्यूइंग मेडिकल एजुकेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें नवीनतम चिकित्सा तकनीकों पर गहन विमर्श किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं प्रसिद्ध स्त्री रोग तथा बांझपन विशेषज्ञ डॉ. प्रिया भावे ने रोबोटिक सर्जरी के माध्यम से विभिन्न स्त्री रोगों संबंधी जटिल ऑपरेशनों को सूक्ष्म स्तर पर कितनी कुशलता से किया जा सकता है इस पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कई वास्तविक ऑपरेशनों की वीडियो भी प्रदर्शित कीं। डॉ. भावे ने बताया कि रोबोटिक सर्जरी से न केवल सफलता दर में उल्लेखनीय सुधार होता है। बल्कि मरीजों को अस्पताल से छुट्टी मिलने में भी काफी कम समय लगता है। दूसरे सत्र में हॉर्मोन विशेषज्ञ डॉ. सचिन चित्तावर ने कई जटिल केस स्टडीज प्रस्तुत की तथा उनके उन्नत प्रबंधन और उपचार की नवीनतम संभावनाओं पर उपयोगी जानकारी साझा की। उन्होंने डायबिटीज और अवसाद के बीच गहन संबंध को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया। साथ ही, मोटापे के इलाज में उपयोगी एक नई दवा के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी। सीएमई में आईएमए सागर के अध्यक्ष डॉ. तल्हा साद ने लीगल बॉडी मीटिंग की मिनट्स प्रस्तुत की। रविवार 18 जनवरी 2026 को होने वाले मैराथन के लिए सभी सागर वासियों को वेवसाइड पर फ्री रजिस्टर कर के प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उत्साहित करने का संदेश भी दिया। साथ ही साथ आईएमए का 2026 के कैलेंडर का अनावरण भी हुआ। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. उषा सैनी, डॉ. एसके सिंह उपस्थित रहे। सीएमई के चेयरपर्सन डॉ. साधना मिश्रा एवं डॉ. अमिताभ जैन रहे। कार्यक्रम के अंत में दिवंगत आत्मा डॉ. कमला ठाकुर, श्रीमती सरला सिरोठिया और श्रीमती बरौलिया की स्मृति में दो मिनट का मौन भी रखा गया।

### बीटीआईई कॉलेज छात्रा का दिल्ली परेड में चयन

**सागर,आचरण।** बीटी इन्स्टीट्यूट ऑफ एक्सीलेंस कॉलेज मकरोनिया की बीएबीएड तृतीय सेमेस्टर की छात्रा सविता का चयन रिपब्लिक डे के की परेड के लिए हुआ है। उनका चयन आरडीसी-2026 नई दिल्ली के लिए एडीशनल डायरेक्टर जनरल स्तर पर हुआ। यह चयन एनसीसी में सर्वोच्च और अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक उपलब्धि है। कैडेट सविता 26 जनवरी को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होगी। 7 एमपी गर्ल्स एनसीसी बटालियन, सागर का प्रतिनिधित्व करेंगी। कैडेट सविता का यह चयन बीटीईई कॉलेज की शैक्षणिक एवं सहपाठ्य गतिविधियों में उत्कृष्टता तथा एनसीसी प्रशिक्षण की बेहतरी के चलते हुआ है।



# नगर निगम कर्मचारियों को तीन माह से नहीं मिला वेतन

## गांधीवादी तरीके से आंदोलन शुरू, हनुमानजी सरकार को ज्ञापन सौंपकर की पहल

**आचरण संवाददाता**

सागर। नगर निगम कर्मचारियों को विगत तीन माह से वेतन न मिलने सहित विभिन्न लंबित मांगों को लेकर नगर निगम कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वे शहर की स्वच्छता एवं विकास कार्यों में निरंतर ईमानदारी से सेवाएं देने के बावजूद वेतन से वंचित हैं, जो कि कर्मचारियों के साथ अन्याय है। ऐसी गंभीर स्थिति नगर निगम में पिछले 23 वर्षों में पहली बार उत्पन्न हुई है।

बैठक के उपरांत कर्मचारियों ने गांधीवादी तरीके से आंदोलन करने का निर्णय लिया और इसकी शुरुआत सोमवार शाम 5 बजे तीनबत्ती स्थित हनुमानजी सरकार को ज्ञापन सौंपकर की गई। कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव राजेश सिंह राजपूत एवं कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने बताया कि आंदोलन के अंतर्गत कर्मचारी प्रतिदिन शाम को विभिन्न स्थानों पर शांतिपूर्ण एवं रचनात्मक गतिविधियां करेंगे। इनमें नागरिकों से भीख मांगना, रामधुन, शंख-झालर के साथ सड़कों पर निकलना तथा जनप्रतिनिधियों को फूल भेंट कर अपनी पीड़ा से




अवगत कराना शामिल रहेगा। कर्मचारियों की प्रमुख मांगें जिनमें तीन माह का लंबित वेतन तत्काल जारी किया जाए, नगर निगम कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण की जाए, एनपीएस एवं जीपीएफ की राशि समय पर संबंधित खातों में जमा की जाए, प्रत्येक माह की 1 तारीख को वेतन भुगतान सुनिश्चित किया जाए,कर्मचारियों का नियमितीकरण शीघ्र किया जाए, लंबित एरियर्स का भुगतान किया जाए।

बैठक में उपस्थित सभी कर्मचारियों ने आंदोलन में सक्रिय सहभागिता का आश्वासन देते हुए कहा कि जब तक सभी मांगें पूर्ण नहीं होतीं, तब तक प्रतिदिन शाम 5 बजे से गांधीवादी तरीके से आंदोलन जारी रहेगा।



**सागर,आचरण। ठंड के मौसम में सोमवार की रात्रि में रेलवे स्टेशन पहुंचकर सिख समाज के लोगों द्वारा गरम मीठा दूध एवं कंबल वितरित किए गए । वरिष्ठ कांग्रेसी नेता समाजसेवी गुरजीत सिंह अहलूवालिया मनदीप सिंह राजा, सतविंदर कौर एवं गुरमीत सिह गोल्डन जिम वाले मौजूद थे।**

### वेतन एक तारीख को ही मिले, आहरण न करने वाले अधिकारियों पर की जाएगी कार्यवाही: कलेक्टर

**सागर,आचरण।** कलेक्टर संदीप जी आर ने स्पष्ट किया है कि वेतन में देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर के यह निर्देश सरकारी कर्मचारियों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। उन्होंने कहा है कि सभी शासकीय सेवकों को महीने की 1 तारीख को अनिवार्य रूप से वेतन मिल जाना चाहिए। आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि बिल समय पर प्रस्तुत हों। यदि किसी विभाग में लापरवाही के कारण वेतन समय पर नहीं मिलता है, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। इस कदम का मुख्य उद्देश्य वित्तीय अनुशासन बनाए रखना और कर्मचारियों को उनकी मेहनत का फल समय पर दिलाना है ताकि उन्हें अपनी पारिवारिक और व्यक्तिगत जरूरतों के लिए परेशान न होना पड़े। यह निर्देश जिले के सभी विभागों पर लागू होगा, जिससे निचले स्तर तक के कर्मचारियों को समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा।

## स्वदेशी मेले में व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन



**आचरण संवाददाता**

सागर। स्वदेशी मेले में व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें जैन मिलन बड़ा बाजार क्रमांक 10 द्वारा पुरस्कार वितरण किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेला प्रांत संयोजक कपिल मलैया जी इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती निधि जैन आचरण की प्रबंध संपादक विशिष्ट अतिथि कमलेंद्र राष्ट्रीय मंत्री एवं स्वदेशी मेला संयोजक श्रीमती दीप्ति चंदेरिया जी क्षेत्रीय संयोजक संजीव दिवाकर मेला सह संयोजक सौरभ राधेलिया जैन मिलन अध्यक्ष प्रदीप प्रभावना सदन सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया निर्णायक के रूप में सुनंदा तिवारी एवं संध्या राधेलिया जी उपस्थित थी प्रतिभागियों ने भारतीय पारंपरिक व्यंजनों की प्रस्तुति दी जिसमें 56 भोग व्यंजन,प्याज की खीर, आटे का नमकीन हलवा , तिल व्यंजन ढोकला खमन ज्वार बाजरा सरसों का साग गाजर का हलवा एवं अनेक प्रकार की व्यंजन बनाए गए थे जिसमें प्रथम पुरस्कार ममता सेन द्वितीय पुरस्कार रीना जैन एवं संध्या जैन तृतीय पुरस्कार शुभी जैन शांतुना पुरस्कार अमित सेन आकांक्षा खारु एवं सभी प्रतिभागी को शांतुना पुरस्कार से सम्मानित किया गया कार्यक्रम में डॉक्टर ज्योति चौहान सुनीता अरिहंत विशेष सहयोगी जैन मिलन अध्यक्ष निधि जैन प्रभावना सदन संरक्षिका शिल्पा दिवाकर जी अंजली राज अंजली जैन रजनी जैन ज्योति जैन लक्ष्मी जैन गरिमा जैन वर्षा सूत प्रियंका केसली एवं जैन मिलन के वीर अमित जैन मनोज केसली अनिल जैन कार्यक्रम का संचालन सुष्मिता ठाकुर जी ने किया आभार अध्यक्ष निधि जैन प्रभावना सदन ने किया।

### श्रीराम चौक बड़ा बाजार में धार्मिक स्थल के सामने बन रहे शौचालय पर लगाई रोक

**सागर,आचरण।** कलेक्टर संदीप जी आर के द्वारा कार्यवाही करते हुए श्रीराम चौक बड़ा बाजार में धार्मिक स्थल के सामने बन रहे शौचालय पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाने के आदेश दिए गए हैं।

नगर निगम के द्वारा धार्मिक स्थल के सामने मौजूद जगह पर शौचालय निर्माण कराया जा रहा था जिसका विभिन्न संगठनों द्वारा विरोध किया गया। कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए उक्त निर्माण पर रोक लगाने की कार्यवाही की गई एवं नगर निगम को निर्देश दिए गए की अन्यत्र कहीं उपयोगी जगह पर शौचालय निर्माण करें।

### संयुक्त संचालक लोक शिक्षण ने शिक्षक बनकर बच्चों को पढ़ाई गणित

सागर,आचरण। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण सागर एसपी सिंह बिसेन ने गुलगंज स्कूल का निरीक्षण किया। कमिश्नर सागर संभाग अनिल सुचारी के निर्देश पर संयुक्त संचालक द्वारा लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। इसी परिपेक्ष में दिनांक 29 दिसंबर 2025 को पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुलगंज का निरीक्षण प्रातः 10:50 बजे किया गया कक्षा 10 में दर्ज 82 में 24 छात्र उपस्थित पाए गए , संयुक्त संचालक शिक्षा बिसेन ने कक्षा में पहुंचकर बच्चों को गणित के प्रश्न दिए गए जिसमें से निर्धारित समय में तीन बच्चों ने प्रश्न हल किया। गणित और अंग्रेजी विषय के दो दो वार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्रों को हल करा कर एक सप्ताह में संयुक्त संचालक के मेल ऐड्रेस पर भेजने के निर्देश प्राचार्य को दिए गए। पिछले वर्ष स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम कक्षा 10 का केवल 39% था जिसको इस वर्ष 75 परसेंट करने का लक्ष्य प्राचार्य और शिक्षकों ने लिया है, परिणाम बढ़ाने के टिप्स भी दिए गए ।

## रमेश दत्त सुकरात की परंपरा के सच्चे वाहक थे

**आचरण संवाददाता**

सागर। सुकरात की परंपरा का यदि सच्चा वाहक सागर में कोई है तो वह रमेश दत्त दुबे थे. जबकि आज की राजनीति व्यापार हो गई है। उनकी कविताओं में पक्षपात नहीं है बल्कि इंसान कैसे जी रहा है उसका वर्णन है। वे ऐसे समाज की रचना करना चाहते थे जिसमें किसी प्रकार का भेदभाव ना हो. यह बात सुप्रसिद्ध समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर ने रविवार को संगीत महाविद्यालय सागर में श्यामलम् संस्था और दुबे परिवार द्वारा आयोजित रमेश दत्त दुबे स्मृति सम्मान समारोह में अध्यक्ष की आसंदी से कही. उन्होंने कहा कि समता को बोलना तो आसान है लेकिन उसे जीना आसान नहीं. रमेश दत्त जी मानवता के साथ जीना जानते थे इस मायने में वे सच्चे समाजवादी थे.जब तक समाजवाद की चर्चा होगी तब तक रमेश दत्त की चर्चा होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध कथाकार और समावर्तन के प्रधान संपादक मुकेश वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि बुंदेलखंड की धारा अद्वितीय प्रतिभाओं की जननी रही है.हमारा दुर्भाग्य कि हम अभी तक गौर साहब को भारत रत्न नहीं दिला पाए. उन्होंने कहा कि रमेश दत्त जी उन्हें और उन जैसे लोगों को हमेशा पढ़ने के लिए प्रेरित करते रहते थे उन्होंने वाचनालय में प्रभारी रहते हुए




मुझे वह मुझ जैसे न जाने कितने लोगों को बहुत सी पुस्तकों से परिचित कराया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. केवल जैन ने बताया कि विश्वविद्यालय के शुरुआती दिनों में रमेश दत्त जी व उनके साथियों ने मिलकर 'सांप्रदायिकता' शीर्षक से एक पत्रिका निकाली थी जो कि वर्तमान संदर्भ में अत्यधिक प्रासंगिक है उन्होंने दुबे जी के साथ अपने विश्वविद्यालय इन जीवन के रोचक प्रसंग भी साझा किए.कार्यक्रम में वरिष्ठ लेखिका डॉ.लक्ष्मी पाण्डेय को 'रमेश दत्त दुबे स्मृति सम्मान 2025' से सम्मानित किया गया। उनके जीवन परिचय एवं सम्मान पत्र का वाचन डॉ.अंजना चतुर्वेदी तिवारी ने किया। इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ राजनेता पूर्व मंत्री लक्ष्मी नारायण यादव ने भी स्व. दुबे जी से जुड़े रोचक संस्मरण सुनाये। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती एवं स्व. रमेशदत्त जी के चित्र पर पुष्प अर्पण पश्चात अतिथि स्वागत से हुई। आयोजक संस्था श्यामलम् के सचिव कपिल बैसाखिया ने कार्यक्रम परिचय व स्वागत भाषण दिया. कवि राजेंद्र सेन ने स्व. दुबे पर केंद्रित रचना का मधुर गायन किया. कार्यक्रम संचालन श्यामलम अध्यक्ष उमाकांत मिश्र ने किया तथा सागर के नागरिकों की ओर से रघु ठाकुर कार्यक्रम अध्यक्ष ने स्व.दुबे परिवार का आभार माना।

इस अवसर पर श्रीमती सीमा रमेश दत्त दुबे. असीम दुबे,अभिनव दुबे, डॉ.शुभम, कबीर दुबे, एल एन चौरसिया, शुकदेव प्रसाद तिवारी, जवाहर अग्निहोत्री, हरगोविंद विश्व, डॉ.गजाधर सागर, हंसराज नामदेव, कविता शुक्ला, डॉ वंदना गुप्ता, शिवरतन यादव, आर के तिवारी,पी आर मलैया,सुधीर यादव, हरिसिंह ठाकुर, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2025 (उत्तरार्द्ध) संपन्न

**सागर,आचरण।** जिले में राहतगढ़, बीना,में जारी त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2025 (उत्तरार्ध) में सायं 3 बजे तक 64.40 प्रतिशत मतदान संपन्न हुआ। कलेक्टर ने बताया कि जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2025 (उत्तराधर्द) शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हुआ। त्रि-स्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2025 (उत्तरार्ध) में राहतगढ़ में 59.19, बीना में 77.27 एवं खुरई में 69.57 प्रतिशत मतदान हुआ।



### केशरवानी समाज महिला सभा द्वारा वार्षिक कैलेंडर का विमोचन

**सागर,आचरण।** केशरवानी समाज महिला सभा द्वारा समाज के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. वंदना गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती विनीता केसरवानी, पूर्व नगर अध्यक्ष श्रीमती प्रीति केसरवानी, नगर अध्यक्ष श्रीमती संध्या केसरवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना केसरवानी, महामंत्री श्रीमती जागृति केसरवानी, कोषाध्यक्ष श्रीमती नीतू केसरवानी सहित नारी शक्ति चेतना की सभी सखियाँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम सपना केसरवानी के निवास पर संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज की एकता, संस्कारों के संरक्षण एवं महिला सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किए गए। उपस्थित अतिथियों ने कैलेंडर विमोचन को समाज की प्रगति एवं संगठनात्मक सक्रियता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के अंत में प्रज्ञा केसरवानी द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

## नववर्ष के पहले पुलिस का सघन पैदल गश्त और वाहन चेकिंग

### शराब पीकर वाहन चलाने व असामाजिक गतिविधियों पर जीरो टॉलरेंस नीति

**आचरण संवाददाता**

सागर। आगामी नववर्ष को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं अनुशासित वातावरण में मनाए जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विकाश कुमार शाहवाल के निर्देशन में जिले भर में सघन पैदल गश्त एवं वाहन चेकिंग अभियान प्रभावी रूप से चलाया जा रहा है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों एवं यातायात प्रभारी को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी प्रकार की कानून-विरुद्ध गतिविधि पर तत्काल एवं कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश कुमार सिन्हा एवं नगर पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक यातायात के मार्गदर्शन में शहर के प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्रों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, होटल-ढाबों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस बल द्वारा लगातार पैदल गश्त एवं वाहन चेकिंग की जा रही है। विशेष रूप से सार्वजनिक स्थानों पर शराबखोरी करने वालों, शराब पीकर वाहन चलाने वालों, तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में रविवार को शराब पीकर वाहन चलाने वाले 2 वाहन चालकों के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उल्लेखनीय है कि शराब पीकर वाहन चलाने पर न्यूनतम 10 हजार रुपए का चालान एवं अन्य दंडात्मक कार्रवाई का



प्रावधान है।

#### जनता से अपील एवं संदेश

सागर पुलिस आमजन से अपील करती है कि नववर्ष के अवसर पर कानून का पालन करें, संयम एवं जिम्मेदारी से उत्सव मनाएं। यह स्पष्ट किया जाता है कि सागर पुलिस चौराहों पर पूरी सतर्कता के साथ तैनात है और हर हाल में कानून-व्यवस्था बनाए रखी जाएगी। किसी भी प्रकार की कानून-विरुद्ध गतिविधि, लापरवाही या हुड़दंग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध बिना किसी भेदभाव के कठोर कार्रवाई की जाएगी। सागर पुलिस आमजन की सुरक्षा, शांति एवं सुव्यवस्था के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सहयोग करें, सुरक्षित रहें।

## तीन दिवसीय 32 वें राष्ट्रीय लोकरंग महोत्सव का हुआ समापन



**आचरण संवाददाता**

सागर। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से पद्मश्री पंडित रामसहाय पांडे की स्मृति में बुंदेली लोक नृत्य एवं नाट्य कला परिषद, कनेरा देव द्वारा तिली स्थित प्रेम परिणय गार्डन में आयोजित तीन दिवसीय 32वें राष्ट्रीय लोकरंग महोत्सव का भव्य समापन हुआ। समापन समारोह में विधायक शैलेंद्र कुमार जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि युवा भाजपा नेता अभिराज सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समापन दिवस के कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ की गई। इस अवसर पर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित रामसहाय पांडे जी बुंदेलखंड के ऐसे महान सांस्कृतिक नायक थे, जिन्होंने बुंदेली लोक कला, नृत्य और संस्कृति को देश-विदेश तक पहचान दिलाई। उन्होंने कहा कि उनकी अमूल्य सांस्कृतिक विरासत को उनके पुत्र संतोष पांडे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ आगे बढ़ा रहे हैं और अपने पिता के सपनों को साकार करने का कार्य कर रहे हैं। विधायक जैन ने लोकरंग महोत्सव जैसे आयोजनों को हमारी लोक परंपराओं, सांस्कृतिक पहचान और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ने का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत बनाए रखते हैं। समापन समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य, लोकगीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। बड़ी संख्या में कला प्रेमी, स्थानीय नागरिक एवं संस्कृति प्रेमी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों द्वारा अतिथियों का सम्मान किया गया तथा सफल आयोजन के लिए सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया।

**अपनी खुशियों के प्रत्येक पल का आनंद लें क्योंकि यह बुढ़ापे का अच्छा सहारा है - क्रस्टोफर मोल**

## जीएसटी और एयर प्यूरीफायर

**दिल्ली** में प्रदूषण की बढ़ती समस्या आम लोगों के साथ-साथ न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका और मीडिया के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। सांसों पर संकट चल रहा है। सख्त पाबंदियों के बावजूद समाधान नजर नहीं आ रहा। कुछ राहत मिलती है तो दूसरे ही दिन दिल्ली, एनसीआर का एक्यूआई फिर बेहद खतरनाक स्तर को भी पार कर जाता है। दिल्ली की हवाओं में नाइट्रोजन डाईऑक्साइड का स्तर बढ़ चुका है। दिल्ली में 7 वर्ष के बाद इस गैस के स्तर में बढ़ौतरी हुई है। अब तो पराली भी नहीं जल रही। इसका सबसे बड़ा कारण वाहनों से होने वाला उत्सर्जन है। पैट्रोल-डीजल वाहनों की बढ़ती संख्या से नाइट्रोजन डाईऑक्साइड का सबसे बड़ा हिस्सा निकलता है। देश की शीर्ष अदालत लगातार प्रदूषण मामलों में सुनवाई कर रही है और समय-समय पर निर्देश भी जारी करती रही है। दिल्ली हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए पहले सुझाव दिया था, ''अगर स्वच्छ हवा नहीं दे सकते तो कम से कम एयर प्यूरीफायर को चिकित्सा उपकरण के रूप में वर्गीकृत करके उस पर जीएसटी को घटाया तो जा सकता है, ताकि लोग एयर प्यूरीफायर को आसानी से खरीद सकें। इसी याचिका पर हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने केन्द्र से सवाल पूछा कि एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी को क्यों कम नहीं किया जा सकता। इस संबंध में केन्द्र विस्तृत जवाब दाखिल करे। एयर प्यूरीफायर पर जीएसटी घटाने के मुद्दे पर गर्मागर्म बहस भी हुई। इसमें कोई संदेह नहीं कि दिल्ली, एनसीआर में प्रदूषण बेहद खतरनाक है और लोगों को कई तरह की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। एक इंसान दिन में कम से कम 21 हजार बार सांस लेता है तो अनुमान लगाया जा सकता है कि कितनी जहरीली हवा उनके फेफड़ों को नुकसान पहुंचा रही है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि दिल्ली की मौजूदा स्थिति में एयर प्यूरीफायर कोई लग्जरी आइटम नहीं, बल्कि जीवन रक्षक उपकरण बन गया है। इस पर राहत मिलनी ही चाहिए। यह मसला अब कानूनी दांव-पेचों में फंसता दिखाई दे रहा है। केन्द्र ने याचिका की मंशा पर सवाल उठाते हुए इसका कड़ा विरोध किया। केन्द्र ने चेतावनी दी कि कोई भी न्यायिक निर्देश न्यायालय द्वारा विधायी क्षेत्र में हस्तक्षेप करने के समान होगा और शक्तियों के पृथक्करण के संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करेगा। केंद्र सरकार की ओर से पेश हुए सहायक महासचिव एन. वेंकटरमन ने याचिका पर विचार करने को मुसीबतों का पिटारा खोलना और केंद्र सरकार को संवैधानिक दृष्टि से डरा हुआ बताते हुए कहा कि संसदीय स्थायी समिति की रिपोर्टों में की गई सिफारिशों और जीएसटी परिषद की बैठकों में प्रस्तावों पर विचार-विमर्श के लिए पहले से ही एक विधायी प्रक्रिया मौजूद है। उन्होंने पूछा, इस प्रक्रिया को अदालती कार्यवाही के माध्यम से कैसे रोका जा सकता है? हालांकि दिल्ली उच्च न्यायालय ने केंद्र को सुझाव दिया था कि दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण की गंभीर स्थिति को देखते हुए परिषद की आभासी बैठक बुलाने पर विचार किया जाए लेकिन एएसजी वेंकटरमन ने यह स्पष्ट कर दिया कि ऐसा करना संभव नहीं होगा। 'जीएसटी परिषद के कामकाज की प्रक्रिया और संचालन विनियम' के विनियम 14 और 15 का हवाला देते हुए, जिसमें परिषद के समक्ष प्रस्तावों पर विचार-विमर्श और मतदान करने के तरीके का विवरण दिया गया है, जिसमें गुप्त मतदान के माध्यम से प्रस्ताव पर मतदान भी शामिल है, एएसजी ने स्पष्ट किया कि इस प्रक्रिया में परिषद के सभी सदस्यों की भौतिक उपस्थिति शामिल होगी। केन्द्र ने याचिका को भ्रामक बताते हुए कई सवाल भी उठाए। केन्द्र ने स्पष्ट कहा कि किसी भी अदालती निर्देश से विधायिका और न्यायपालिका के बीच शक्तियों के पृथक्करण का उल्लंघन हो सकता है। शक्तियों का पृथक्करण एक बुनियादी ढांचा है। संविधान में लोकतंत्र के सभी अंगों की व्याख्या स्पष्ट है। कार्यपालिका कानूनों को लागू करती है। न्यायपालिका कानूनों की व्याख्या करती है जबकि विधायिका कानून बनाती है। अब देखना होगा कि अगली सुनवाई में अदालत क्या रुख अपनाती है। बेहतर यही होगा कि दिल्ली में प्रदूषण को कम करने के लिए लगातार प्रयास किए जाएं। दिल्ली सरकार ने कई कड़े कदम उठाए हैं। वाहनों की जांच की जा रही है। पीयूसी सर्टिफिकेट मामलों में चालान किए जा रहे हैं। ग्रैप नियमों के उल्लंघन पर भी कार्रवाई हो रही है। जहरीली हवा खत्म करने के लिए कोई न कोई तो दवा ढूंढनी होगी। लोगों को स्वयं प्रदूषण के मामले में जागरूक बनना होगा। जन-जन की भागीदारी से ही दिल्ली की हवाओं को शुद्ध बनाया जा सकता है। अगर अब भी हम जागरूक नहीं हुए तो आने वाली पीढ़ियों को हम स्वच्छ हवा नहीं दे पाएंगे। केन्द्र सरकार को भी चाहिए कि प्रदूषण से लोगों को राहत देने वाले उपकरणों को सस्ता करने के उपाय तलाश करे।

## अरावली को जीवनदान

**अरावली** पर्वत श्रृंखला का इतिहास भारत से भी पुराना है। अरावली पर्वत तब बने थे जब गंगा नदी नहीं थी। हिमालय नहीं था। महाद्वीप आपस में जुड़ रहे थे। जीवन की उत्पत्ति की शुरूआत हो रही थी। 250 करोड़ साल पुरानी और 670 किलोमीटर लंबी यह पर्वत श्रृंखला एक भौगोलिक चमत्कार है। यह राजस्थान, हरियाणा, गुजरात और दिल्ली तक फैली हुई है। यह दक्षिण-पश्चिम दिशा में गुजरात के पालनपुर से शुरू होकर दिल्ली तक फैली हुई है। इसकी सबसे ऊंची चोटी गुरु शिखर है जो 1722 मीटर ऊंची है। यह राजस्थान के इकलौते हिल स्टेशन माउंट आबू में है। यह भारत की प्राकृतिक हरी दीवार है। जो थार रेगिस्तान को पूर्व की ओर फैलने से रोकती है। बिना अरावली के हरियाणा और दिल्ली भी रेगिस्तान होते। यह मानसूनी हवाओं को प्रभावित करती है और वर्षा बढ़ाती है। अरावली कई नदियों का स्रोत है। यह जल चक्र में मदद करती है। वर्षा का पानी चट्टानों से रिसता है और भूजल बनता है। यह एक तरह से प्राकृतिक स्पांज जैसा है जो बारिश का पानी नीचे जमीन में भेजता है। यह एक इकोलोजिकल हॉटस्पॉट है जो 300 से ज्यादा पक्षी प्रजातियों को संरक्षण देता है और वनस्पति का संरक्षक है। इतिहास की बात करें तो अरावली पर्वत माला को राजपूतों की ढाल और मुगलों के लिए काल कहा जाता है। मध्यकालीन इतिहास इस बात की गवाही देता है कि अरावली के दुर्गम पहाड़ों ने महाराणा प्रताप जैसे योद्धाओं को मुगलों के खिलाफ छापामार युद्ध के लिए सुरक्षित स्थान दिया था। कुंभलगढ़ और चित्तौढ़गढ़ जैसे प्रसिद्ध किले भी इसी श्रृंखला का हिस्सा हैं। अरावली पर्वत श्रृंखला पिछले कुछ दिनों से चर्चा में आई जब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के आलोम में विकास बनाम प्राकृति के संरक्षण को लेकर जबरदस्त बहस छिड़ गई। जिस देश में पेड़ों की सुरक्षा के लिए लोगों ने अपनी जानें दी हों उस समाज में प्रकृति के संरक्षण को लेकर प्रतिक्रिया होनी स्वाभाविक है। सन् 1730 में राजस्थान के खेजड़ी गांव में बिश्नोई समाज के 363 लोगों ने पेड़ों को काटने से बचाने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया था। अंततः राजा को अपना आदेश वापस लेना पड़ा था और बिश्नोई गांव के आसपास के पेड़ों को संरक्षित घोषित कर दिया गया था। देशभर में जागरूक समाज और पर्यावरणविदों ने पहाड़ बचाने के लिए आवाज बुलंद की क्योंकि पहाड़ बचेंगे तो जीवन बचेगा। यह सवाल उठ खड़ा हुआ कि अगर प्रकृति का बेलगाम दोहन जारी रहा तो जीवन नहीं बचेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था दी कि 100 मीटर ऊंचे पहाड़ों को ही अरावली की पहाड़ियां माना जाएगा। अरावली की नई परिभाषा को लेकर बहुत सारी आशंकाओं ने जन्म ले लिया कि अगर 100 मीटर से कम ऊंचाई वाली पहाड़ियों पर खनन निर्माण और अन्य गतिविधियां जारी रहीं तो इसके गम्भीर पर्यावरणीय प्रभाव होंगे। लोग सड़कों पर उतरने लगे। सोशल मीडिया पर अरावली बचाओ अभियान ट्रेंड करने लगे। केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव ने भी 100 मीटर के नियम पर फैले भ्रम को दूर करने का प्रयास करते हुए कहा कि जब तक नई खनन योजना तैयार नहीं हो जाती तब तक कोई नया पट्टा नहीं दिया जाएगा। इसी बीच सुप्रीम कोर्ट ने भी इस मामले के खिलाफ हरियाणा के रिटायर्ड वन संरक्षक आर.पी.बलवान की याचिका स्वीकार कर ली है। यह मामला पुराने टीएन गोदावरमन थिरुमुलपाद बनाम यूनियन ऑफ इंडिया केस से जुड़ा है, जिसमें 1996 में सुप्रीम कोर्ट ने 'वन' की व्यापक परिभाषा दी थी। नवंबर 2025 में कोर्ट ने पर्यावरण मंत्रालय की कमेटी की सिफारिश को मानते हुए अरावली पहाड़ियों की एक समान परिभाषा तय की थी इसके तहत स्थानीय स्तर से 100 मीटर या उससे ज्यादा ऊंची पहाड़ियां ही अरावली मानी जाएंगी, साथ ही उनकी ढलान और आसपास की जमीन भी इसी दायरे में आएगी लेकिन याचिकाकर्ता का कहना है कि इससे 100 मीटर से कम ऊंची पहाड़ियां सुरक्षा से बाहर हो जाएंगी जिससे पर्यावरण को बड़ा नुकसान होगा। महत्वपूर्ण सवाल यह है कि अरावली की सही परिभाषा क्या हो पिछले कुछ दशकों से अवैध खनन माफिया और न्यू माफिया ने पहाड़ों को निगल लिया है और वहां कंक्रीट की कालोनियां खड़ी कर दी हैं। एक बार खनन का दरवाजा खुला तो अवैध खनन माफिया फिर सक्रिय हो जाएगा।

---

### प्रधानमंत्री की कार्यशैली ने जनता के मन में यह भरोसा पैदा किया है कि देश सुरक्षित हाथों में है

# सफलताओं ने भविष्य की राजनीति की दिशा तय कर दी

**भाजपा की जीत का मूलमंत्र है जन विश्वास**

**साल 2025 भारतीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक और निर्णायक वर्ष बनकर सामने आया। यह वर्ष केवल चुनावी आंकड़ों की कहानी नहीं बयां करके जा रहा है बल्कि उस गहरे जन विश्वास का साक्ष्य देकर जा रहा है जो भाजपा ने निरंतर अपने कार्य, नीति और संगठनात्मक अनुशासन से अर्जित किया है। साल की शुरुआत से लेकर अंत तक, चाहे दिल्ली विधानसभा चुनाव हों, विभिन्न राज्यों के नगर निकाय और पंचायत चुनाव हों या फिर बिहार विधानसभा का महासंग्राम, भाजपा ने हर मोर्चे पर यह साबित कर दिया कि वह आज भी जनता की पहली पसंद बनी हुई है।**

साल की शुरुआत दिल्ली विधानसभा चुनाव से हुई, जहां भाजपा ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि देश की राजधानी को स्थिर, सक्षम और दूरदर्शी शासन की आवश्यकता है। विकास, बुनियादी सुविधाओं, स्वच्छ प्रशासन और राष्ट्रीय दृष्टि के मुद्दों को केंद्र में रखकर लड़ा गया यह चुनाव मुफ्त सौगातों की राजनीति करने वालों पर भारी पड़ा।

साल 2025 भारतीय राजनीति में भारतीय जनता पार्टी के लिए एक ऐतिहासिक और निर्णायक वर्ष बनकर सामने आया। यह वर्ष केवल चुनावी आंकड़ों की कहानी नहीं बयां करके जा रहा है बल्कि उस गहरे जन विश्वास का साक्ष्य देकर जा रहा है जो भाजपा ने निरंतर अपने कार्य, नीति और संगठनात्मक अनुशासन से अर्जित किया है। साल की शुरुआत से लेकर अंत तक, चाहे दिल्ली विधानसभा चुनाव हों, विभिन्न राज्यों के नगर निकाय और पंचायत चुनाव हों या फिर बिहार विधानसभा का महासंग्राम, भाजपा ने हर मोर्चे पर यह साबित कर दिया कि वह आज भी जनता की पहली पसंद बनी हुई है।

साल की शुरुआत दिल्ली विधानसभा चुनाव से हुई, जहां भाजपा ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि देश की राजधानी को स्थिर, सक्षम और दूरदर्शी शासन की आवश्यकता है। विकास, बुनियादी सुविधाओं, स्वच्छ प्रशासन और राष्ट्रीय दृष्टि के मुद्दों को केंद्र में रखकर लड़ा गया यह चुनाव मुफ्त सौगातों की राजनीति करने वालों पर भारी पड़ा। दिल्ली के मतदाता ने यह महसूस किया कि भाजपा केवल वादे नहीं करती, बल्कि परिणाम देती है। इस जीत ने वर्ष 2025 के राजनीतिक स्वर को साल के शुरू में ही तय कर दिया था।

दिल्ली विधानसभा चुनावों के बाद महाराष्ट्र, गोवा, अरुणाचल प्रदेश, असम जैसे राज्यों में हुए नगर निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा की अपार सफलता ने यह साबित कर दिया कि पार्टी की पकड़ केवल विधानसभा और लोकसभा तक सीमित नहीं है। महाराष्ट्र के शहरी निकायों से लेकर असम और अरुणाचल के गांवों तक, भाजपा ने स्थानीय मुद्दों को समझते हुए विकास का भरोसा दिया। गोवा में स्थिर प्रशासन और पारदर्शिता की छवि ने मतदाताओं को प्रभावित किया, जबकि पूर्वोत्तर राज्यों में बुनियादी ढांचे, कनेक्टिविटी और केंद्र सरकार की सक्रिय भागीदारी ने भाजपा को मजबूत आधार प्रदान किया। पंचायत और निकाय स्तर पर मिली ये जीतें इस बात का प्रमाण हैं कि भाजपा जमीनी राजनीति में भी अजेय होती जा रही है।भाजपा की इस निरंतर विजय का एक प्रमुख आधार है उसका मजबूत संगठन और बूथ स्तर तक फैला कार्यकर्ता नेटवर्क। पार्टी सभी चुनावों को एक मिशन के रूप में लड़ती है। हर बूथ पर कार्यकर्ता की जिम्मेदारी तय होती है, मतदाता से सीधा संवाद स्थापित किया जाता है और स्थानीय समस्याओं को एजेंडे में शामिल किया जाता है। यही कारण है कि भाजपा अक्सर वहां भी चमत्कार कर दिखाती है, जहां मुकाबला कठिन माना जाता है। संगठन की यह तल्लीनता और अनुशासन भाजपा को अन्य दलों से अलग खड़ा करता है। इस पूरी विजय यात्रा के केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नेतृत्व सबसे बड़ी शक्ति बनकर उभरा है। मोदी का नेतृत्व जनता को इसलिए भा रहा है क्योंकि उनमें निर्णय क्षमता, स्पष्ट दृष्टि और राष्ट्र प्रथम का भाव साफ दिखाई देता है। प्रधानमंत्री की कार्यशैली ने जनता के मन में यह भरोसा पैदा किया है कि देश सुरक्षित हाथों में है।

चाहे राष्ट्रीय सुरक्षा का सवाल हो, आर्थिक सुधार हों या फिर गरीब और मध्यम वर्ग के कल्याण की योजनाएं, मोदी के नेतृत्व में लिए गए फैसलों ने भाजपा को एक विश्वसनीय राजनीतिक विकल्प के रूप में स्थापित किया है। चुनावों में यह भरोसा मतों में बदलता हुआ साफ नजर आता है। इसके अलावा, साल 2025 में पार्टी को नया राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मिलना भी इस विजय गाथा का अहम अध्याय है। यह बदलाव भाजपा की विचार आधारित राजनीति का उदाहरण है। माना जा रहा है कि नए अध्यक्ष के साथ संगठन में नई ऊर्जा और नई रणनीति देखने को मिलेगी। नेतृत्व परिवर्तन को सहजता से स्वीकार करना भाजपा की आंतरिक लोकतांत्रिक परंपरा को दर्शाता है, जहां व्यक्ति से अधिक संगठन और विचारधारा को महत्व दिया जाता है। साथ ही बिहार में मंत्री रहे नितिन नबीन को राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाना यह भी दर्शाता है कि भाजपा में कोई साधारण कार्यकर्ता भी अपने परिश्रम के चलते राष्ट्रीय स्तर पर नेतृत्व करने की भूमिका में आ सकता है। इसके अलावा, एनडीए के सहयोगियों के साथ तालमेल भाजपा की एक और बड़ी ताकत साबित हुआ है। साल 2025 में यह साफ दिखा कि भाजपा गठबंधन को मजबूरी नहीं, बल्कि सामूहिक शक्ति के रूप में देखती है। क्षेत्रीय दलों को सम्मान, स्पष्ट भूमिका और साझा विकास एजेंडा देकर भाजपा ने एनडीए को अजेय गठबंधन में बदल दिया। इसी एकजुटता का परिणाम रहा कि देश के अलग अलग हिस्सों में एनडीए का विजय रथ बिना रुके आगे बढ़ता रहा। साल के अंत में बिहार विधानसभा चुनाव इस पूरे वर्ष की राजनीति का निर्णायक मोड़ बने। बिहार में भाजपा ने जातीय राजनीति से ऊपर उठकर विकास, रोजगार, कानून व्यवस्था और युवाओं के भविष्य को केंद्र में रखा। आक्रामक लेकिन तथ्य आधारित प्रचार ने जनता को यह सोचने पर मजबूर किया कि राज्य को स्थायी और मजबूत शासन की जरूरत है। बिहार की जीत ने यह साबित कर दिया कि भाजपा सामाजिक समीकरणों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में



सफल रही है। देखा जाये तो भाजपा की लगातार जीत का मूल कारण है जन विश्वास। यह विश्वास भाषणों से नहीं, बल्कि काम से बना है। गरीब कल्याण, किसान सहायता, महिला सशक्तिकरण, बुनियादी ढांचे का विस्तार और वैश्विक मंच पर भारत की मजबूत उपस्थिति ने आम नागरिक के मन में गर्व और भरोसा दोनों को मजबूत किया है। विपक्ष जहां आरोपों और भ्रम की राजनीति में उलझा रहा, वहीं भाजपा ने हर सवाल का जवाब अपने काम से दिया।

बहरहाल, साल 2025 की यह विजय गाथा स्पष्ट संकेत देती है कि भाजपा केवल वर्तमान की सत्ता नहीं, बल्कि भविष्य की राजनीति की दिशा तय करने वाली शक्ति बन चुकी है। मजबूत नेतृत्व, संगठित कार्यकर्ता, सशक्त एनडीए और अटूट जन समर्थन के साथ भाजपा का राजनीतिक अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है और आने वाले वर्षों में भी यह विजय क्रम थमता हुआ नहीं दिखता।

*- लेखक : नीरज कुमार दुबे*

---

# मनरेगा का नाम परिवर्तन सुनियोजित षड़यंत्र

**महापुरुषों के नाम पर हो रही राजनीति**

**भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा का नाम बदलकर वीबी - जी राम जी कर दिया है। संसद में प्रतिपक्ष दलों ने इस नाम बदलने का तीखा विरोध किया और जो होना स्वाभाविक भी था। भाजपा और उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ न केवल 11 वर्षों से बल्कि अगर इतिहास में जाया जाए तो 1930 के बाद से ही महात्मा गांधी को बदनाम करने, उनका अपमान करने व उनके विरुद्ध अन्य प्रकार के झूठ फैला रही है और अब इन पिछले 11 वर्षों में इसमें ज्यादा गति आई है, क्योंकि सरकार का संरक्षण है।**

भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा का नाम बदलकर वीबी - जी राम जी कर दिया है। संसद में प्रतिपक्ष दलों ने इस नाम बदलने का तीखा विरोध किया और जो होना स्वाभाविक भी था। भाजपा और उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ न केवल 11 वर्षों से बल्कि अगर इतिहास में जाया जाए तो 1930 के बाद से ही महात्मा गांधी को बदनाम करने, उनका अपमान करने व उनके विरुद्ध अन्य प्रकार के झूठ फैला रही है और अब इन पिछले 11 वर्षों में इसमें ज्यादा गति आई है, क्योंकि सरकार का संरक्षण है। स्व. बाल ठाकरे की मृत्यु के बाद राजकीय शोक घोषित किए जाने पर एक छात्रा ने सोशल मीडिया पर टिप्पणी की थी और जिस प्रकार उसे गिरफ्तार किया गया था, जिसे बाद में न्यायपालिका ने रिहा करने का आदेश दिया और कार्यवाही पर रोक लगाई, परंतु आज तक देश में महात्मा गांधी के खिलाफ गंदी-गंदी टिप्पणी करने वालों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। व्यक्तिगत तौर पर मैं ऐसे मामलों में कानूनी कार्रवाई का पक्षधर नहीं हूं, क्योंकि मैं मानता हूं कि कार्रवाई या दंड से विचार नहीं मरते। मैं चाहता हूं कि समाज के लोग आगे आकर ऐसे झूठे आरोपों का प्रतिकार कर सुनियोजित झूठ फैलाने वालों को तार्किक उत्तर देकर निरुत्तर करें। बाल ठाकरे की घटना का उल्लेख तो मैंने यह बताने के लिए किया है कि देश में दो प्रकार के कानून चलते हैं। यह भी आश्चर्यजनक है कि संघ-भाजपा के लोग अभी तक ऊपरी तौर पर महात्मा गांधी के प्रति श्रद्धा का भाव प्रकट करते हैं, परंतु उनके ही नीचे के अनुयायी महात्मा गांधी के खिलाफ गंदे शब्दों के प्रयोग करते हैं। ऊपर से नमन और नीचे से कटन की यह संघ की शिक्षा है, इसके बहुत सारे प्रमाण मैं दे सकता हूं, परंतु अभी वह मेरा विषय नहीं है।

भाजपा के नेताओं और सत्ताधीशों के लिए शब्द कितने अर्थहीन हैं और केवल शब्दों तक सीमित हैं इसका प्रमाण उस दिन मिला जब संसद में उत्तर देते हुए कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि महात्मा गांधी हमारे दिलों में हैं। यह कितना विचित्र था कि जिनके दिलों में महात्मा गांधी हैं उनके कागजों से महात्मा गांधी हटाए जा रहे हैं। यह दिल, दिमाग और शब्दों की कागजों से दूरी शोध का विषय है। मुझे ऐसा लगता है कि महात्मा गांधी के नाम को हटाने के पीछे संघ के तीन उद्देश्य हैं-

एक वे देखना और तोलना चाहते हैं कि महात्मा गांधी का नाम हटाने पर देश में क्या प्रतिक्रिया होती है? अगर कोई भी प्रतिक्रिया नहीं हुई तो उनका अगला चरण नोटों पर से भी गांधी का चित्र हटाने का हो सकता है। उन्हें अंतरमन से गांधी से इतनी घृणा है कि वह गांधी की हर याद को मिटाना चाहते हैं। यह प्रयोग उन्होंने सरकार बनने के बाद तब भी किया था जब केंद्र सरकार ने सफाई का अभियान चलाया था और जिन महात्मा गांधी ने 19वीं सदी के आरंभ से ही जब न संघ का जन्म भी नहीं हुआ था, न मोदी का, तब सफाई का अभियान और संदेश दुनिया को दिया था। तब भी उसमें बापू का चित्र कहीं नजर नहीं आया केवल चश्मा रखा गया, ताकि कोई आरोप लगे तो कहा जाए कि हमने बापू का चश्मा लिया है।

दरअसल सरकार को मनरेगा के जो मूल प्रावधान थे उनमें ही परिवर्तन करना था क्योंकि मनरेगा जैसी योजना उनकी नीति के अनुकूल नहीं है। 2014 से 19 के बीच उन्होंने मनरेगा का बजट कम किया था, यहां तक कि काफी समय तक काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी तक नहीं चुकी थी, फिर कई महीनों के बाद लाचार होकर लंबित राशि का एक हिस्सा जारी किया गया। हालांकि वह भी आवश्यकता के अनुसार और लंबित भुगतान के अनुसार पर्याप्त नहीं था। दरअसल मोदी सरकार इस योजना से मुक्ति चाहती है। इस योजना में जो संशोधित प्रावधान किए गए हैं वह बहुत ही चलाकी भरे और अप्रत्यक्ष रूप से कानून को अप्रभावी बनाने वाले हैं। जैसे यह कहा गया है कि सरकार ने कार्य दिवस बढ़कर वर्ष में 100 दिन से 125 दिन कर दिए हैं, परंतु इसके साथ यह भी प्रावधान कर दिया गया है कि यह रोजगार उपलब्ध बजट के अनुसार ही दिए जाएंगे, यानी पहले मनरेगा में न्यूनतम 100 दिन काम देने की सरकार को बाध्यता थी अब सीमा तो 125 दिन की गई है, परंतु बाध्यता नहीं है। जितना पैसा होगा उतने ही दिन काम दिया जाएगा और इसका अर्थ हुआ कि जब बजट नहीं मिलेगा तो काम नहीं मिलेगा। तथा अपने आप बाध्यता की बजाय योजना सरकार के मन पर निर्भर करेगी। सरकार ने नाम बदलने और महात्मा गांधी के नाम की बजाय वीबी राम जी नाम करने के पीछे यह भी रणनीति दिखती है कि प्रतिपक्ष महात्मा गांधी के नाम को लेकर हल्ला गुल्ला करेगा, बहस करेगा, विरोध करेगा और हुआ भी तो भी उन प्रावधानों पर कोई चर्चा नहीं हो सकेगी, जो मनरेगा की मूल आत्मा और विचार को समाप्त करने वाले हैं तथा मौका पाकर भाजपा यह भी प्रचारित करेगी कि हमने तो राम का नाम जोड़ा है, प्रतिपक्ष राम को नहीं मानता इसलिए विरोध कर रहा है और मुझे लगता है कि प्रतिपक्ष जाने अनजाने में भाजपा नेतृत्व के षड़यंत्र का शिकार हो गया। अच्छा होता कि पहले उन प्रावधानों पर संसद में बहस होती जिनके माध्यम से मनरेगा कानून को निष्प्रभावी बनाने का प्रयास भाजपा सरकार द्वारा किया गया है,

सरकार इन समस्याओं को तथ्यों सहित संसद में प्रस्तुत करती। हालांकि इन प्रक्रियाओं की त्रुटि का संबंध कानून के नाम से नहीं है। क्या वीबी रामजी के नाम हो जाने से ग्रामीण स्तर पर हो जाने वाला उपरोक्त भ्रष्टाचार रुक जाएगा? इसलिए नाम बदलने की अनुपयोगिता सरकार की मंशा और प्रतिपक्ष को बहिष्कार के लिए बाध्य कर उल्टे जाल में फंसने का षड़यंत्र स्पष्ट होता है। हालांकि प्रतिपक्ष की भी अनेकों कमियां हैं, जो न केवल राजनीतिक हैं, बल्कि महात्मा गांधी के प्रति उनकी निष्ठा के अभाव और दिखावे की प्रतीत होती हैं। क्या यह



उचित नहीं होता कि प्रतिपक्ष इस मुद्दे को लेकर समूचे भारत बंद का आव्हान करता और मैं दावे के साथ कहता हूं कि समूचे देश में इसका बहुत प्रभाव पड़ता और शहर कस्बे तो दूर गांव-गांव तक बंद रहते। परंतु प्रतिपक्ष ने भी इतनी बड़ी घटना को बहुत हल्के में लेने का अपराध किया है। कांग्रेस पार्टी की एक नेता के संसद समाप्ति के बाद स्पीकर के कक्ष में प्रधानमंत्री के साथ हंसते मुस्कुराते चाय पीते फोटो सारे देश ने देखे हैं। क्या इस फोटो में कहीं महात्मा गांधी के नाम हटाए जाने की पीड़ा नजर आती है? क्या प्रतिपक्ष को उस दिन चाय पार्टी का बहिष्कार नहीं करना चाहिए था? एक प्रतिपक्षी नेता उस दिन बीएमडब्ल्यू कंपनी के मुख्यालय में कार देख रहे थे, क्या यह राष्ट्रपिता के अपमान के प्रति गंभीरता का व्यवहार है? मैं खेद के साथ यह लिखने को बाध्य हूं कि संघ-भाजपा महात्मा गांधी के नाम को हटाने की अपराधी है। और देश के मुख्य प्रतिपक्ष दल राष्ट्रपिता के अपमान को शाब्दिक व हल्केपन से लेने के अपराधी हैं।

*- लेखक : रघु ठाकुर*

---

**आचरण : साहित्य एवं चिंतन**

# संघ के विचार एवं स्वरूप को बताने वाली एक जरूरी पुस्तक


**पुस्तक - 100 वर्ष की संघ-यात्रा नए क्षितिज**
**व्याख्यान - डॉ. मोहन भागवत**
**प्रकाशक - सुरुचि प्रकाशन, केशव कुंज, झण्डेवाला, नई दिल्ली - 110055**
**मूल्य - 50/-**

संघ अर्थात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के सौ वर्ष मना रहा है। इस लम्बी यात्रा में उसने अनेक उतार-चढ़ाव देखे हैं किन्तु संघ की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि वह एवं उसके कार्यकर्ता अपने विचारों से डिगे नहीं। यही मूल कारण था कि संघ आज अपने पूरे गौरव एवं विचारों के साथ अपने अस्तित्व का झंडा फहरा रहा है। संघ के सौ वर्ष मनाने के लिए कई आयोजन हुए जिनमें व्याख्यान भी थे। डॉ. माहन भागवत जो संघ के एक सक्रिय एवं सुदृढ़ स्तम्भ हैं उनके तीन व्याख्यानों की एक ऐसी पुस्तक प्रकाशित हुई है जिससमें संघ के अस्तित्व में आने, उसके सघर्ष तथा अपने लक्ष्य के प्रति अडिग रहने का विस्तृत विवरण है। इस पुस्तक का नाम है ''100 वर्ष की संघ-यात्रा नए क्षितिज''।

डॉ. मोहन भागवत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वर्तमान सरसंघचालक (प्रमुख) हैं, जिन्हें 2009 में इस पद पर चुना गया था और वे संघ के एक व्यावहारिक, दूरदर्शी और आधुनिक विचारों वाले नेता माने जाते हैं। उन्होंने सदा हिन्दू एकता और राष्ट्रवाद पर जोर दिया। मोहन भागवत का जन्म 11 सितंबर, 1950 को चंद्रपुर, महाराष्ट्र में हुआ था।

उन्होंने पशु चिकित्सा का अध्ययन किया तथा वे एक पशु चिकित्सक भी हैं। यद्यपि आपातकाल के दौरान अपनी पशु चिकित्सा की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी और संघ के पूर्णकालिक प्रचारक बन गए। सन 2009 से संघ का नेतृत्व कर रहे हैं। वे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सबसे प्रमुख नेतृत्वकर्ताओं में से एक हैं तथाअपनी विचारों की स्पष्टता के लिए जाने जाते हैं। डॉ. मोहन भागवत का परिवार तीन पीढ़ियों से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघसे जुड़ा है। उनके पिता मधुकर राव भागवत भी एक प्रमुख संघ कार्यकर्ता थे।

विगत विजयादशमी को अर्थात 2 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को 100 वर्ष पूर्ण हुए। अतः




शताब्दी वर्ष मनाया जाना स्वाभाविक था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने दिनांक 26, 27 और 28 अगस्त को, दिल्ली के विज्ञान भवन में ''100 वर्ष की संघ यात्राः नए क्षितिज'' इस शीर्षक से एक व्याख्यानमाला आयोजित की थी। इस व्याख्यानमाला को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत जी ने संबोधित किया। इस कार्यक्रम में देश-विदेश के गिने-चुने लोग आमंत्रित थे। कुल 1500 लोगों ने इस त्रि दिवसीय व्याख्यानमाला को सुना। इनमें, कुछ देशों के राजनयिक भी सम्मिलित थे। विशेष बात यह कि सरसंघचालक जी जब हिंदी में बोल रहे थे, तभी उसे अंग्रेजी, फ्रेंच, स्पेनिश और जर्मन भाषा में भी सुनने की व्यवस्था थी।

पहले दिन सरसंघचालक जी ने 100 वर्ष की संघ की यात्रा का वर्णन किया। संघ की स्थापना की आवश्यकता का विवेचन किया। दूसरे दिन, संघ कार्य की आगामी दिशा क्या रहेगी, संघ का लक्ष्य क्या होगा, आने वाले समय की संघ की सोच क्या रहेगी, इन विषयों पर चर्चा की। अंतिम दिन, श्रोताओं के प्रश्नों के उत्तर दिए। इस व्याख्यानमाला को एक पुस्तक के रूप में प्रकाशित किए जाने की आवश्यकता का अनुभव हुआ और परिणाम स्वरूप ''100 वर्ष की संघ यात्राः नए क्षितिज'' पुस्तक प्रकाशित हुई।

इस पुस्तक में डॉ. मोहन भागवत के कुल तीन व्याख्यान हैं। अपने प्रथम व्याख्यान में डॉ भागवत ने संघ की निर्मिति का प्रयोजन बताने के साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन की चार धाराओं पर प्रकाश डाला है। इसके साथ ही उन्होंने संघ के संस्थापक डॉ. हेडगेवार के जीवन का विस्तृत परिचय दिया है कि किस प्रकार के वातारण में वे जन्में, कैसे उनके विचारों का विकास हुआ तथा उन्हें संघ की स्थापना की आवश्यकता क्यों महसूस हुई। संघ ने अपनी औपचारिक शुरुआत नागपुर में डॉक्टर हेडगेवार के नेतृत्व में की। उस समय का औपनिवेशिक समाज स्वतंत्रता की लड़ाई में संघर्षरत था और इसी बीच संघ ने समरसता और समाज की एकजुटता का संदेश दिया। संघ का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त कुरीतियों का निराकरण करते हुए राष्ट्र प्रथम की भावना को बढ़ावा देना था। संघ ने स्वतंत्रता के बाद भी समाज में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए भारतीय नागरिकों में राष्ट्रप्रेम और समर्पण का भाव जगाया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की दैनिक शाखाओं ने स्वयंसेवकों में न केवल सौहार्द और प्रेम का भाव जगाया, बल्कि मजबूत नेतृत्व और कौशल क्षमता जैसे गुणों का भी विकास किया।

संघ की शाखाओं से निकले कई स्वयंसेवक आज राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण नेतृत्व कर रहे हैं। संघ समय-समय पर समाज में बंधुत्व और सामाजिक सौहार्द बढ़ाने हेतु साल भर चलने वाले कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इन कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को एकजुट करना और उन्हें राष्ट्र की सेवा में योगदान देने के लिए प्रेरित करना है। स्वतंत्रता के बाद संघ ने पर्दे के पीछे एक मजबूत स्तंभ के रूप में काम करते हुए भारतीय समाज के विभिन्न अवयवों को एकत्रित किया। संघ ने नागरिकों में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना को प्रबल किया और समाज में वैमनस्य को खत्म करने का प्रयास किया।

संघ ने अपने मूल वैचारिक अधिष्ठान से कभी समझौता नहीं किया और सदैव सामाजिक सौहार्द की दिशा में कार्य किया। आज, संघ अपनी अनवरत यात्रा में 100 वर्षों का मील का पत्थर पार कर एक नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की यात्रा तमाम चुनौतियों और झंझावातों से भरी रही है, लेकिन संघ ने हमेशा अपने मूल्यों और लक्ष्यों को कायम रखा। संघ का यह अनवरत प्रयास समाज को एकजुट करने और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करता रहा है।



समीक्षक :
- डॉ. (सुश्री) शरद सिंह

अपने प्रथम व्याख्यान में ही डॉ. भागवत ने सम्पूर्ण हिन्दू समाज संगठन के बारे में भी गहराई से चर्चा की है। ऐसा करते हुए उन्होंने हिन्दू का वास्तविक अर्थ तथा राष्ट्र प्रेम के स्वरूप पर भी समुचित प्रकाश डाला है।

अपने दूसरे व्याख्यान में डॉ. मोहन भागवत ने ''संघ कार्य, हिम्मत वालों का काम'' कहते हुए संघ के नए क्षितिज की चर्चा की है। उनका कहना है कि सब अपने हैं। सारी विविधता, एकता का ही आविष्कार है। धर्म की उपादेयता पर उनका मानना है कि धर्म की रक्षा सबकी रक्षा है अतः धर्म को सकारात्मक दृष्टि से समझते हुए उसके प्रति अनुराग रखना चाहिए। अपने इस दूसरे व्याख्यान में डॉ. मोहन भागवत ने ''भारतवर्ष के लाइफ मिशन'' पर भी प्रकाश डाला है तथा संघ के नए क्षितिज के रूप में संघ में नए गए नूतन परिवर्तनों की चर्चा की है। ''दुनिया देखो, अपना देश, पड़ोस भी देखों' का आव्हान करते हुए डॉ. भागवत ने पर्यावरण संरक्षण स्वभूषा, स्वखानपान, स्वदेशी के महत्व को विस्तार से समझाया है।

तीसरे व्याख्यान का स्वरूप जिज्ञासा समाधान का है जिसमें शिक्षा संस्कार, भारतीय ज्ञान परंपरा, संघ एवं भाजपा, राजनीति, अखंड भारत, सामाजिक समरसता, आरक्षण तथा अन्य समसामयिक विषयों को व्याख्यात्मक ढंग से समझाया है।

वस्तुतः डॉ. मोहन भागवत की यह पुस्तक राष्ट्रीय सेवक संघ के स्वरूप को समझने में अत्यंत सहायक है। इस पुस्तक को पढ़ने के बाद संघ से जुड़े कई भ्रम भी दूर होते हैं तथा संघ के उद्देश्यों की जानकारी मिलती है। जो पाठक राष्ट्रीय सेवक संघ के बारे में गहराई से जानना चाहते हैं उनके लिए यह पुस्तक बहुत उपयोगी है।



आप अपनी समस्यायें, विचार, लेख, कविताएं, कहानियां इस पते पर भेजें -समयानुसार प्रकाशित किया जाएगा।
पताः- दैनिक आचरण, रेल्वे स्टेशन के सामने, सागर ई. मेल :- aacharan_sagar@yahoo.com
कृपया अपना मोबाइल नं. अवश्य लिखें।

## संक्षिप्त समाचार

### बुंदेलखंड ग्रामोदय संकल्प अभियान की द्वितीय संकल्प सभा आयोजित

**बण्डा, आचरण।** बुंदेलखंड ग्रामोदय संकल्प अभियान के तहत द्वितीय संकल्प सभा का सफल आयोजन स्थानीय वार्ड क्रमांक 11 में किया गया। इस कार्यक्रम में अभियान के केंद्रीय संयोजक आशीष जैन ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बुंदेलखंड क्षेत्र में ग्रामीण विकास, स्वावलंबन व सामुदायिक नेतृत्व पर जोर दिया। श्री जैन ने आशीष जैन ने कहा कि बुंदेलखंड के गांवों को मजबूत बनाने और स्थानीय समस्याओं का समाधान करने के लिए यह अभियान निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर अभियान के लक्ष्यों को प्राप्त करने का आह्वान किया। इस अवसर पर राजेश चौरसिया, शुभम तिवारी, हरिसिंह लोधी, राजेश जाटव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### डॉ विशाल श्रीवास्तव को आरकेडीएफ विश्वविद्यालय भोपाल से मिली पीएचडी की उपाधि

**बण्डा, आचरण।** स्थानीय शांतिनगर निवासी



वरिष्ठ अधिवक्ता रासबिहारी श्रीवास्तव के पुत्र डॉ विशाल श्रीवास्तव को राम कृष्ण धर्मार्थ फाउंडेशन विश्वविद्यालय, भोपाल ने अभियांत्रिकी संकाय में शोध कार्य के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉस्फी पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य अभियांत्रिकी संकाय के प्राध्यापक एवं विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ सुनील पाटिल के मार्गदर्शन में एनर्जी एफिशिएंट एंड सिक्योर टास्क ऑफलोडिंग यूजिंग डीप लर्निंग इन ग्रीन आईओटी विषय पर पूरा किया। इस उपलब्धि पर डॉ विशाल श्रीवास्तव को परिवारजन, मित्रों और शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित की है।

### रतनारी, सिमरिया, बंदिया, एवं बजरंग वार्ड की क्रिकेट टीमें मैच जीती

**गढ़ाकोटा, आचरण।** दशहरा मैदान में चल रही विधानसभा स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें दिन सोमवार को 8 टीमों के बीच मैच खेले गए। जिनमें बंदिया एवं रमना, नौजवान बुजुर्ग इलेवन एवं बजरंग वार्ड, रमना, एवं सिमरिया, रतनारी एवं छुल्ला के बीच मैच खेले गए। जिसमें रतनारी, सिमरिया, बंदिया एवं बजरंग वार्ड की क्रिकेट टीमें मैच जीती। अंपायर बुग्गन पठान, दिब्बू पटेल, स्कोरर सतीश वाल्मीकि, कमेंटेटर फरहान अली थे। टूर्नामेंट आयोजन पार्षद शेख सगीर कुरैशी राजू चच्चा है। मैच के मुख्य अतिथि बेलई सरपंच नासिर खान, पार्षद किशोरी लाल कोरी, इंद्रजीत चौहान, नीलेश दुबे, रमेश मिश्रा, नाथूराम प्यासी थे। क्रिकेट देखने में बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे। आज गढ़ाकोटा नगर की 2 टीमें एवं टाईगर इलेवन, लगान, काछी पिपरिया, जामघाट ग्रामीण टीमों के बीच मैच खेले जाएंगे।

### हत्या मामले में फरार चल रहे अपराधी को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर, आचरण।** पुलिस ने थाना शाढौरा के हत्या के सनसनीखेज मामले में फरार चल रहे 5000 रुपये के इनामी फरारी गिरफ्तारी वारंटी रामभरोसा पुत्र काशीराम शिकारी उम्र 60 साल निवासी ग्राम दर्रेसी थाना शाढौरा जिला अशोकनगर को गिरफ्तार किया गया है। रामभरोसा शिकारी के विरुद्ध 1993 में थाना शाढौरा क्षेत्र में हत्या का सनसनी खेज मामला दर्ज हुआ था। आरोपी लंबे समय से गिरफ्तारी से बचने के कारण उसके ठिकानों पर कई बार दबिश दी जा रही थी। रविवार को मुखबिर की सूचना पर से ग्राम दर्रेसी थाना शाढौरा जिला अशोकनगर से रामभरोसा को गिरफ्तार किया गया।

### पशुओं से भरा ट्रक जब्त

**अशोकनगर, आचरण।** पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सेहराई उनि धर्मेश दांगी द्वारा क्रूरतापूर्वक पशुओं से भरा ट्रक जब्त कर 62 भैंसों को मुक्त कराया गया है। उल्लेखनीय है कि रविवार और सोमवार की दरमियानी रात्रि को थाना सेहराई अंतर्गत एक्सीडेंट की सूचना प्राप्त हुई जिस पर थाना प्रभारी द्वारा मय पुलिस बल के द्वारिका ढाबा स्थल पर पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया गया। मौके पर एक कार अर्टिगा क्षतिग्रस्त अवस्था में खड़ी पाई गई। फरियादी के कथन अनुसार एक टाटा कंपनी का ट्रक क्रमांक एमपी 09 एचएच 5280 द्वारा दुर्घटना कारित की गई थी। प्रकरण में ट्रक चालक के विरुद्ध देहाती नालसी के आधार पर अपराध पंजीबद्ध किया गया।

---

**दुर्घटना : डंपर को ओवरटेक करने के प्रयास में कार खंती में उतरी**

# गढ़ाकोटा रोड पर दो डंपर और कार टकराई, सवारियां अस्पताल में भर्ती

आचरण संवाददाता





**सागर।** गढ़ाकोटा रोड पर सोमवार को दो डंपर और कार की भिड़ंत हो गई। घटना में कार सड़क किनारे खंती में उतर गई। कार सवार घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल भेजा गया है। कार गढ़ाकोटा से सागर की ओर आ रही थी तभी सानौधा थाना क्षेत्र के नयाखेड़ा से बरपानी के बीच डंपर को ओवरटेक करते समय मोड़ पर अचानक सामने डंपर आ गया। डंपर से बचने के चक्कर में कार अनियंत्रित हुई और सड़क किनारे खंती में उतर गई। वहीं डंपरों में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। घटना देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना के बाद सड़क पर क्षतिग्रस्त डंपर खड़े होने से सागर-गढ़ाकोटा मार्ग पर जाम लगा। दोनों तरफ करीब दो-दो किमी लंबी वाहनों की कतार लगी। सूचना पर पुलिस ने क्रेन को बुलाया। क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त डंपरों को सड़क से हटवाया। जिसके बाद मार्ग पर यातायात बहाल हो सका।

**दो डंपर, कार टकराएः** सानौधा थाना प्रभारी भरत सिंह ठाकुर ने बताया कि दो डंपर और कार में टक्कर हुई है। घटना में कार में सवार कुछ लोग घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल भेजा है। क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाया गया है। जिसके बाद सड़क पर यातायात सुचारू हो गया है।

---

## बीनावारह अतिशय क्षेत्र शांतिधाम में अगवानी हुई



आचरण संवाददाता

**महाराजपुर।** बीनावारह अतिशय क्षेत्र शांतिधाम आचार्य भगवान श्री विद्यासागर जी नवाचार्य श्री 108 समय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक श्रमण श्री 108 मुनि श्री अभय सागर जी महाराज का कल शाम को बीना जी बारह में भव्य अगवानी के साथ मंगल प्रवेश हुआ महाराज जी के ससंघ सानिध्य में बीना जी बारह में वार्षिक मेला महोत्सव का आयोजन शुभारंभ होने जा रहा जिसमें आज ध्वजा रोहन घटयात्रा मेला शुभारंभ का कार्यक्रम सम्पन्न होना है दिनांक 31 को शाम 7 बजे कलाकारों द्वारा भव्य महा आरती होना है। नए साल के आगवन में दिनांक 1/1/2026 को शांतिधारा के शांतिनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक होना है। जिसमें सभी स्धालुओं को बढ़-चढ़ कर भाग लेना है शाम 7 बजे से प्रसिद्ध कॉमेडियन कलाकार सुनील पाल एवं प्रसिद्ध कवियों के द्वारा कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सभी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होकर धर्म लाभ ले।

---

## मंडीबामोरा के कठरिया मार्केट में लगी आग, बीना में कपड़ों की दुकान खाक

आचरण संवाददाता



**बीना।** मंडीबामोरा के कठरिया मार्केट में रविवार रात भीषण आग लग गई। यह आग राहुल कठरिया के मकान के नीचे संचालित कपड़ों की दुकान में लगी, जिससे करोड़ का सामान जलकर खाक हो गया। प्रारंभिक आकलन के अनुसार, दुकानदार के अनुसार इस घटना में दो करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, राहुल कठरिया का मकान मंडी बामोरा की दूसरी लाइन में स्थित है। इसके ग्राउंड फ्लोर पर कपड़ों की दुकान थी, जबकि ऊपरी मंजिल पर उनका परिवार रहता है। रविवार रात करीब 12 बजे अज्ञात कारणों से दुकान में आग लग गई। आसपास के लोगों ने धुआं और लपटें देखकर तुरंत दुकान मालिक और उनके परिवार को सूचित किया। परिवार ने समय रहते मकान खाली कर दिया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

**फायर ब्रिगेड टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पायाः** आग की सूचना मिलने पर पुलिस को सूचित किया गया। इसके बाद रिफाइनरी, कुरवाई, खुरई और बीना से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन दुकान की अधिक गहराई और भीतर तक पानी न पहुंच पाने के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। आग काफी देर तक धधकती रही और दुकान पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई। कठरिया मार्केट में रात अचानक आग लग गई जिससे दुकानें खाक हो गई। कठरिया मार्केट में रात अचानक आग लग गई जिससे दुकानें खाक हो गई।

**कपड़ों की दुकान में खाक, कारणों की जांच जारीः** यह कपड़ों की दुकान प्रमोद कठरिया और अजय कठरिया की बताई जा रही है। दुकान में बड़ी मात्रा में कपड़े और अन्य सामग्री रखी हुई थी। आग लगने के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट या किसी अन्य तकनीकी खराबी की आशंका जताई जा रही है। पुलिस और प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने पंचनामा बनाकर जांच शुरू कर दी है, ताकि आग लगने के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

---

## मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रभारी का हुआ स्वागत, पूर्व सांसद को दी श्रद्धांजलि

आचरण संवाददाता



**जरूआखेड़ा।** सागर मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा चलाई जा रही 'चलो पंचायत की ओर' मुहिम के तहत संगठन के प्रदेश सह-प्रभारी रुपेश सिंह भदोरिया अल्प प्रवास पर सागर पहुंचे। ग्राम भैंसा स्थित युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष आदित्य चौधरी के निवास पर कार्यकर्ताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। तत्पश्चात सागर के वरिष्ठ नेता, पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक स्व. नंदलाल चौधरी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने दादाजी (स्व. नंदलाल चौधरी) के राजनीतिक योगदान को याद करते हुए युवाओं को उनके पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर जिला प्रभारी अपूर्व जैन एवं जिला सह-प्रभारी गौरव दीक्षित का भी कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। प्रदेश सह-प्रभारी भदोरिया ने उपस्थित युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि 'चलो पंचायत की ओर' अभियान का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर युवाओं को संगठित करना और जनसमस्याओं को उठाना है। युवा कांग्रेस ने आगामी अभियानों को लेकर विचार साझा किए और संगठन की मजबूती के लिए संकल्प लिया। स्वागत समारोह में प्रदेश सचिव अक्षय दुबे, जैद खान युवक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी पूर्व जिला अध्यक्ष राहुल चौबे जिला उपाध्यक्ष चक्रेश रोहित सागर विधानसभा अध्यक्ष सागर साहू खुरई विधानसभा अध्यक्ष अमित लोधी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश सचिव रितेश रोहित सागर ब्लॉक अध्यक्ष सत्यम रोहित, नैतिक चौधरी, आनंद अहिरवार, शिवा अहिरवार, पवन अहिरवार, मनीष नगेले, हिमांशु नगेले, धनंजय अहिरवार, शनि चौधरी एवं बड़ी संख्या में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और सभी साथी उपस्थित रहे।

---

## फूल-मालाएं छोड़ स्टेशनरी और स्वेटर-कंबलों से स्वागत कर रहे हैं लोग भूपेन्द्र सिंह का

आचरण संवाददाता

**बांदरी।** पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के फूल मालाओं के स्थान पर स्कूली स्टेशनरी व गरीबों के उपयोग की वस्तुओं से स्वागत करने का सिलसिला लगातार जारी है। अभी तक स्वागत में मिली लगभग दो लाख रुपए मूल्य की उपयोगी सामग्री का वितरण स्कूली बच्चों व जरूरतमंदों को किया जा चुका है। उन्होंने सेवन ग्राम में हुए ऐसे ही स्वागत की सामग्री यहां की हायर सेकेंडरी स्कूल में वितरित की जिसे प्राप्त कर छात्र-छात्राओं का उत्साह देखने योग्य रहा। समरसता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवन ग्राम पहुंचे पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह का आसपास के ग्रामवासियों और बांदरी नगरपरिषद क्षेत्र से पहुंचे लोगों ने क्रिकेट किट, कापी पेन, रजिस्टर, कंपास बाक्स, पानी बाटल, बैग, स्वेटरों, फलों और टॉफियों से भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में फूल मालाओं, गुलदस्तों का कोई स्थान नहीं था। स्वागत कर्ताओं ने चंदन हल्दी का तिलक लगाया गया और अपनी अपनी स्वागत सामग्री मुख्य अतिथि को प्रदान की जिससे मंच पूरा भर गया। पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने सामग्री वितरित कराने से पूर्व छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया। जिससे स्कूल में शिक्षा के स्तर, कार्यप्रणाली और आवश्यकताओं का पता लगा। उन्होंने अचानक विद्यार्थियों से पूछा कि राष्ट्रगान वंदे मातरम् किस-किस को आता है। तीन छात्राओं को माइक लेकर उनसे वंदे मातरम का सम्मान गायन हुआ। तत्पश्चात छात्राओं विषयवार शिक्षकों की जानकारी ली जिससे पता चला कि भूगोल की शिक्षिका नहीं आ रहीं। खेल मैदान की आवश्यकता बताई गई। दोनों कमियों को पूरा करने के निर्देश उन्होंने दिए। अपने संक्षिप्त संबोधन में पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बच्चों को स्वागत की नई परंपरा की जानकारी देते हुए कहा कि देखो इस सब में मैं निमित्त मात्र हूं, यह सारी सामग्री क्षेत्र के ही लोगों ने दी है जो आप सबके काम आएगी। सामग्री से स्वागत करने वालों में बांदरी नगरपरिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह ने क्रिकेट किट से, विभिन्न स्टेशनरी सामग्री से भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर, लोकेंद्र सिंह राजपूत, लक्ष्मी कांत मुड़ौतिया, सनत साहू, संकुल प्राचार्य राजाराम राय, जितेन्द्र सिंह राजपूत, लक्ष्मीकांत यादव, राहुल यादव, रतिराम यादव, मुकेश जैन बांदरी, बंटी राजपूत, राजेंद्र राय, सीताराम यादव, पुष्पेंद्र यादव उपस्थित रहे। पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के निर्देश पर शिक्षकीय स्टाफ ने सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को समानता व आवश्यकता अनुसार पूरी स्वागत सामग्री का वितरण कर दिया। कार्यालय आने वाले स्वागत कर्ताओं में उत्तम सिंह ठाकुर 10 कम्बल, रामराजा ठाकुर बनखिरिया 10 कॉपी 2 पेन, आकाश गोदना बीना 40 कॉपी, 40 पेन, राजेन्द्र यादव प्रभारी शसकीय कॉलेज बांदरी 1 किट पेन,पेंसिल, नीटू अजवानी 5 पेकिट पेन, 20 कॉपी, प्रदीप राय निर्तला 20 कॉपी, 1 पेकिट पेन, 1 पेकिट पेंसिल शामिल रहे।

---

## सादा जीवन जीने वाले मानसिक रूप से अधिक स्वतंत्र और तनावमुक्त होते हैं: विधायक



**खुरई, आचरण।** स्किल्ड होने से रोजगार और प्रगति सुनिश्चित होगी, डिग्रियों से नहीं। सादा जीवन जीने वाले व्यक्ति मानसिक रूप से अधिक स्वतंत्र और तनाव मुक्त होते हैं। यह विचार पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने यहां के आरएलएम ग्रुप आफ इंस्टीट्यूशन के कार्यक्रम फेस्टोपिया-2.0 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहुंचकर स्वागत समारोहों में एकत्रित कंबल तथा स्टेशनरी सामग्री छात्राओं को वितरित की तथा मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों के लिए हेलीपेड व सभा स्थल का निरीक्षण किया। फेस्टोपिया-2.0 में उपस्थित हजारों छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि कार्यक्रम की अच्छी प्रस्तुतियां देखने से यहां के बच्चों की प्रतिभा और कॉलेज के शैक्षणिक मापदंड का पता चलता है। पूर्व गृहमंत्री खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने विद्यार्थियों कहा कि आज भारत दुनिया का डिजिटल हब है जहां सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डाटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में करियर की अपार संभावनाएं हैं। ग्लोबल कंपनियों में जो एक्सपर्ट है वह भारत में भी अपनी डाटा सर्विसेज का विस्तार करें क्योंकि यह तकनीकी कौशल रखने वाले युवाओं के लिए वेतन और विकास बहुत ऊंचा है। उन्होंने बताया कि कंटेंट क्रिएशन, कंटेंट क्रिएशन, डिजिटल मार्केटिंग और ग्राफिक डिजाइनिंग जैसे क्षेत्रों में युवाओं ने क्रांति ला दी है। ऑटोमोबाइल, सेमीकंडक्टर रेनूवल एनर्जी जैसे अनेक संभावना वाले सेक्टर हैं। उन्होंने कहा कि हमारा भारत दुनिया की सबसे बड़ी फार्मेसी है पूरी दुनिया में दवाइयां भारत से जाती हैं। इसलिए फार्मेसी मेडिकल रिसर्च फार्मास्यूटिकल और बायोटेक्नोलॉजी में करियर के बेहतरीन विकल्प मौजूद हैं। स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता से वेलनेस और फिटनेस सेक्टर भी एक बड़े करियर स्कोप के रूप में स्थापित हुआ है। अब भारत में खेल केवल अब मनोरंजन नहीं है बल्कि एक पेशेवर कैरियर बन चुका है। अभी अपने बुंदेलखंड की छतरपुर की क्रांति गौंड ने किसने महिला वर्ल्ड कप में भारत को विजय दिलाई है। कार्यक्रम को संस्था की चेयर पर्सन श्रीमती कमला नायक एवं ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। बोर्ड आफ डायरेक्टर परख नायक ने भी संबोधित किया। संचालक डॉ प्रमोद नायक ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में एसडीएम मनोज चौरसिया, सीएमओ राजेश मेहतेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौधरी, श्रीमती शशि नायक, पुनीत नायक, श्रीमती वैष्णवी नायक, इंद्रकुमार राय, देशराजसिंह यादव सहित अनेक पार्षदगण, गणमान्य जन, हजारों की संख्या में विद्यार्थी तथा अभिभावक उपस्थित रहे।


---

**कार्रवाई** प्रशासन ने निर्माण को अवैध और बिना अनुमति का बताया

# आजाद पैलेस होटल पोकलेन हाईड्रा से गिराई गई

आचरण संवाददाता

**अशोकनगर।** सट्टा किंग कहे जा रहे आजाद खान के पुराने बस स्टैण्ड के पास स्थित आजाद पैलेस को प्रशासन ने सोमवार की दोपहर में जमींदोज कर दिया। दोपहर करीब 3 बजे से कार्रवाई शुरु हुई जो देर शाम तक जारी थी। आजाद पैलेस तीन मंजिला था और इसमें बेसमेंट का निर्माण भी कराया गया था। प्रशासन की ओर से बताया गया है कि निर्माण अवैध था और बिना अनुमति के बनाया गया था। उल्लेखनीय है कि आजाद खान पर सट्टा कारोबार करने का मामला दर्ज है कुछ ही दिन पहले उसके फार्म हाउस पर भी अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई थी। सोमवार की दोपहर में प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल पुराने बस स्टैण्ड स्थित आजाद पैलेस पहुंचा। इस दौरान आसपास की दुकानों को बंद कराया गया, साथ ही पुराने बस स्टैण्ड के पास खाली जगह पर बेरीकेट्स लगाए गए ताकि अनावश्यक भीड़ एकट्ठी न हो। इसके बाद नगरपालिका, राजस्व विभाग, पुलिस विभाग की



उपस्थिति में आजाद पैलेस को ध्वस्त करने की कार्रवाई शुरु हुई। तीन मंजिला होटल को तोड़ने के लिए पोकलेन, हाईड्रा मशीन, जेसीबी का इस्तेमाल किया गया। इस दौरान ड्रोन और वीडियों कैमरे से भी रिकॉर्डिंग की गई। हालांकि कार्रवाई को देखने के लिए आसपास के घरों की छतों और सड़कों पर खड़े होकर लोगों ने होटल तोड़ने की कार्रवाई देखी। सबसे पहले जेसीबी से होटल के अगले हिस्से को तोड़ा गया। इसके बाद पार्किंग वाले स्थान की ओर से होटल को तोड़ा गया।

---

## सीसी सड़क एवं नाली निर्माण, नपा अध्यक्ष ने पार्षदों के साथ किया भूमिपूजन



आचरण संवाददाता

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में सोमवार को वार्ड क्रमांक 12 के निवासियों को एक महत्वपूर्ण सौगात मिली जब 20 लाख की लागत से होने वाले निर्माण कार्य का नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, पार्षद श्रीमती रचना मनीष धुरेंटे ने परिषद के पार्षद साथियों के साथ भूमिपूजन किया गया। यह निर्माण कार्य ब्रजेश पेंटर वाली गली एवं वार्ड की विभिन्न गलियों मे सीसी सड़क एवं नाली निर्माण किया जाएगा, जिसके तहत सीसी कंक्रीट सड़क और नाली निर्माण का कार्य शामिल है। इस परियोजना से क्षेत्र में बेहतर आवागमन और जल निकासी की सुविधा मिलेगी, जिससे स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पार्षद नगरपालिका उपाध्यक्ष मनोज शर्मा, डॉ जयमंडल यादव, धर्मेंद्र रघुवंशी सावन, गीता आर्य, विपिन शिवहरे, मनीष धुरेंटे, धर्मेंद्र रघुवंशी खेजरा, योगेश खेरा, गोपाल ओझा नगरपालिका से सीएमओ विनोद उन्नीतान उपयंत्री गौरव ठाकुर सहित गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहें। नपा अध्यक्ष मनोरिया ने बताया कि नगरपालिका परिषद क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और जल्द ही अन्य वार्डों में भी लंबित निर्माण कार्यों को शुरू किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षक रणवीर सिंह दांगी का कार्यकाल बेदाग रहा



**पठारी,आचरण।** शासकीय प्राथमिक शाला सूजा मालूद के सहायक शिक्षक रणवीर सिंह दांगी के सेवानिवृत होने पर विदाई समारोह का आयोजन शासकीय कन्या प्राथमिक शाला उदयपुर में आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत शिक्षक रणवीर सिंह दांगी थे। अध्यक्षता संकुल प्राचार्य महाराज सिंह रघुवंशी ने की। अतिथियों ने कहा कि शिक्षक रणवीर सिंह दांगी का कार्यकाल बेदाग और पूर्ण कौशल के साथ संपन्न हुआ है। वह आज शासकीय कार्यों से सेवा मुक्त हो रहे हैं। जबकि वह पूर्ण स्वतंत्र होकर सामाजिक, राष्ट्रीय और परोपकार के कार्यों में समर्पित होंगे। यह अवसर केवल शासकीय कर्मचारियों को ही मिलता है। जो अपने दायित्वों से मुक्त होने पर प्रशासक और शुभचिंतक समारोह को आयोजित करते हैं। आगामी जीवन की मंगल कामनाएं प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन मनोज नामदेव और आभार अरुण रघुवंशी, नवल दास कोरी ने व्यक्त किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुनील रघुवंशी, दिनेश राठौर, देवेंद्र दांगी, उरेश माथुर, केशरी सिंह रघुवंशी, मनीष कपूर, नंदकिशोर प्रजापति, गोपाल दांगी, सतेंद्र यादव, केपी लोधी, शिवकांत शर्मा उपस्थित रहे।

### विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने दिखाया हुनर, दिखाए मॉडल



**पठारी,आचरण।** शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में जन शिक्षा केंद्र स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों ने गणित, विज्ञान और पर्यावरण प्रदर्शनी में भाग लिया। संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में संकुल क्षेत्र के दोनों मिडिल स्कूल के केंद्रो के 18 मिडिल स्कूलों के 164 मॉडलों का प्रदर्शन किया। जिसमें मॉडल के संचालन, विज्ञान व तकनीकी विधि की जानकारी दी। विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ संकुल प्राचार्य चंद्रेश यादव ने किया। इस दौरान संकुल प्राचार्य चंद्रेश यादव, पूर्व प्राचार्य गौरी गोस्वामी, अपूर्णा सोनी, राधेश्याम चढ़ार, निरंजन कुशवाहा ,पवन यादव, प्रथम राय सहित शिक्षक व नागरिक थे।

### नवजात शिशु सुरक्षा की एडवांस पुनर्जीवन कार्यशाला का आयोजन

**विदिशा,आचरण।** नवजात शिशु सुरक्षा की एडवांस पुनर्जीवन कार्यशाला का आयोजन इंडियन अकैडमी ऑफ़ पीडियाट्रिक्स एवं शिशु विभाग मेडिकल कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में शिशु विभाग मेडिकल कॉलेज विदिशा में किया गया। जिसमें इंदौर, भोपाल, सागर और विदिशा तथा सीहोर के 32 प्रतिभागी शिशु रोग विशेषज्ञों को प्रशिक्षित किया गया। सीआईपी के एग्जीक्यूटिव बोर्ड मेम्बर एवं विदिशा आईएपी के अध्यक्ष डॉ एम के जैन ने बताया कि उखड़ती और डूबती सांसों को बचाना ही इस कार्यशाला का लक्ष्य है और शिशुओं की असामयिक मृत्यु को रोकने एक कारगर अभियान है जो कि हर शिशु के लिए सुरक्षित कदम साबित हो रहा है। एमपी आईएपी की पूर्व अध्यक्ष एवं मेडिकल कॉलेज की विभाग अध्यक्ष डॉ नीति अग्रवाल ने बताया कि 90 प्रतिशत नवजात शिशुओं को जन्म के समय किसी विशेष प्रकार की सहायता की आवश्यकता नहीं होती सिर्फ़ 9 प्रतिशत नवजात शिशुओं में सामान्य सहायता और 1 प्रतिशत बच्चों को विशेष सहायता यानी की गहन/एडवांस एनआरपी सहायता और देखभाल की आवश्यकता होती है और इस कार्यशाला से 100 प्रतिशत बच्चों को जन्म के बाद सुरक्षित रखा जा सकेगा। मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ अविनाश लगावे ने बताया कि आईएपी विदिशा एवं शिशु विभाग विदिशा संयुक्त रूप से जनहित में और बच्चों के हित में बहुत ही सराहनीय कार्य कर रहे हैं ऐसे कार्यक्रमों में हम हमेशा तत्पर रहते हैं। पीपल्स मेडिकल कॉलेज भोपाल के डॉ दिनेश मेकले ने बताया कि हम स्वस्थ होकर भी एक मिनट साँस नहीं रोक पाते तो नवजात बच्चों में जन्म के पश्चात एक मिनट का समय गोल्डन मिनट कहलाता है और इस एक मिनट में बच्चे साँस लेना शुरू नहीं करते तो तत्काल सहायता की आवश्यकता पड़ती हैं और इसलिए इस तरह का प्रशिक्षण जीवन रक्षक कहलाता है। जीएमसी भोपाल की डॉ श्वेता शर्मा ने बताया कि बच्चों के विशेषज्ञ डॉक्टरों के लिए शिशु सुरक्षा पुनर्जीवन कार्यक्रम बहुत आवश्यक होता है ताकि जरूरत के समय नवजात शिशुओं की जीवन रक्षा कर सके। आईएपी विदिशा के सचिव डॉ सुरेंद्र सोनकर ने बताया कि इस तरह की कार्यशालाओं से बच्चों के विशेषज्ञों को पारंगत किया जाता है।

### अनदेखी के चलते बाल मजदूरी पर नहीं लग रही रोक

## पढ़ने की उम्र में कचरा बीनने के साथ ही भीख मांग रहे हैं नाबालिग बच्चे

आचरण संवाददाता



**रायसेन।** पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया यह नारा उस तस्वीर के आगे फीका पड़ता दिखाई देता है, जिसमें स्कूल जाने की उम्र में बच्चे थैला लेकर भीख मांगने सहित पन्नी बीनने और बाल मजदूरी करते दिखाई देते हैं। जी हां हमारे सिस्टम की उदासीनता कहें या बाल संरक्षण के प्रति लापरवाही। शिक्षा के लिए करोड़ों रुपए की योजनाएं बनती है, मगर जमीनी स्तर पर आकर कितनी सही साबित होती हैं यह तस्वीर देखकर आप अंदाजा लगा सकते हैं। यह मामला है रायसेन जिले के सांची विधानसभा के सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा और दीवानगंज क्षेत्र का यहां पर घुमक्कड़ जाति के कई मोहल्ले हैं। सुबह जिस टाइम दूसरे घरों के बच्चे स्कूल के लिए हाथ में बस्ता लेकर निकलते हैं। इस मोहल्ले के बच्चे हाथ में थैला लेकर कचरा बीनने, भीख मांगने या बाल मजदूरी करने जाते हैं। यह हाल है सांची विधानसभा क्षेत्र का आखिर इन बच्चों का बचपन इनसे कौन छीन रहा है। कौन है जिम्मेदार? करोड़ों रुपए की सरकारी योजनाएं बनती है। मगर इन बच्चों तक आखिर क्यों नहीं पहुंच पाती हैं। यह तो हमने एक जगह की तस्वीरें दिखाई हैं आपको। न जाने और कितने बच्चे होंगे, जिनका भविष्य अंधकार में जा रहा है। भले ही हमारे देश में डिजिटल क्रांति की बात की जा रही है । मेकिंग इंडिया की बात की जा रही है । मगर बाल मजदूरी हमारे देश में नासूर बना हुआ है। इसी तरह का एक मामला सलामतपुर के राजीवनगर में भी आया है। जहां भोपा समाज के लगभग 30 से 35 बच्चे शिक्षा से वंचित है। कुछ वर्ष पूर्व ही राष्ट्रीय बाल एवं संरक्षण अधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष व राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने सांची विकासखण्ड के सलामतपुर के पास धपसटनगर, राजीवनगर पहुँचकर भोपा जाति के लोगों से भेंट की थी।तथा बच्चों को मिल रही सुविधाओं का जायजा भी लिया था। सलामतपुर के पास धपसटनगर, राजीवनगर तथा इंद्रा कालोनी में भोपा समाज के लगभग 20 परिवार निवासरत हैं। इन परिवारों में लगभग 30 से 35 बच्चों हैं जो कि शिक्षा से वंचित हैं और इनमें से कुछ बच्चे भिक्षावृत्ति कर अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने भोपा समाज के लोगों से भेंट करने के पश्चात अधिकारियों से कहा कि भोपा समाज को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए जरूरी है कि उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। श्री कानूनगो ने निर्देश दिए थे कि भोपा समाज के लोगों के लिए मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

## हिन्दू सम्मेलन को लेकर निकाली गई वाहन रैली

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** सकल हिन्दू समाज द्वारा नर्मदा बस्ती का विशाल हिन्दू सम्मेलन आगामी 4 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन के पूर्व जनजागरण एवं संपर्क अभियान के अंतर्गत वाहन रैली निकाली गई। आयोजन समिति के सदस्य सुरेन्द्र कुशवाह ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में सकल हिन्दू समाज द्वारा मंडल, खंड एवं बस्ती स्तर पर हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 4 जनवरी को बंगला घाट पर हिन्दू सम्मेलन होगा, जिसके निमित्त नर्मदा बस्ती में वाहन रैली का आयोजन किया गया। डोल-धमाकों के साथ निकली वाहन रैली खाई रोड पेड़ी स्कूल से प्रारंभ होकर बीजासन माता मंदिर, रायपुरा, माधव सिटी, मुखर्जी नगर, विवेकानंद चौराहा, नाना का बाग, भगत सिंह कॉलोनी होते हुए पुनः खाई रोड पेड़ी स्कूल पर संपन्न हुई। रैली के साथ ही विट्ठल नगर में भारत माता की महा आरती की गई। इसी क्रम में बस्ती के विभिन्न मोहल्लों में भारत माता की आरती का आयोजन भी किया जा रहा है। रविवार को विट्ठल नगर, मुखर्जी नगर सेक्टर-ए एवं गुलाब वाटिका में भारत माता की आरती संपन्न हुई। आयोजन समिति द्वारा बस्ती के 386 परिवारों में 12 से 15 सदस्यों की टोलियों के माध्यम से घर-घर संपर्क कर भारत माता के चित्र व पीले चावल आमंत्रण स्वरूप वितरित किए जा चुके हैं। गृह संपर्क अभियान निरंतर जारी है। वाहन रैली एवं संपर्क अभियान में राजाराम अहिरवार, प्रदीप शर्मा, वासु धनवानी, राजाराम राजपूत, गोपाल खत्री, दिनेश सुमन, श्रवण व्यास, मनिंदर सिंह संधू, निर्देश दिलेरिया, रजनीश समाधिया, राकेश व्यास, हेमंत दुबे, राजू शर्मा, सोनू विश्वकर्मा, पदम जैन सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रामलीला में श्रीराम, सुग्रीव की मित्रता और बाली वध का मंचन

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** शहर में चल रही श्री रामलीला में कलाकारों के द्वारा श्री राम सुग्रीव मित्रता और बाली वध प्रसंग का आकर्षक मंचन किया। जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पहुंचे। लीला के अनुसार, भगवान राम लक्ष्मण ऋषि मुख पर्वत की ओर चल देते हैं, जब पर्वत के पास भगवान राम लक्ष्मण को सुग्रीव आते देखते हैं तो कहते हैं कि हनुमान आप जाकर देखो वनवासी के रूप में कौन घूम रहे हैं। इस प्रकार से हनुमान जी भगवान राम लक्ष्मण के पास पहुंचते हैं पहले पहचानने से इनकार करते हैं लेकिन जब भगवान उन्हें पूरा परिचय देते हैं तो हनुमंत लाल जी खुश हो जाते हैं और यहीं से प्रभु राम और लक्ष्मण के साथ हो जाते हैं।आगे चलकर भगवान राम-लक्ष्मण की राजा सुग्रीव से भेंट होती है। यहां सुग्रीव अपना सारा हाल-चाल बताते हुए कहते हैं कि मेरा भाई बाली बड़ा बलशाली है उसने मेरी पत्नी को भी अपने घर पर रखा है, हे भगवान आप मेरी मदद कीजिए।

## धान के कम रेट मिलने से किसानों ने किया चक्काजाम

आचरण संवाददाता



**रायसेन।** सोमवार को जिला मुख्यालय पर उस समय जाम की स्थिति निर्मित हो गई जब दशहरा मैदान में की जा रही धान फसल की नीलामी में 4 हजार प्रति क्विंटल के स्थान पर तीन हजार दौ सौ से तीन हजार छह सौ रूपये क्विंटल व्यापारियों द्वारा धान की खरीदी की जाने लगी। धान का रेट कम कीमत में खरीदने को लेकर किसान नाराज हो गए और उन्होंने नीलामी का बहिष्कार करते हुए अपने ट्रैक्टर ट्राली लेकर भोपाल सागर तिराहे पर 12 बजे दिन को चक्का जाम करना शुरू कर दिया। सूचना मिलते ही अतिरिक्त कलेक्टर मनोज उपाध्याय, एसडीएम मनीष शर्मा, एसडीओपी, प्रतिभा शर्मा, तहसीलदार भारत मांड्रे, थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और चक्का जाम कर रहे किसानों को काफी समझाने की कोशिश की परंतु किसान अपनी मांग पर ही अड़े रहे। बोले हमारी धान 4 हजार प्रति क्विंटल खरीदी जाना चाहिए तभी हम चक्का जाम समाप्त करेंगे, कई बार इस दौरान प्रशासन पुलिस और किसानों के बीच नोंक झोंक हुई। किसान मानने को तैयार नहीं हो रहे थे। आखिरकार उन्होंने 12 बजे से लेकर शाम 3 बजे तक ट्रैक्टर ट्राली के साथ चक्का जाम कर दिया। जैसे तैसे प्रशासन के अधिकारियों ने चक्का जाम कर रहे किसानों को उनकी समस्या शीघ्र हल करवाने का आश्वासन दिया और कहा कि चक्का जाम से आम जनता के लोग भी परेशान हो रहे हैं। किसानों ने प्रशासन के अधिकारियों का कहना मान लिया, परंतु किसानों ने चेतावनी दी कि अगर हमारी धन 4 हजार से कम रेट पर खरीदी जाएगी तो हम फिर से आंदोलन करेंगे।

## टीएल बैठक में कलेक्टर ने की विभागीय गतिविधियों और सीएम हैल्पलाइन की समीक्षा

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा द्वारा विभागीय गतिविधियों और योजनाओं की साप्ताहिक प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने सीएमएचओ डॉ एचएन मांडरे से गत बैठक में दिए गए निर्देशों के पालनार्थ की गई कार्यवाही की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं और अभियानों का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए। गर्भवती महिलाओं के पंजीयन और नियमित स्वास्थ्य जांच के साथ ही 7.5 हीमोग्लोबिन वाली गर्भवती महिलाओं की डोर टू डोर मॉनीटरिंग की जाए। साथ ही सभी सिविल अस्पतालों के नियमित निरीक्षण के साथ ही बैठक लेकर समीक्षा भी करें। उन्होंने एमएमआर, आईएमआर तथा एएनसी की गहन मॉनीटरिंग के साथ ही सभी पात्र नागरिकों के आयुष्मान कार्ड शीघ्र बनवाने के भी निर्देश दिए।बैठक में कलेक्टर श्री विश्वकर्मा ने जिले में सब्जी उत्पादन, दुग्ध उत्पादन तथा मत्स्य पालन को बढ़ावा देने कलस्टर विकसित किए जाने हेतु कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए डीपीएम एनआरएलएम तथा संबंधित जिला अधिकारियों को कार्य में तेजी लाते हुए निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों के प्रकरण स्वीकृत हो गए हैं, उनमें राशि वितरण कराते हुए कार्य शीघ्र प्रारंभ किए गए।

## शराब दुकान से चोरी की वारदात के 3 आरोपी गिरफ्तार, माल भी बरामद

आचरण संवाददाता

**रायसेन।** थाना पुलिस ने मुक्तापुर शराब दुकान से हुई चोरी की वारदात का बारह घंटे के अंदर ही खुलासा करने में बड़ी सफलता हासिल की है। और चोरी का माल भी चोरों से बरामद कर लिया गया है। सोमवार को तीनों आरोपियों को रायसेन न्यायालय में पेश कर रिमांड मांगा गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार रविवार की देर रात मुक्तापुर शराब दुकान पर 15 बोतल विदेशी शराब, एक मोबाइल सहित नगदी की चोरी हो गई थी। मुक्तापुर शराब दुकान के सेल्समेन सत्यनारायण शिवहरे पिता बाबूराम शिवहरे ने थाने में अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला पंजीबद्ध कराया था। थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने मामले की जानकारी तत्काल रायसेन एसपी आशुतोष गुप्ता को देकर टीम का गठन किया। दिनेश सिंह रघुवंशी, प्रधान आरक्षक गणेशराम रघुवंशी, आरक्षक राहुल रघुवंशी और साइबर सेल के एएसआई सुरेन्द्र धाकड़ ने चोरी की घटना का खुलासा करने के लिए लगभग 120 सीसीटीवी कैमरे चेक किये और मोबाइल की लोकेशन के आधार पर बारह घंटे के अंदर ही 3 आरोपियों को भोपाल से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों में आसिफ उम्र 38 वर्ष, अरुण मालवीय उम्र 20 वर्ष और अयान कुरैशी उम्र 20 वर्ष सभी निवासी शारदा नगर नारियलखेड़ा थाना गौतम नगर भोपाल के हैं।

## गणतंत्र दिवस परेड के लिए कन्या महाविद्यालय की छात्राओं का चयन

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के लिए राजमाता विजया राजे सिंधिया शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय विदिशा से एनसीसी कैडेट्स सार्जेंट दामिनी विश्वकर्मा और लांस कॉरपोरल सिमरन अहिरवार कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित हुई हैं। 14 एमपी बटालियन एनसीसी विदिशा के कामन अधिकारी कर्नल विकास गुप्ता शौर्य चक्र और प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सनी वैद्य के मार्गदर्शन और निर्देशन के साथ ही कैडेट्स की कठोर परिश्रम की वजह से उनका चयन कर्तव्य पथ और पीएम रैली दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के लिए हुआ है। विदिशा जिले 14 एमपी बटालियन एनसीसी विदिशा से 5 कैडेट चयनित हुए हैं जिसमें से दो कैडेट शासकीय कन्या अग्रणी महाविद्यालय विदिशा की है। दामिनी विश्वकर्मा बीसीएसी तृतीय वर्ष की छात्रा हैं, उनके पिता कृषक हैं और वह दीवानगंज के एक गांव अंबाडी से आती है। जबकि सिमरन अहिरवार बीए तृतीय वर्ष की छात्रा है जो कि गांव नरखेड़ाताल से है जो विदिशा जिले से लगभग 100 किलोमीटर की दूरी पर है। आप के पिता भी कृषक हैं। जिससे सिमरन पोस्ट मैट्रिक छात्रावास विदिशा में रहकर अपनी पढ़ाई कर रही है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर बी. डी.अहिरवार और एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर विनीता प्रजापति ने बताया कि दामिनी और सिमरन लगातार ईमानदारी और पूर्ण निष्ठा से एनसीसी की सभी परेड और एक्टिविटी में अपनी सहभागिता निभा रहीं थीं। उनकी इस लगन और किए गए कठोर परिश्रम से यह बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। इस चयन प्रक्रिया के लिए हमेशा महाविद्यालय प्राचार्य डॉक्टर बी.डी. अहिरवार और एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉक्टर विनीता प्रजापति ने सहयोग प्रदान कर उन्हें मार्गदर्शन प्रदान किया है। दामिनी और सिमरन लगातार 2 माह से आरडीसी सिलेक्शन प्रक्रिया में अपनी सहभागिता कर रही थी और सिलेक्शन की कठोर प्रक्रिया पूरी करने के बाद अलग-अलग कैंपों में चयनित होने के बाद अंतिम चयन दिल्ली गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित हुई हैं। महाविद्यालय की वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर नीता पांडे, डॉक्टर एन पी अरोरा ने बधाई दी।

## स्वदेशी संकल्प यात्रा वाहन रैली उत्साह से निकाली गई

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** कानफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स कैट द्वारा स्वदेशी संकल्प यात्रा रैली माधवगंज से निकाली गई, जो मेन रोड से निकास रोड से तिलक चौक से बड़ाबाजार से होती हुई बास्कुली से नीमताल पर समाप्त हुई। रैली में विदिशा चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एवं कैट एवं अन्य संगठनों शामिल हुए। जगह जगह पर स्वदेशी संकल्प यात्रा वाहन रैली का पुष्प वर्षा कर स्वागत हुआ। जिलाध्यक्ष रवि तलरेजा ने बताया कि व्यापारियों के शीर्ष संगठन कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भारतीय कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल चांदनी चौक सांसद के देश व्यापी आवाहन पर विदिशा में स्वदेशी ही आत्मनिर्भरता का मूलमंत्र है, जिसे मोदी सरकार लगातार बढ़ावा दे रही है। सभी व्यापारियों एवं शहरवासियों ने स्वदेसी सामान खरीदने की शपथ ली।

### आयोजन

### प्रदेश के कई जिलों से खिलाड़ियों ने की हिस्सेदारी

## प्रदेशास्तरीय पावर लिफ्टिंग एवं पंजा प्रतियोगिता हुई आयोजित, खिलाड़ियों ने दिखाया दम

आचरण संवाददाता



**विदिशा।** अग्रसेन सांस्कृतिक भवन अग्रवाल धर्मशाला विदिशा में पावर लिफ्टिंग एसोसिशन जिला विदिशा एवं बॉडी ग्रो हेल्थ क्लब के संयुक्त तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय पावर लिफ्टिंग एवं पंजा चैंपियनशिप आयोजित की गई । जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सेदारी की। एसोसिशन की ओर से प्रतियोगिता निर्णायक मंडल में प्रमुख निर्णायक के रूप में सरोज तिवारी, रेफरी राजेश जोशी, रेफरी प्रमोद प्रभाकर, अंक गणना संदीप जैन, संरक्षक राघवेन्द्र सिंह चौहान, अंक गणना कपिल तिवारी आदि ने की। विभिन्न भार वर्ग में आयोजित प्रतियोगिताओं में अमन लोधी द्वारा 220 किग्रा भार उठाया। 90+ भार वर्ग, गौरव वर्मा द्वारा 195 किग्रा भार उठाया। 90 भार वर्ग , 3. फरहान खान द्वारा 190 किग्रा भार उठाया। 85 भार वर्ग, दिनेश ठाकुर द्वारा 210 किग्रा भार उठाया 80 भार वर्ग, राज अग्रवाल द्वारा 195 किग्रा भार उठाया, 75 भार वर्ग, गौरव राजपूत द्वारा 195 किग्रा भार उठाया 60 भार वर्ग, ऋतिक पंधेरिया द्वारा 210 किग्रा भार उठाया 70 भार वर्ग, हिमांशु घूसर द्वारा 190 किग्रा भार उठाया 65 भार वर्ग में विजेता रहे। केंद्रीय कृषि मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक मुकेश टंडन, श्याम सुंदर शर्मा, तोरण सिंह दांगी, वीरसिंह रघुवंशी, तेजेंद्र सिंह संधू आदि द्वारा खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन कर, पावर लिफ्टिंग एसोसिशन जिला विदिशा एवं आयोजक बल्लू तिवारी संचालक बॉडी ग्रो हेल्थ क्लब विदिशा, गोविंदा शर्मा, अंशुल शर्मा, हर्ष साहू आदि को कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं विदिशा नगर के खिलाड़ियों एवं युवा जनों में शारीरिक स्वास्थ्य एवं सोष्ठव के प्रति जागरूकता एवं रुझान बढ़ाने के लिए साधुवाद एवं शुभकामनायें प्रेषित करते हुए खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य के लिए निरंतर क्रियाशील रखने का एवं सदैव सहयोग का सन्देश दिया। कार्यक्रम के उपरांत विजयी खिलाड़ियों को पुरस्कार स्वरुप पुरस्कार राशि, शील्ड एवं प्रमाण पत्र एवं सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहन प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में उद्घोषणा, आभार प्रीतम सिंह दांगी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सहभागिता एवं सफल आयोजन के लिए एसोसिएशन, आयोजक, खिलाड़ियों युवजनों को बधाई प्रदान की।

## दान देने से किसी का धन नहीं घटता, और बढ़ता है: मुनिश्री संभवसागर

आचरण संवाददाता

**विदिशा।** मुनि श्री संभवसागर महाराज, मुनि श्री निस्सीम सागर महाराज मुनि श्री संस्कार सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में भक्तामरजी का पाठ एवं णमो जिणाणं की सामूहिक जाप का आयोजन किया गया है। प्रवचन सभा में मुनि श्री ने कहा कि पिछले पुण्य के बैलेंस से ही आपकी दुकान चल रही है,अब यदि पुण्य को खर्च ही खर्च करोगे और बढ़ाओगे नहीं तो दुकान घाटे में चली जाएगी।कहा कि यह भगवान शीतलनाथ की नगरी है तथा शीतलधाम में बर्रो बाले आदिनाथ बाबा विराजमान है आप लोगों के पास तो आचार्य गुरुदेव के आशीर्वाद से विशेष पुण्य एकत्रित है,तभी तो देखो आप लोग स्वर्ण प्राशन के माध्यम से घर घर में आचार्य गुरुदेव का आशीर्वाद पहुंचाने के लिये कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कि कार्य को करो पचास हजार से ऊपर भी बच्चे हो जाए तो बिल्कुल भी चिंता मत करना, अपने पास गुरुदेव के आशीर्वाद का विपुल भंडार है और विपुल धनराशि खर्च करके हम लोग उन गरीब बच्चों को भी यह अमृत पिलाऐंगे जो किसी स्कूल या आंगनबाड़ी से सम्बंधित नहीं है। कार्यक्रम की शुरुआत तो आपके यहां के सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा हो ही चुकी है, यह कार्य भी गुरुदेव के आशीर्वाद से सहजरूप से हो गया। जैसे गुरुजी ने ही इशारे से भेजा हो। मुनि श्री ने कहा अब आने वाली 8 जनवरी के लिये आप सभी को व्यवस्थित तैयारी करनी है। उन्होंने विदिशा वालों के पुण्य की तारीफ करते हुये कहा कि जिस मंदिर में आप लोग बैठे हैं। लखमीचंद सेठजी जो अथाह पुण्य लेकर आए थे उन्होंने इसी भवन से पहली कक्षा से लेकर आठ कक्षा तक उसके बाद हायर सेकेंडरी स्कूल और उसके बाद डिग्री कालेज की व्यस्था करके विदिशा को शिक्षा का केंद्र बनाया एवं उन्होंने आज से नब्बे साल पहले गजरथ महोत्सव में रथ न चलाकर ज्ञानरथ चलाया एवं उस समय दस हजार रुपये उन्होंने खर्च किये और षठखंडागम का प्रथम प्रकाशन कराया।मुनि श्री ने कहा कि दान देने से कभी धन घटता नहीं है। यह बात सेठजी की दानशीलता से भी सिद्ध होती है और भामाशाह आशोक पाटनी को ही देख लो वह खुद कहते थे कि आज जो कुछ भी है वह आचार्य गुरुदेव का है।

## श्रीलंका, जॉर्डन और सेनेगल में संयंत्र लगाने की तैयारी में इफको

नई दिल्ली, मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों में महत्वपूर्ण कच्चा माल हासिल करना मुश्किल होता जा रहा है, जिसे देखते हुए देश के सबसे बड़े उर्वरक उत्पादक इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोआपरेटिव लिमिटेड (इफको) श्रीलंका, जार्डन और सेनेगल जैसे देशों में संयुक्त उद्यम के माध्यम से संयंत्र लगाने पर विचार कर रहा है। इफको के प्रबंध निदेशक केजे पटेल ने कहा कि इन संयंत्रों से उत्पादित 100 प्रतिशत तैयार माल की खरीदारी भारत करेगा।

एमडी का पदभार संभालने के बाद कहा कि श्रीलंका में बेहतरीन गुणवत्ता का रॉक फॉस्फेट है। इसे देखते हुए कंपनी श्रीलंका में संयुक्त उपक्रम स्थापित कर डाई अमोनियम फॉस्फेट या फॉस्फोरिक एसिड उत्पादन पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी जॉर्डन में फॉस्फोरिक एसिड बनाने की क्षमता 5 लाख से बढ़ाकर 10 लाख टन करने पर विचार कर रही है।

वहीं कंपनी सेनेगल में फॉस्फोरिक एसिड या डीएपी उत्पादन और उसे भारत निर्यात करने के लिए रॉक फॉस्फेट स्रोतों का पता लगाने पर विचार कर रही है।

**अच्छी गुणवत्ता वाला कच्चा माल प्राप्त करना चुनौती**

पटेल ने कहा, 'अच्छी गुणवत्ता वाला कच्चा माल प्राप्त करना चुनौती बनता जा रहा है। इसके लिए या तो अधिक भुगतान करना होगा या अधिक वित्तीय बोझ उठाना होगा। एक बेहतर विकल्प उन देशों में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करना है, जहां ये संसाधन प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं।'

उन्होंने कहा कि हाल ही में 3 प्रमुख भारतीय उर्वरक कंपनियों ने रूस के यूरलकेम ग्रुप के साथ रूस में 18 से 20 लाख टन क्षमता का यूरिया संयंत्र स्थापित कनरे के लिए समझौता किया है, जो अन्य देशों के साथ समझौते का एक मॉडल हो सकता है।

रॉक फॉस्फेट और फॉस्फोरिक एसिड भारत में नहीं पाया जाता है और पूरी तरह से इसका आयात करना पड़ता है, जिसका इस्तेमाल डीएपी बनाने के लिए किया जाता है। भारत में फसलों के पोषक के रूप में सबसे ज्यादा यूरिया का खपत होता है, जिसके बाद डीएपी का स्थान है। डीएपी की भारत में सालना खपत 100 से 110 लाख टन है, जिसमें से लगभग आधा आयात करना पड़ता है।

**रॉक फॉस्फेट और फॉस्फोरिक एसिड का आयात हुआ महंगा**




आंकड़ों से पता चलता है कि भू राजनीतिक वजहों से रॉक फॉस्फेट और फॉस्फोरिक एसिड के आयात का मूल्य पिछले एक साल में लगातार बढ़ा है, इसकी वजह से भारत में डीएपी के विनिर्माण की उत्पादन लागत बढ़ी है। जिन देशों से इन संसाधननों का आयात होता है, वे विदेश में इसके शिपमेंट पर अंकुश लगा रहे हैं। इसकी वजह से भारत पर असर पड़ रहा है।

वित्त वर्ष 2025 में खरीद लागत और भाड़ा (सीएफआर) मिलाकर फॉस्फोरिक एसिड की कीमत लगभग 948 से 1060 डॉलर प्रति टन थी, जो खरीफ 2025 में बढ़कर लगभग 1,153 से 1,258 डॉलर प्रति टन हो गई है। वहीं वित्त वर्ष 2025 में रॉक फॉस्फेट की दरें लगभग 205 से 230 डॉलर प्रति टन थीं, जो इस वर्ष खरीफ में लगभग 200 से 230 डॉलर प्रति टन पर बनी हुई हैं। वित्त वर्ष 2024-25 में इफको ने 41,244 करोड़ रुपये का कुल कारोबार किया और कर भुगतान के बाद उसे 2,823 करोड़ रुपये लाभ हुआ।

## बाइक्स बन रही ग्राहकों की पहली पसंद

नई दिल्ली, बाइक निर्माता कंपनियां लगातार ऐसे मॉडल पेश कर रही हैं, जो ग्राहकों की जेब पर भारी नहीं पड़ते और प्रदर्शन में भी मजबूत साबित होते हैं। ऐसी ही बाइक हीरो एचएफ डीलक्स लंबे समय से भारतीय बाजार में भरोसे की पहचान बनी हुई है। इसका 97.2सीसी इंजन रोज़मर्रा के उपयोग में बेहतरीन माइलेज देता है, लगभग 65-70केएमपीएलतक। कम ईंधन खपत और न्यूनतम मेंटेनेंस इसे रोज़मर्रा की जरूरतों के लिए उपयुक्त बनाते हैं। इसकी एक्स-शोरूम कीमत लगभग 60,000 रुपये है, जो इसे बजट सेगमेंट में मजबूत विकल्प बनाती है। बजाज सीटी 110 एक्स कठिन रास्तों के लिए उपयुक्त बाइक है। इसकी मजबूत बॉडी, ऊंचा ग्राउंड क्लियरेंस और रफ-टफ डिजाइन इसे ग्रामीण इलाकों और खराब मार्गों पर टिकाऊ बनाते हैं। 115सीसी इंजन लगभग 65 केएमपीएल का माइलेज देता है। फ्रंट मेटल क्रैश गार्ड और पीछे मजबूत कैरियर इसे दैनिक उपयोग के लिए और अधिक प्रैक्टिकल बनाते हैं। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 69,216 रुपये से शुरू होती है। टीवीएस स्पोर्ट माइलेज प्रेमियों की पसंद है। 110सीसी इंजन के साथ यह बाइक लगभग 70 केएमपीएल तक माइलेज देती है।

हल्का और स्टाइलिश डिजाइन इसे युवाओं में लोकप्रिय बनाता है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत 66,000 रुपये से शुरू होती है। हीरो स्प्लेंडर प्लस वर्षों से भरोसे का नाम है। 97.2सीसी इंजन 65-70 केएमपीएल का माइलेज देता है और लंबी उम्र के लिए जाना जाता है। इसकी एक्स-शोरूम कीमत लगभग 75,000 रुपये है।

## मूल्यवान धातुओं की कीमतों में तेजी

नई दिल्ली, कीमती धातुओं के बाजार में सोमवार को ऐतिहासिक हलचल देखने को मिली। चांदी ने घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। घरेलू वायदा बाजार में चांदी पहली बार 2.50 लाख प्रति किलो के स्तर के पार पहुंच गई, जबकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इसके भाव 80 डॉलर प्रति औंस से ऊपर निकल गए। इस रिकॉर्ड तेजी ने निवेशकों और कारोबारियों का ध्यान खींचा है।

सोने के वायदा भाव की शुरुआत घरेलू बाजार में सुस्ती के साथ हुई, लेकिन बाद में इसमें तेजी देखने को मिली। इस समय एमसीएक्स पर सोने का वायदा भाव करीब 1,40,400 प्रति 10 ग्राम के आसपास कारोबार कर रहा था। यह अपने अब तक के सर्वोच्च स्तर से थोड़ा ही नीचे बना हुआ है, जिससे बाजार में मजबूती का संकेत मिल रहा है। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रेक्ट 65 की गिरावट के साथ 1,39,808 रुपए पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,39,873 रुपए था। कारोबार के दौरान इसमें तेजी आई और यह 1,40,444 रुपए के दिन के उच्च स्तर तक पहुंच गया। इस साल अब तक सोना 1,40,465 रुपए प्रति 10 ग्राम का सर्वोच्च स्तर छू चुका है। वहीं चांदी के मार्च कॉन्ट्रेक्ट की शुरुआत जोरदार तेजी के साथ हुई। यह 7,407 रुपए की उछाल के साथ 2,47,194 रुपए पर खुली और दिन के दौरान 2,54,174 रुपए प्रति किलो के रिकॉर्ड उच्च स्तर तक पहुंच गई।

## मेवों व मसालों में मिश्रित रुख

***सागर, 29 दिसंबर। स्थानीय थोक बाजार में आज हरी इलायची में 10 रुपये की तेजी दर्ज की गई। डौंडा इलायची में 6 रुपये की तेजी दर्ज की गई। धनिया 5 रुपये बढ़कर बोली गई। हल्दी में 5 रुपये की नरमी दर्ज की गई। जीरा में 5 रुपये की नरमी दर्ज की गई। सौंठ में 6 रुपये की नरमी दर्ज की गई। खारक 5 रुपये तेज रही। काजू में 10 रुपये की तेजी दर्ज की गई। किशमिश में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। बादाम बिजी में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। गरी गोला में 5 रुपये की तेजी दर्ज की गई। मखाना में 10 रुपये की तेजी दर्ज की गई। शक्कर, गुड़, दालों व अन्य जिंसों के भाव यथावत रहे।***

**हल्दी** लाल किला 180, लाल गाय 190 हरी गाय 110, निजामाबाद काड़ी 160 गठौना 150, टुकड़ी 110 **जीरा** सार्थी 270 शिव पार्वती 275 माधुरी 270 खुशबू 270 **खरजीरा** 368 हालैंड चालू 120-190 **स्याह जीरा** असली 554 **सोया सौंफ** 220, **सौंफ मोटी** 350-370, कमल पाकीजा 350 बारीक वी आई पी 350-380 बड़वानी 350-370 **धनिया** दाल 75-80, मीडियम बेस्ट 100-105, बेस्ट ग्रीन 110-130 **खोपरा बूरा** गुरू 310, खुशबू 310, **गरी गोला** 325-475 **सौंठ** पालिश 475, चायना 485, कोरी सिरसी 490 कोचीन 490 **काली मिर्च** 685-735 **काली पीपर** 600 **लाल मिर्च** 334 नं.-150-175, तेजा 185-225 फटकी 90-100, **अजवाइन** चालू 120 कलश 130 दीपक 135 ओम ब्रांड 140 **मैथी** चालू 6500, दीपक 6800, गुलाब 6600, फेफड़ा 7000 **राई** 85 राई दाल 90 **खसखस** देशी 1800, तुर्की 2000 **सींग दाना (मूंगफली दाना)** गुजरात बोल्ड 130, सोनचिड़िया 120, राजधानी 140, बड़ा भाई 135 **रामदाना** 7000-7300 रुपए **साबूदाना** मोतीदाना 6000-7000, वरलक्ष्मी 8000-8500 **काजू** 180 नं.- 9100, 190 नं.- 9100, 320 नं.- 11100, ए एम पोनिया 9500, एस एम पोनिया 9600 **किशमिश** मीडियम चालू 450 बेस्ट 460-470 रुपए **मुनक्का** 950-1225 **पिस्ता** हरा



2200, नमकीन पिस्ता 2200- साधा पिस्ता 2000 रुपए **अखरोट** 1025-1050 **खारक** 350-370 चालू 340, मीडियम बेस्ट 400, स्पेशल 410 **मखाना** नया 1070, सूर्या नया 1220, ओम ब्रांड नया 1270-1370 **बादाम गिरी** आस्ट्रेलियन 650, अमरीकन 850, पूजा बादाम 400 **बादाम बिजी** 785-835 **अचार चिरौंजी** चालू 1975, बेस्ट 2175, **अंजीर** 1350-1450, **सुपाड़ी नई** 605, डबल रमेश 620 अंटा 655, पूजा 465 रुपए **कत्था** बेलगाम 675-1325 **लौंग** जंजीबार बंद 930, खुली 1050, मेडागास्कर बंद 1060, **बड़ी इलायची (डौंडा)** 1900-1980 **पिपरमेंट** मोटा 1340 बारीक 1440 **हरी इलायची** फटोर 3425-3525, बैल मार्का 3625 **राजगिरा देशी** 75, गुजरात आनंद 85, नाडियाद 75 **सिंघाड़ा** साबुत 233, टुकड़ी 118 **सुहागा** 60-78 **तरबूज मगज** 595-695, **बादाम फूल** टुकड़ी 690 **बाद्यान्य फूल** 1070 **इसबगोल भूसी** 950 **रतनजोत** 275 **जायफल** 700-720 **दालचीनी** 380-390 **जायपत्री** लाल 2500, पीली 2300 **छबीला** 445-465 **हरा मटर** 5150 **सफेद मटर** 6150, पालिस लोकल 5700, विदेशी 6900, **काबुली चना** चालू 100-110 **राजमा** सफेद 3800, लाल 4000 **इमली** 80, **खड़ा अमचूर** 175-200, **टाटरी**-200, **मीठा सोडा** - 35, **आरारोट** - 400 **सफेद तिली** लोकल 190 धुली सफेद तिली 195 ऊंझा सफेद तिली 195-200 **काली तिली** चालू 100, **पीपरा** 420 **कलौंजी** 120, **तोमर बीज**- 500, कपूर हंस 1400, सरस्वती 1430, **गुड़ करेली** 4000-4500 बाल्टी स्पेशल 5000 रु. **शक्कर एम तीस** 4400 से 4450 **एस तीस** 4350 से 4400।

## टाटा, महिंद्रा और होंडा बढ़ाएंगी दाम

नई दिल्ली, आगामी जनवरी में यात्री वाहनों के दाम बढ़ सकते हैं। हर साल जनवरी में कारों के दाम बढ़ाना अब लगभग एक सामान्य बात हो गई है। वाहन विनिर्माता फिलहाल विदेशी मुद्रा दबाव (रुपये में नरमी), कमोडिटी में तेजी और ग्रामीण मांग में अनिश्चितता से जूझ रहे हैं।




वाहन बनाने वाली देश की दो सबसे बड़ी कंपनियों- टाटा मोटर्स और महिंद्रा ऐंड महिंद्रा- ने आगामी मूल्य वृद्धि के संकेत पहले ही दे दिए हैं। कंपनी ने विश्लेषकों से बातचीत में इनपुट एवं कमोडिटी लागत में हो रही लगातार वृद्धि पर चिंता जताई है।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स और टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के एमडी एवं सीईओ शैलेश चंद्रा ने कहा, 'जनवरी में यानी चौथी तिमाही में हम कीमतें बढ़ाएंगे जैसा आम तौर पर करते रहे हैं।' उन्होंने कहा कि कमोडिटी लागत में वृद्धि के बावजूद कंपनी ने 9 महीनों से कीमतें नहीं बढ़ाई हैं। उन्होंने कहा, 'हमें इसे आगे बढ़ाना होगा। दिसंबर के बाद जब कारोबार कम स्टॉक के साथ शुरू होता है तो छूट का माहौल भी कम हो सकता है।' महिंद्रा ऐंड महिंद्रा के नेतृत्व ने भी इसी तरह की चिंता जाहिर की। कंपनी ने यूवी, एलसीवी और ट्रैक्टर श्रेणियों में जबरदस्त मांग का रुझान बराकरार रखा है। मगर अधिकारियों ने स्वीकार किया कि बढ़ती कमोडिटी कीमतें, विशेष रूप से कीमती धातुओं के दाम बढ़ने से जोखिम बढ़ गया है। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा के ईडी एवं सीईओ (वाहन एवं फार्म सेक्टर) राजेश जेजुरिकर ने कहा कि कंपनी हेज पोजीशन लेना जारी रखे हुए है।

एमऐंडएम समूह के सीएफओ अमरज्योति बरुआ ने कहा कि इस साल कुछ कीमती धातुओं में 60 से 80 फीसदी की वृद्धि हुई है। मगर शुरुआत में ही एमऐंडएम के हेजिंग की वजह से तात्कालिक प्रभाव कम रहा है। अगर यह रुझान जारी रहता है तो हेजिंग लागत बढ़ जाएगी और उसका एक असर होगा। इस बीच होंडा कार्स इंडिया ने इसकी पुष्टि कर दी है कि वह जनवरी से कारों के दाम बढ़ाने पर विचार कर रही है। मगर जनवरी में होने वाली वृद्धि आम तौर पर मॉडल के आधार पर 2से 4 फीसदी के दायरे में होती है। जनवरी 2025 में कई कंपनियों ने अपने वाहनों के दाम 3 से 4 फीसदी के बीच बढ़ाए थे। प्राइमस पार्टनर्स के सलाहकार अनुराग सिंह ने कहा कि जनवरी का यह मूल्य चक्र महीनों से बन रहा है। ओईएम आम तौर पर बढ़ती इनपुट लागत की भरपाई के लिए साल के आखिर में कीमत बढ़ाने की घोषणा करते हैं।

## मारुति सुजूकी ने ईवी चार्जिंग पॉइंट नेटवर्क किया मजबूत

नई दिल्ली, देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजूकी ने 1,100 से अधिक शहरों में 2,000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग पॉइंट स्थापित किया है।

कंपनी के प्रबंध निदेशक मुख्य कार्य अधिकारी हिसाशी ताकेउची ने एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि चार्जिंग नेटवर्क स्थापित होने के साथ, कंपनी 2026 में अपनी पहली इलेक्ट्रिक कार ई-विटारा की बिक्री शुरू करने की योजना बना रही है। ताकेउची ने भाषण में कहा, 'यकीन मानिए इसका इंतजार किया जा सकता है। कंपनी का उद्देश्य भारत में केवल प्रतिस्पर्धा करने के बजाय पूरे ईवी बाजार का विस्तार करना है।'

ताकेउची ने कहा, 'हमने 1,100 से ज्यादा शहरों में फैले अपने बिक्री और सर्विस टचपॉइंट्स पर 2,000 से अधिक मारुति सुजूकी एक्सक्लूसिव चार्जिंग पॉइंट्स का एक मजबूत नेटवर्क स्थापित किया है।' उन्होंने कहा कि इसमें बड़ी संख्या में इलेक्ट्रिक वाहन वाले 100 शहरों के साथ-साथ प्रमुख अंतर-शहर स्थान भी शामिल हैं ताकि ग्राहकों को लंबी दूरी की यात्रा के लिए चिंता नहीं करनी पड़े।

## वर्ग पहेली क्रमांक - 2287

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 3 | ■ | 4 | |
| | ■ | | ■ | 5 | | | ■ |
| 6 | 7 | | ■ | | ■ | ■ | 8 |
| 9 | | ■ | 10 | | | ■ | |
| 11 | | 12 | ■ | | ■ | 13 | |
| ■ | ■ | 14 | 15 | ■ | 16 | ■ | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | |
| 20 | | | ■ | 21 | | ■ | |

**बायें से दायें**
1. भारतीय रजतपट की पहली नायिका जिनके रवींद्रनाथ टैगोर चचेरे परदादा थे-5
4. चर्चा, प्रसंग-2
5. इंद्रजाल, माया, दृष्टिबंध-3
6. बबूल के पेड़ को यह भी कहते है-3
9. पुत्र, बेटा-2
10. खरगोश, खरहा, लोमकर्ण-3
11. सद्गति प्राप्त करना, भवसागर के पार उतारना-3
13. अवशिष्ट, घटानफल, घटानकर्म-2
14. पटना से करीब 90 किमी दूर एक पुण्य स्थान जहां विधिवत तिल आदि से श्राद्ध करने से चार महापातकों से मुक्ति होती है-2
17. रहनुमा, पथ प्रदर्शक, राह बताने वाला-4
19. विस्फोटक सामग्री, अनलचूर्ण, गन पावडर-3
20. प्रश्न पूछना, इल्तजा, प्रार्थना-3
21. शिष्य, धर्मदीक्षित, प्रशिक्षु-2

**ऊपर से नीचे**
1. देवकी के बेटे होने के कारण भगवान श्रीकृष्ण का एक नाम-5
2. डरपोक, भीरू-3
3. नीतिज्ञ, नीतिनिपुण-5
4. देह, तन, काया, बदन-2
7. यह अरब प्रायद्वीप के उत्तर पूर्वी तट पर स्थित एक छोटा प्रायद्वीपन जिसकी राजधानी दोहा है-3
8. जानकी सुत, लव-कुश-6
12. पुराणानुसार दस हाथियों के बराबर बल होने के कारण पांड़पुत्र भीम का एक नाम-4
15. मित्र, दोस्त, उपपति-2
16. वह दस्तावेज जिसके द्वारा किसी मनुष्य की संपत्ति दूसरे के अधिकार में आती है-3
17. वैधक के मत से शरीरस्थ सात साधुओं में से पहली, तरल पदार्थ-2
18. वायु, पवन, समीर-2

**वर्ग पहेली क्र. 2286 का उत्तर**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | र | ना | ई | ■ | अ | स | म |
| र | त | ना | रा | ■ | म | न | न |
| म | न | ■ | न | मा | ज | ■ | का |
| ह | ■ | द | ■ | ■ | द | वा | मी |
| वा | सु | कि | ■ | म | ■ | र | त |
| ■ | ख | खा | न | त | ■ | दा | ■ |
| ल | ■ | नू | री | ■ | सं | त | री |
| ब | ह | स | ■ | हु | त | ■ | ति |

## भविष्यफल

**मेष** विनोदप्रिय स्वभाव अंतरंग संबंध में मजबूती उन्नत व्यवसायिक पक्ष।

**वृष** कार्य वृत्ति से असंतोष परिजन के स्वास्थ्य की चिंता धन व्यय।

**मिथुन** कार्य लाभ के साधन प्राप्त वैयक्तिक समस्या का समाधान अल्प प्रवास।

**कर्क** मान सम्मान की प्राप्ति व्यवहार व्यवसाय में निपुण दाम्पत्य पक्ष में मधुरता।

**सिंह** विचार स्वतंत्र स्वजनों से मेल जोल अधिकारिक कार्य क्षेत्र में व्यस्तता।

**कन्या** आंतरिक शक्ति कमजोर व्यवसायिक लाभ की चिंता व्यर्थ का भ्रमण।

**तुला** चित्त वृत्ति में सुधार नियमित दिनचर्या अन्यों को प्रभावित करने में सफल।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से प्रसन्नता कार्य व्यवहार में निपुण धन लाभ के अवसर प्राप्त।

**धनु** श्रम साध्य कार्य में सफलता मित्रों के साथ विश्राम अतिथी आगमन।

**मकर** कमजोर इच्छाशक्ति धन व्यय भार की चिंता शरीर पर आलस्य का प्रभाव।

**कुंभ** शरीरादि स्वस्थ्य काम-काज के हालात बेहतर सुखद समाचार की प्राप्ति।

**मीन** निजी लाभ के साधन प्राप्त अन्यों का साथ उत्साह बढ़ाने में सहायक।

## तेल व तेल प्लांटों के भाव यथावत

**सागर, 29 दिसंबर । स्थानीय तेल बाजार में आज तेलों में नरमी दर्ज की गई। इंदौर इटारसी, भोपाल व विदिशा लाइन के प्लांट 1265 रुपये प्रति दस किलो बोले गए। जो यथावत बने रहे। अमूल 9600/- नोवा 8400/- अरिहन्त 8000/- मूंगफली तेल प्रीमियो जार 2200/- फार्चून रिफाइन- 1920 फिल्टर- 1950 पूजाब्राण्ड 1860/- विपुल 1800/- रायल टच (15 लीटर जार) 2020/- टीन 2270/- हेरिटेज (15 किलो) 2120/- धारा (15 लीटर) 2250/- गोपाल 1820/- सनफ्लावर महाकोष 2020/- सनफ्लावर नेचुरल 1820/- सनरिच 0000/- गुडलाईट 1860/- सृष्टि 1730/- प्रेस्टीज 2070/- पामोलीन रुचि 1620/- सोयाबीन तेल फार्चून ब्राण्ड (15 लीटर जार) 2070/- फार्चून (15 किलो) 2160/- कलश (15 लीटर) 1870/- खानपान (15 किलो) 1870/- (15 लीटर) 1870/- रुचि स्टार (15 लीटर टीन) 1870/- मालती**



**1870/- शंख टीन 2070/- शंख 15 किलो जार-2120/- शंख 15 किलो लीटर- 1970/- शंख (5 लीटर कुप्पी) 670/- योगी 1650/- स्वयं 1620/- महाकोष 2120/- कृति (15 किलो जार) 2220/- कृति (15 लीटर जार) 2150/- सिक्का 1990/- सरसों तेल कोल्हू ब्राण्ड 1600/- स्वीकार 1550/- मुरली- 1500/- टेलीफोन- 1500/- सेहत ब्राण्ड 1400/- सिक्का ब्राण्ड 1300/- फार्चून नारियल तेल निखार (15 लीटर) 1800/- कुप्पी 550/- रुचि नं. 1 - 900/- नेचुरल 1000/- रुचि स्टार 1000/- सुमन 950/- रथ 1150/- सनफ्लावर वनस्पति- 1400/।**

### प्लांट तेल भाव

| | | |
|---|---|---|
| इटारसी | 1265 | प्रति 10 कि. |
| नरसिंहपुर | 000 | प्रति 10 कि. |
| बैतूल | 000 | प्रति 10 कि. |
| गाडरवारा | 000 | प्रति 10 कि. |
| भोपाल | 1265 | प्रति 10 कि. |
| इंदौर | 1265 | प्रति 10 कि. |
| विदिशा | 1265 | प्रति 10 कि. |

### दाल बाजार भाव

**दालें प्रति क्विंटल चना दाल चालू 6000-7000, स्पेशल- 7500, मसूर दाल रोल-5000-5200 अरहर दाल (सफेद पटका)- 9000, अरहर (सफेद रोल)- 9000-9500, अरहर (लाल रोल) 9000- 9500, (लाल पटका) 10000 अरहर (स्पेशल) 10500 मूंग छिलका 9200 - 9500, मूंग धोवा 10000 - 11000 उड़द छिल्का- 10000 - 10500, उड़द धोवा- 11000 - 11500, उड़द व्ही.आई.पी. - 12000, तेवरा - 0000 मटर दाल- 4500-4800**

### सब्जी बाजार

| | | |
|---|---|---|
| आलू नया | 10 से 15 | रु. प्रति किलो |
| बरबटी | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| प्याज | 10 से 15 | रु. प्रति किलो |
| टमाटर | 20 से 30 | रु. प्रति किलो |
| लहसुन | 60 से 80 | रु. प्रति किलो |
| अदरक | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| फूल गोभी | 10 से 15 | रु. प्रति नग |
| लौंकी | 10 से 20 | रु. प्रति किलो |
| शिमला मिर्च | 20 से 30 | रु. प्रति किलो |
| ककड़ी | 10 से 15 | रु. प्रति किलो |
| हरी मिर्च | 40 से 60 | रु. प्रति किलो |
| परमल | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| हरा धनिया | 10 से 15 | रु. प्रति किलो |
| हरा मटर | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| कद्दू | 20 से 25 | रु. प्रति किलो |
| भिण्डी | 15 से 20 | रु. प्रति किलो |
| गिलकी | 30 से 40 | रु. प्रति किलो |
| बैगन | 20 से 30 | रु. प्रति किलो |

### सागर सराफा

| | | |
|---|---|---|
| चांदी (रिफा.) | 244500/- | कि. ग्राम |
| चांदी (कच्ची) | 243500/- | कि. ग्राम |
| सोना (24 कै.) | 142200/- | 10 ग्राम |
| सोना (रवा) | 141800/- | 10 ग्राम |

### फैंसी सराफा

**22 कैरेट 126000 रुपए**
**20 कैरेट 120000 रुपए,**
**चांदी जेवर- 2300-2350 रुपए प्रति 10 ग्राम।**

सागर सराफा बाजार में आज चांदी रिफाइंड के भाव 9500 रुपये घटकर बोले गए एवं कच्ची चांदी की आवक जोरदार रहने से कच्ची चांदी के भाव 9500 रुपये घटकर कर बोले गए। सोना व सोना रवा के भाव 600-600 रुपये घटकर बोले गए।

## स्मार्टफोन वनप्लस एसीई 6टी होगा लॉन्च

नई दिल्ली, स्मार्टफोन निर्माता कंपनी वनप्लस जल्द ही अपना नया स्मार्टफोन वनप्लस एसीई 6टी लॉन्च करेगी। इसे ग्लोबल मार्केट में वनप्लस 15आर नाम से पेश किया जाएगा। लीक तस्वीरों में फोन का डिजाइन काफी हद तक वनप्लस 15 जैसा दिखता है। इसमें फ्लैट फ्रेम डिजाइन, पंच-होल सेल्फी कैमरा और बैक पैनल पर एलईडी फ्लैश के साथ पिल-शेप कैमरा मॉड्यूल नजर आता है। टिपस्टर ने इसके तीन कलर ऑप्शन भी साझा किए हैं, जो इसे और आकर्षक बनाते हैं। फीचर्स की बात करें तो लीक के अनुसार फोन में 6.7 इंच का 1.5के अमोलेड डिस्प्ले मिलेगा, जो 165 एचझेड रिफ्रेश रेट सपोर्ट करेगा। परफॉर्मेंस के लिए यह एलपीडीडीआर 5 एक्स रैम और यूएफएस 3.1 स्टोरेज से लैस होगा। प्रोसेसर के तौर पर इसमें क्वालकॉम का नया स्नैपड्रेगन 8 जेन 5 चिपसेट दिया जा सकता है। फोटोग्राफी के लिए फोन में 50 मेगापिक्सल मेन लेंस और 8 मेगापिक्सल अल्ट्रावाइड लेंस के साथ ड्यूल कैमरा सेटअप मिलेगा। बैटरी भी इस फोन की बड़ी खूबी होगी। लीक रिपोर्ट्स के अनुसार इसमें 8000 एमएएच की पावरफुल बैटरी होगी, जो 100 वॉट फास्ट चार्जिंग सपोर्ट करेगी। सुरक्षा के लिए फोन में 3डी अल्ट्रासोनिक फिंगरप्रिंट सेंसर दिया जा सकता है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5921

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 7 | | | 3 | | | 5 |
| | | | 6 | 8 | 7 | | 4 | |
| | | | 2 | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 1 | 8 |
| | | | | 1 | | | | |
| 2 | 7 | | | | | 5 | | |
| 8 | | 5 | | 6 | 1 | | | |
| | 9 | | 8 | 5 | 2 | | | |
| 1 | | | 9 | | | 8 | 5 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5920

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 7 | 9 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |
| 9 | 5 | 3 | 8 | 6 | 2 | 4 | 7 | 1 |
| 6 | 2 | 8 | 1 | 7 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 7 | 1 | 8 | 5 | 4 | 2 |
| 4 | 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 5 | 4 | 2 | 6 | 1 | 3 | 9 |
| 2 | 9 | 1 | 5 | 8 | 7 | 3 | 6 | 4 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 | 7 | 9 | 8 |
| 8 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 |

## संक्षिप्त समाचार

### गुटखा व्यवसायी विनोद कुमार एवं कृष्ण कुमार अग्रवाल के यहां जीएसटी का छापा

**छतरपुर, आचरण।** मसाला कारोबारी विनोद कुमार एवं कृष्ण कुमार अग्रवाल के घर पर सोमवार को 6 सदस्यीय सतना की टीम ने छापामार कार्रवाई की। मोके पर अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिली थी कि मसाल कारोबारी विनोद कुमार एवं कृष्ण कुमार के यहां जीएसटी में काफी हेराफेरी की जा रही है। मसाला गुटखों पर 28 प्रतिशत का टैक्स लगता है इस टैक्स को बचाने के लिए यह चोरी की जाती है। परंतु जीएसटी की टीम ने अभी कोई निर्णय नहीं लिया है और उनके गोदाम एवं दुकान को सील कर दिया है। सतना से आई टीम के एक अधिकारी ने बताया कि आज सोमवार होने के कारण कार्रवाई नहीं हो पाई है कल पूरे दिन कार्रवाई कर आप लोगों को जानकारी दी जाएगी गौरतलब हो कि गुटखा छतरपुर जिले में काफी तादाद में बिकता है और इसका टर्न ओवर बहुत अधिक होने के कारण व्यवसायी द्वारा जीएसटी चोरी करने का गंभीर आरोप लगा है फिलहाल जीएसटी की 7 सदस्यीय टीम द्वारा विनोद कुमार के घर पर छानबीन की कार्रवाई कर रही है।

### संयुक्त संचालक महिला बाल विकास ने विभागीय समीक्षा की बैठक ली

**छतरपुर, आचरण।** सागर संभाग के महिला बाल विकास के संयुक्त संचालक प्रजापति द्वारा सोमवार को जिलापंचायत के सभाकक्ष में छतरपुर जिले के महिला बाल विकास की सभी परियोजना के परियोजना अधिकारियों के साथ महिला बाल विकास अधिकारी दिनेश दीक्षित एवं सभी सुपरवाइजरों के साथ एक बैठक ली बैठक लगभग 3 घंटे तक चली संयुक्त संचालक श्री प्रजापति ने बताया कि इस बैठक में महिला बाल विकास विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। खासतौर से लाड़ली लक्ष्मी योजना नए आंगनवाड़ी भवनों की स्थिति एवं आंगनवाड़ी केन्द्रों में वितरण किए जा रहे पोषण आहार के संबंध में साथ ही अभी हाल ही में हुई आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं में भर्ती के देरी के संबंध में बैठक हुई। सभी को यह निर्देश दिए गए कि वह समय सीमा में भर्तियों को संपन्न करें।

### जगराम प्रजापति माध्यमिक शिक्षक मरगुवां को जेडी सागर ने किया निलंबित

**छतरपुर, आचरण।** जिला शिक्षा अधिकारी छतरपुर के 24 अक्टूबर 2025 के पत्रानुसार जगराम प्रजापति माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला मरगुवां जिला छतरपुर शाला में सोते हुए नजर आने पर उक्त वायरल वीडियो से विभाग की छवि धूमिल एवं समाज में गलत संदेश प्रतिपादित हुआ। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए जांच दल नियुक्ति की जाकर जांच प्रतिवेदन अनुसार वायरल वीडियो प्रमाणित पाये जाने तथा शिक्षकीय पदीय दायित्त्वों के निर्वहन में अनुशासनाहीनता बरतने के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। उक्त अनुक्रम में म.प्र शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश अनुरूप प्रदत्त शाक्तियों के अधीन, म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत लोक शिक्षण संचालक सागर एस.पी. बिसेन ने जगराम प्रजापति माध्यमिक शिक्षक शासकीय माध्यमिक शाला मरगुवा जिला छतरपुर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में जगराम प्रजापति माध्यमिक शिक्षक का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी ईशानगर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में जगराम प्रजापति को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

### पीएमश्री हायर सेकेंडरी स्कूल अजनौर में कैरिअर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित

**टीकमगढ़, आचरण।** शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, की फैकल्टी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 में पॉलिटेक्निक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न विद्यालयों में कैरिअर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसीक्रम में सोमवार को शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज टीकमगढ़ के फैकल्टी सदस्यों ऋषभ कुमार अहिरवार एवं सुरेश वास्कले द्वारा पीएमश्री हायर सेकेंडरी स्कूल अजनौर में कैरिअर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को पॉलिटेक्निक कॉलेज में संचालित विभिन्न तकनीकी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों, प्रवेश पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, प्रवेश तिथियों एवं भविष्य की रोजगार संभावनाओं की जानकारी दी।

**बैठक :** सीएम हैल्पलाइन की नॉन अटेंडेड शिकायत रहने पर एक दिवस का कटेगा वेतन

# शिक्षकों के स्कूल समय में कक्षाओं से बाहर रहने पर होगी कार्रवाई: कलेक्टर

आचरण संवाददाता



**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में टीएल बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया, संयुक्त कलेक्टर, डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, निकायों के सीएमओ एवं जनपदों के सीईओ सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री जैसवाल ने नवंबर माह की सीएम हैल्पलाइन की लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए वन, जल संसाधन, महिला बाल विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, पशुपालन विभाग को प्राथमिकता से शिकायत बंद कराने के निर्देश दिए। उन्होंने उप संचालक पशुपालन को विभाग की शिकायतों में निम्न गुणवत्ता से बंद कराने एवं नॉन अटेंडेड शिकायत रहने पर अप्रसन्नता व्यक्त की और डीडी को शोकॉज और गौरिहार पशुचिकित्सा अधिकारी की 1 दिवस की वेतन काटने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अनुसूचित जाति कल्याण विभाग की शिकायत लंबे समय से सी ग्रेड में रहने पर जिला संयोजक की वेतन रोकने के निर्देश ट्रेजरी ऑफिसर को दिए। साथ ही शिक्षा विभाग को निर्देशित किया कि कैंपों के माध्यम से 50 दिवस से अधिक की लंबित शिकायत बंद कराएं। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो भी विभाग नॉन अटेंडेड की श्रेणी में रहेगा तो संबंधित की एक दिवस वेतन काटी जाएगी। साथ ही कलेक्टर ने नॉन अटेंडेड शिकायत रहने पर मंडी सचिव की एक दिवस की वेतन काटने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले में मंडियों, सीसीबी, मार्कफेड, प्राइवेट विक्रेताओं के पास खाद की उपलब्धता एवं वितरण की भी समीक्षा की और संबंधित एसडीएम से लॉ एंड ऑर्डर व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले की समस्त मंडियों में भावांतर योजना के किसानों को मिलने वाली द्वितीय एवं तृतीय किश्त वितरण की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने आदि कर्मयोगी अभियान के तहत आयोजित कैंपों में हितग्राहियो को मिलने वाले लाभ की समीक्षा की और जाति प्रमाण पत्र, केसीसी, आवास, आधार कार्ड, पात्रता पर्ची, उज्जवला कनेक्शन, बिजली कनेक्शन, जनधन खाते आदि के हितलाभ की जानकारी तैयार करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट टीवी इंस्टॉलेशन में छतरपुर एवं बड़ामलहरा जनपदों में प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए एवं शेष कार्यों में पोषण वाटिका, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, बिजली कनेक्शन आदि के कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि जनपदों के प्रगतिरत आंगनवाड़ी भवनों के कार्य को जल्द पूर्ण कराएं और पूर्ण भवनों को हैंडओवर करें। कलेक्टर ने केन बेतवा लिंक परियोजना के ढोडन् बांध से संबंधित आवश्यक समस्याओं पर कार्रवाई के संबंध में राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही सागर कबरई में भू अधिग्रहण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।

### जिला चिकित्सालय वी क्लब द्वारा स्वछता जागरूकता हेतु की गई नई पहल

**टीकमगढ़, आचरण।** जिला चिकित्सालय में सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला के निर्देशन में समाज सेवी संस्था वी क्लब द्वारा एक महत्वपूर्ण स्वछता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य मरीजों और उनके परिजनों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक करना है। सहायक प्रबन्धक डॉ. अंकुर साहू के द्वारा वी क्लब के सदस्यों को सर्जिकल वार्ड एवं मैटर्निटी वार्ड में जागरूकता हेतु ले जाया गया। इस अवसर पर वी क्लब संस्था के सदस्यों ने मरीजों को स्वच्छता रखने के लिए समझाइश दी और उन्हें अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। सिविल सर्जन डॉ. अमित शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह हमारे समाज के विकास के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि वी क्लब जैसी संस्थाओं का यह प्रयास सराहनीय है और हमें ऐसे आयोजनों में हमेशा सहयोग करना चाहिए।

## क्रेशर संचालकों ने खनिज विभाग के अधिकारियों की तानाशाही के विरोध में कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

आचरण संवाददाता

**छतरपुर।** जिले के क्रेशर संचालकों ने अपनी विभिन्न मांगों और विभाग की कथित तानाशाही के विरोध में खनिज विभाग पहुँचकर अजय मिश्रा को एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान क्रेशर संचालकों ने विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए अधिकारियों पर खुलेआम रिश्वत मांगने और नियम विरुद्ध तरीके से परेशान करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। नौगांव जनपद अध्यक्ष हेमलता पाठक के पति और क्रेशर संचालक राकेश पाठक ने कहा कि क्रेशर उद्योग मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश दोनों सरकारों को भारी राजस्व देता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा सिंगल विंडो सिस्टम की है, ताकि उद्योगों को बढ़ावा मिले, लेकिन स्थानीय माइनिंग अधिकारी हर क्रेशर पर फीता लेकर पहुँच जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन अधिकारियों को सीमांकन की कोई ट्रेनिंग नहीं है, वे केवल पैसे वसूलने और शराब के लिए अवैध मांग करने क्रेशर पर आते हैं। पाठक ने मांग की कि इन नए अधिकारियों की आय से अधिक संपत्ति की जांच होनी चाहिए कि उनके पास इतनी महंगी गाड़ियां और सुख-सुविधाएं कहाँ से आ रही हैं। शिकायत में यह मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया कि 15-20 साल पहले जिन खदानों का विधिवत सीमांकन तहसीलदार और माइनिंग टीम द्वारा किया गया था, उसे अब जानबूझकर विवादित बनाया जा रहा है। संचालकों का आरोप है कि अधिकारी अब किसान ऐप जैसे माध्यमों का हवाला देकर खदानों को गलत तरीके से नापते हैं और जब तक उन्हें रिश्वत नहीं दी जाती, तब तक वे गलत रिपोर्ट लिखने की धमकी देते हैं। राकेश पाठक ने स्पष्ट किया कि संचालक उसी सीमांकन पर खुदाई कर रहे हैं जो उन्हें सरकार द्वारा आवंटित किया गया था, लेकिन अधिकारी पैसे ऐंठने के लिए फर्जी नाप-जोख कर रहे हैं। क्रेशर संचालकों ने कलेक्टर और मुख्यमंत्री से मांग की है कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और माइनिंग अधिकारियों द्वारा की जा रही अनावश्यक प्रताड़ना को तत्काल रोका जाए।

## नशीली दवाओं की उपलब्धता कराने वाले अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी : कलेक्टर

आचरण संवाददाता



**निवाड़ी।** कलेक्टर श्रीमती जमुना भिडे की अध्यक्षता एवं एसपी डॉ राय सिंह नरवरिया की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय के तारतम्य में एनसीओआरडी (नार्कोटिक कोर्डिनेशन) की बैठक का आयोजन किया गया। पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त बैठक के दौरान जिला निवाड़ी अंतर्गत अवैध नशे के विक्रय एवं अन्य नशीली दवाओं की रोकथाम एवं बेहतर समन्वय के तारतम्य निर्धारित बिन्दुओं पर संवाद किया गया। ड्रग्स एवं नशीली दवाओं के सेवन, स्कूल/कॉलेज या अन्य स्थानों पर नशीले पदार्थों के सेवन के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल सूचना के आदान-प्रदान किये जाने हेतु निर्देशित किया गया ताकि तत्काल ही वैधानिक कार्रवाई की जा सके। मादक पदार्थों की तस्करी की प्रवृत्तियों के बारे में आसूचना/सूचना का आदान प्रदान करना-मादक पदार्थों की तस्करी की प्रवृत्तियों के बारे में आसूचना/सूचना के संबंध में थाना चौकी स्तर पर सूचनाएं संकलित किए जाने हेतु एसडीओपी को निर्देशित किया गया। बैठक में जिले में अफीम, भांग आदि की खेती का पता लगाए जाने के संबंध में थाना/चौकी स्तर पर आसूचना संकलन को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया। शैक्षणिक संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की बिक्री या सेवन की सूचना मिलते ही तत्काल प्रशासन को सूचित करें। संदिग्ध छात्र-छात्राओं को चिन्हित कर उनकी काउंसलिंग की जाएगी, जिसमें पुलिस और अधिकारी उन्हें नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेंगे। कलेक्टर श्रीमती भिड़े ने स्पष्ट किया कि नशीली दवाओं की उपलब्धता कराने वाले अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। पुलिस अधीक्षक डॉ. राय सिंह नरवरिया ने आबकारी विभाग को निर्देश दिए कि अवैध शराब बनाने और तस्करी करने वालों के विरुद्ध फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी के साथ साक्ष्य जुटाकर कड़ी कार्रवाई करें। आमजन को भी निर्भीक होकर शिकायत दर्ज कराने हेतु प्रेरित किया जाए। एनडीपीएस अधिनियम के प्रावधानों और दवाओं के हानिकारक प्रभावों पर मादक फसलों की अवैध खेती के संबंध में प्रत्येक थाना/चौकी स्तर पर एसडीओपी/थाना प्रभारीगण चौपाल लगाकर गांव के लोगों को तत्संबंध में अवगत कराकर उन्हें इन पदार्थों से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराएं।

### सर्किट हाउस टीकमगढ़ के पास लगाया गया जैविक हाट

**टीकमगढ़, आचरण।** कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार स्थानीय सर्किट हाउस टीकमगढ़ के पास रविवार को जैविक हाट लगाया गया। जैविक हाट में कृषकों के द्वारा अपने जैविक उत्पाद जैसे आलू, टमाटर, मिर्च, धनिया विभिन्न प्रकार की भजिया इत्यादि लाये गये। साथ ही केन बेतवा प्रोड्यूसर कंपनी जतारा के कृषकों द्वारा कंपनी के उत्पाद मूंगफली तेल, सरसों तेल, मूंगफली चिक्की, तिल के लड्डू इत्यादि उत्पाद बाजार में ले गए जिनकी हाट बाजार में बिक्री की गई। जैविक हाट की देखरेख एवं रिपोर्टिंग हेतु कृषि विस्तार अधिकारी टीकमगढ़ केपी अहिरवार एवं भारतीय किसान संघ से रामचंद्र श्रोती तथा पतंजलि टस्ट से मुन्नी लाल यादव उपस्थित रहे।

### सरपंच पद हेतु हुआ 67 प्रतिशत मतदान

**टीकमगढ़, आचरण।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्ध) हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार जिले में ग्राम मोहनगढ़ में सरपंच पद हेतु आज शांतिपूर्ण मतदान संम्पन्न हुआ।

ग्राम पंचायत मोहनगढ़ में कुल 67.34 प्रतिशत मतदान हुआ। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय के निर्देशानुसार संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकरी, एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे तथा तहसीलदार मोहनगढ़ रमेश परमार द्वारा निरंतर मतदान केन्द्रों का निरीक्षण कर शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न कराया। 2 जनवरी 2026 को मतों की गणना तथा निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जायेगी।

## स्वच्छता पखवाड़ा अंतर्गत रैली के माध्यम से गूंजा स्वच्छता का संदेश



**टीकमगढ़, आचरण।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के निर्देशानुसार स्वच्छता पखवाड़ा (16-31 दिसंबर) अंतर्गत आज कृषि विज्ञान केंद्र, टीकमगढ़ द्वारा एक स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता फैलाना और स्वच्छ भारत के संकल्प को सुदृढ़ करना है। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बीएस किरार के मार्ग दर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का सफल संचालन और समन्वय वैज्ञानिक डॉ. सतेंद्र कुमार द्वारा किया गया। स्वच्छता रैली केंद्र के द्वार से प्रारंभ होकर केंद्र के परिसर से होते हुए कृषि महाविद्यालय, टीकमगढ़ के आंतरिक द्वार तकनिकी ली गई। इस रैली में निम्नलिखित समूहों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। टीकमगढ़ जिले के प्रगतिशील किसान जिन्होंने कृषि स्वच्छता का संदेश दिया। स्थानीय ग्राम पंचायत सदस्य जिन्होंने ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी व कर्मचारी, कृषि विज्ञान केंद्र टीकमगढ़ के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. किरार, वैज्ञानिक डॉ. आरके प्रजापति, डॉ. एसके सिह, डॉ. यूएस धाकड़, डॉ. सतेन्द्र कुमार, डॉ. एसके जाटव, डॉ. आईडी सिंह, हंसनाथ, जयपाल छिगारहा खान एवं कृषि विभाग से दिनेश कुमार जाटव, आईपी तिवारी आदि ने सहभागिता दी। रैली के दौरान डॉ. बीएस किरार ने संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं बल्कि एक सामाजिक संस्कार है। उन्होंने किसानों को फसल अवशेषों के प्रबंधन और कृषि परिसरों को साफ-सुथरा रखने की सलाह दी। डॉ. सतेंद्र कुमार ने रैली का समन्वय करते हुए बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के माध्यम से हम न केवल भौतिक सफाई पर ध्यान दे रहे हैं, बल्कि लोगों की मानसिकता में बदलाव लाने का प्रयास भी कर रहे हैं। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत और गंदगी भगाओ-देश बचाओ जैसे प्रेरक नारे लगाये। इस दौरान सामूहिक रूप से सार्वजनिक स्थानों की सफाई का श्रमदान भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों को स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की शपथ दिलाई गई।

### कलेक्टर के प्रस्ताव पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश चौबे को कमिश्नर ने किया सस्पेंड

**छतरपुर, आचरण।** कलेक्टर छतरपुर पार्थ जैसवाल के प्रस्ताव पर कमिश्नर सागर अनिल सुचारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश चौबे को सस्पेंड कर दिया है। यह कार्रवाई गौतम होटल में खाना खाने से लोग बीमार हुए थे और कुछ लोगों की मृत्यु हुई थी। साथ ही खजुराहो में खाद्य पदार्थों के सैंपलों की संख्या शून्य पाई गई। कमिश्नर ने कलेक्टर छतरपुर से प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकन एवं परिशीलन उपरांत वेद प्रकाश चौबे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी छतरपुर प्रथम दृष्ट्या दोषी प्रतीत पाए गए। उक्त कृत्य गंभीर अनियमितता, स्वेच्छाचारिता, अनुशासनहीनता का द्योतक एवं पदीय कर्तव्यों के प्रतिकूल होकर म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम का उल्लंघन है। अतएव वेद प्रकाश चौबे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी की म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 09 के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय कलेक्टर जिला छतरपुर नियत किया गया है। निलंबन अवधि में श्री चौबे को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। कलेक्टर द्वारा कार्रवाई के लिए 16 दिसंबर 2025 को भेजे गए प्रस्ताव में अवगत कराया गया कि कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी छतरपुर के माध्यम से छतरपुर एवं राजनगर के क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत वेद प्रकाश चौथे, खाद्य सुरक्षा अधिकारी को खाद्य पदार्थों की जांच हेतु आदेशित किया गया था। 8 एवं 9 दिसंबर 2025 को खजुराहो में मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट बैठक आयोजित थी। खजुराहो स्थित गौतम होटल में भोजन करने से 4 लोगों की दर्दनाक मौत की घटना घटित हुई। विगत 01 माह में खजुराहो में अनेक विजिट कार्यक्रम शादी समारोह एवं अन्य महत्तवपूर्ण बैठकों का आयोजन होने के उपरांत भी श्री चौबे द्वारा विगत डेढ़ माह के दौरान लिये जाने वाले सैंपलों की संख्या शून्य पाई गई।

**बैठक** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित

# जनता से जुड़े विषयों पर लापरवाही होने पर प्रभावी कार्रवाई करें: मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार



**टीकमगढ़, आचरण।** केन्द्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, विधायक प्रतिनिधि, कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय, एएसपी विक्रम सिंह, अपर कलेक्टर शिवप्रसाद मंडराह, एसडीएम संस्कृति मुदित लटोरिया, एसडीएम भारती देवी मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर तथा अंजली शर्मा सहित संबंधित अधिकारी तथा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में केन्द्रीय मंत्री डॉ. कुमार ने कहा कि दिशा की बैठक शासन की योजनाओं की मॉनिटरिंग करने का प्लेटफार्म है। समिति के सदस्यों एवं अधिकारियों द्वारा निरीक्षण करने के दौरान जनता से जुड़े विषयों में लापरवाही होने पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की योजनाओं में जन प्रतिनिधियों से प्राप्त अनियमितताओं एवं शिकायतों को संज्ञान में लेकर तत्काल निराकरण कराने तथा तकनीकी समस्याओं को ईईपीएचडी को टीम भेजकर निराकृत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ऐसे ड्राई बोरबेल जहां बोरिंग के समय पानी नहीं था, इस वर्ष अच्छी बारिश होने से उनमें पानी आने की संभावना है इसलिए उनके रिचार्ज की जांच करायें। साथ ही उन्होंने मरम्मत एवं जीर्णोद्धार के लंबित कार्यों की शीघ्र जानकारी प्रस्तुत करने तथा स्वीकृत कराने तथा शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिये। केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने आयुष्मान निरामय योजना की समीक्षा करते हुये कहा कि ऐसे बुजुर्ग जिनके आयुष्मान कार्ड फिंगरप्रिंट या रेटीना के अभाव में नहीं बन पा रहे हैं उनके लिये ग्रामवार सूची उपलब्ध करायें एवं अन्य विकल्पों के माध्यम से उनकी स्क्रीनिंग कराकर आयुष्मान कार्ड बनवाये जायें। उन्होंने निर्देशित किया कि सीएससी सेन्टर स्थित आरोग्य मंदिरों में सीएचओ एवं एएनएम उपस्थित रहें यह सुनिश्चित किया जाये। पीएम कौशल विकास योजना की समीक्षा करते हुये रिमान्डर पत्र लिखकर राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के बीच समन्वय स्थापित कर प्लेसमेन्ट की जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिये। महिला एवं बाल विकास की समीक्षा करते हुये निर्देशित किया कि अधिकारी आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लें एवं कोई भी बच्चा कुपोषित नहीं हो यह सुनिश्चित करें। बच्चों को नाश्ता एवं लंच दोनों गुणवत्तापूर्ण दिया जाये। केन्द्रीय मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने निर्देशित किया कि ऐसे सब इंजीनियर जो गृहस्थल पर या सेक्टर पर लंबे समय से पदस्थ हैं उन्हें अन्य स्थलों पर पदस्थ किया जाये। बैठक में व्हीबी-जीरामजी योजना की प्रारंभिक जानकारी दी गई तथा पात्र हितग्राहियों को योजना से प्रभावित रूप से लाभान्वित कराने के निर्देश दिये। बैठक के अंत में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने कहा कि बैठक के पालन प्रतिवेदन अनुसार सभी बिंदुओं का पालन किया जायेगा। साथ ही मैदानी क्षेत्रों से मिले फीडबैक पर कमी की जांच कर सुधार करने का पूर्ण प्रयास किया जायेगा। नए साल में नए संकल्प के साथ योजनाओं का सफ्ल क्रियान्वयन किया जायेगा।

## स्कूली बच्चों को गर्म जैकेट प्रदान की गई




आचरण संवाददाता

**छतरपुर।** जिले के चंद्रनगर क्षेत्र में कड़ाके की ठंड के बीच स्कूली बच्चों के चेहरे उस समय खिल उठे जब उन्हें उपहार स्वरूप गर्म जैकेट प्रदान की गई। चौरसिया के.पी. फाउंडेशन, दिल्ली द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करते हुए सोमवार को सीएम राइज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चंद्रनगर में एक विशाल जैकेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मानवीय पहल के तहत स्कूल के लगभग 950 छात्र-छात्राओं के साथ-साथ 44 शिक्षकों को भी कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए उच्च गुणवत्ता वाली गर्म जैकेट वितरित की गईं। जैकेट वितरण के दौरान विद्यार्थियों में भारी उत्साह देखा गया। मीडिया से रूबरू होते हुए कक्षा के छात्र-छात्राओं ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से बढ़ रही शीतलहर के कारण उन्हें स्कूल आने-जाने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। जैकेट मिलने के बाद बच्चों ने राहत की सांस ली और कहा कि अब वे बिना किसी परेशानी के नियमित रूप से अपनी पढ़ाई जारी रख सकेंगे। इस अवसर पर स्थानीय गणमान्य नागरिक, विद्यालय के समस्त शिक्षकगण और बड़ी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे। चौरसिया के.पी. फाउंडेशन की इस पहल की क्षेत्र भर में सराहना हो रही है, क्योंकि ग्रामीण अंचल के बच्चों के लिए यह सहायता एक बड़ी राहत बनकर आई है।

## संपदा की लूट का खुला खेल जारी



**शिवपुरी,आचरण।** यू तो जन संपदा लूट के नाम म.प्र. का शिवपुरी विगत तीन दशक से कुख्यात रहा है फिर वह जन संपदा हो या फिर प्राकृतिक और वन संपदा मगर आज कल शिवपुरी में वन संपदा जन संपदा के साथ ही अघोषित संपदा की सुनियोजित लूट की चर्चा बड़ी जबरदस्त है । अगर सूत्रो की माने तो पत्थर खनन से लेकर रेत खनन का विधि की आड़ में संगठित खेल चल रहा है । उसमें बड़े बड़े नामो कि चर्चा खुलकर की जा रही है । जिसमें सत्ता के शार्गिद और विधि अनुसार रेत खनन के हकदार कोई गुप्ता और अघोषित प्रबधंन कर्ता अग्रबाल जी का नाम सुर्खियो में चल रहा है । जिनका साथ कंधे कंधा मिला एक सर्बेयर अबैध उत्खनन के प्रकरण ऑव्हर लोड के नाम बना दे रहा है खबर तो यहां तक है कि बरिष्ठो के संरक्षण में पद विरूद्ध निरीक्षक का रूतबा रखने बाले महासय का आलम यह है । कि जो रेत 1000 फुट क्वालिटी की शिवपुरी जिले को मिल सकती है । वह इनकी कृपा से 32000 हजार रूपये में नसीब हो रही है । कारण साफ है जिस जगह का ठेका है वहां रेत खत्म हो चुकी है । ठेका घाटे में न जाये इसलिये कही मिटटी मिली रेता बिच रही है तो कही स्वीकृत क्षैत्र छोड़ अन्य स्थानो से रेता निकल रही है । जो लगभग 32000 हजार में मिल रही है ।

सूत्रो कि माने तो जो एम शेन्ड रेता जो विधि अनुरूप क्वालिटी की है और शासकीय स्तर पर जिसे मान्यता प्राप्त है । वह 16000 हजार में ही मिल सकती है मगर मौजूद रेत अघोषित रूप से माफिया संस्कृति के चलते लोगो को 32000 में मिल रही है । यही नही खबरो कि ही माने तो कुछ समय पूर्व एक डंफर पकड़ा गया था जिस पर ट्रेक्टर का नंबर अंकित था और उस पर ट्रेक्टर का जुर्माना लगा छोड़ दिया गया । अगर यो कहै कि भोपाल के इसारे पर जिस तरह से शिवपुरी में पत्थर खनन की तरह रेत खनन का खेल चल रहा है । जिसमें सिर्फ संपदा ही नही जन संपदा भी लुट रही है ।

मगर इस खेल की असली सच्चाई तो यह है कि सभी दरबारों में सदाब्रत पहुँच रहा है । इसलिये न तो मंत्री की मंशा को तरजीह मिल रही है न ही इस अघोषित लूट की चर्चा विधिवत चल रही है मगर यह चर्चा गर्मी नही पकड़ रही है । जिस तरह भोपाल के इसारे पर पहले संपदा लूट का अघोषित खेल चलाता था वह आज भी खुलेयाम जारी है । मगर मातहत है जो अब भी सब पर भारी है । अब देखना यह होगा कि जो मंत्री सार्बजनिक तौर पर कार्यवाही का दम भर कर गये थे वह कब विधि का पालन करबाने में कामयाब होते है यह देखने बाली बात होगी ।

## धरना प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा

# चकबंदी प्रक्रिया को तत्काल निरस्त करने के लिए ग्रामीणों ने एक बार फिर भरी हुंकार

आचरण संवाददाता



**ललितपुर।** सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत जीरोन गांव के एक दर्जन से अधिक ग्रामीण एक बार फिर कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने धरना प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की और जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अपने गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग। इस दौरान उन्होंने चकबंदी अधिकारी कर्मचारियों पर काम में लापरवाही करने और मनमानी करने का आरोप लगाया इसके साथ ही गांव में मौजूद किसानों की छोटी-छोटी जमीनों को इस स्थान पर रखे जाने की मांग उठाई। बताते चले कि करीब एक सप्ताह पूर्व ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर चकबंदी प्रक्रिया निरस्त कराए जाने की मांग उठाई थी। जनपद में पिछले कई सालों से चल रही चकबंदी प्रक्रिया के दौरान गांव के छोटे-छोटे किसानों के चक्कों को एक जगह मिलकर बड़ी जमीन देने का काम किया जा रहा है। लेकिन अब यह चकबंदी प्रक्रिया इतनी दूषित हो चुकी है कि गांव के लोग इस चकबंदी प्रक्रिया को बंद करने की मांग उठा रहे हैं और चकबंदी अधिकारी कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार फैलाने का भी आरोप लगा रहे हैं। सोमवार को एक बार फिर ग्राम जीरोन के करीब एक दर्जन किसान कलेक्ट्रेट परिसर में एकत्रित हुए, जहां उन्होंने एक बर फिर अपने गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग उठाई और जिलाधिकारी को ज्ञापन भी दिया। जिला अधिकारी को दिए गए ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि उनके गांव में बहुत पहले से ही तरह-तरह की गुटबाजी है, खास तौर से जमीन संबंधी जिसमें पहले भी कई तरह के विवाद होती रहे हैं और चकबंदी से अनेक प्रकार के विवाद होंगे, जिससे गांव में लड़ाई झगड़ा और बढ़ जाएंगे। इससे माहौल भी खराब होगा और गांव में स्थाई रूप से अशांति प्राप्त होगी। यहां पर गांव में कृषि योग्य क्षेत्रफल बहुत ही काम है गांव में बहुत पहले रकबा 1500 एकड़ था, जिसमें से लगभग 400 एकड़ का कृषि योग्य रखवा है, शेष राजघाट बांध डूब क्षेत्र में चला गया है। गांव में लगभग 100 एकड़ का रकबा पशु चारागाह में दर्ज है, लगभग 100 एकड़ से अधिक जमीन पर आबादी की स्थिति है, जो अचक्क होती है।लगभग 300 एकड़ जमीन में बागवानी नहर रोड कुआं एवं ललितपुर देवगढ़ मार्ग पर स्थित है, जो चक नियम के अंतर्गत आता है। लगभग 50 एकड़ जमीन रेल विभाग में चली गई है, लगभग 50 एकड़ जमीन बंजर आम रास्ते में है, जो कृषि योग्य है ही नहीं। चकबंदी निस्तारण किए जाने के लिए गांव में प्रतिदिन हो रहे विवादों को देखकर सहमति जताई गई है कि गांव के किसी की कई जोत छोटी-छोटी है, जिनको हम सब अपने पास रखना चाहते हैं। ऐसे में सभी ग्राम वासियों का निवेदन है कि उनके गांव में चल रही चकबंदी प्रक्रिया चलाई जाने योग्य नहीं है, इसीलिए इस चकबंदी प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए और गांव में शांति स्थापित की जाए। ग्रामीणों ने यह भी हवाला दिया कि उनके गांव में अधिकांश वर्ग 3 की जमीन है, जिसको चकबंदी विभाग द्वारा ना ही नामांतरण किया जा रहा है। कुछ किसानों के पास केवल वर्ग तीन की भूमि है, इस प्रकार से तो कुछ किसान भूमिहीन हो जाएंगे। बताते चले कि पिछले मंगलवार को ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन कर इसी को लेकर डीएम को ज्ञापन दिया था। दिए गए ज्ञापन पर राजवीर पुरोहित मुरारी लाल दुबे हरिओम पुरोहित राम राजा मनीराम रघुवीर मूलचंद सुधा देवी मोहित पुरोहित प्रसन्न कुमार रामबाबू रामकुमार सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों के हस्ताक्षर बने हुए हैं।

## वसूली के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

आचरण संवाददाता

**कटनी।** स्थानीय प्रशासन की वित्तीय मजबूती के लिए राजस्व वसूली सर्वोपरि है, निर्धारित राजस्व लक्ष्यों को समय पर शत-प्रतिशत प्राप्त करनें के लिए बकाया करों की वसूली हेतु विशेष अभियान चलाना प्रारंभ करें तथा चिन्हित बड़े बकायादारों पर नियमानुसार कार्यवाही करना भी सुनिश्चित करें। उक्त आशय के निर्देश निगमायुक्त आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने एमआईसी हॉल मे आयोजित राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारी/कर्मचारियों को दिए। निगमायुक्त ने बैठक के दौरान लोक अदालत की वसूली सहित दिसंबर माह की संपत्तिकर, जलकर,समेकित कर सहित दुकान किराया,बाजार बैठकी सहित निगम के अन्य करों व प्रभारों की वसूली की विस्तार से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान वसूली कार्य में अच्छा प्रदर्शन करने वालों को प्रशंसा पत्र जारी करने तथा बाटम प्रदर्शन करने वालों पर नाराजगी व्यक्त की जाकर वसूली कार्य में तेजी लाने की सख्त चेतावनी दी गई। निगमायुक्त ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष समय को दृष्टिगत रखते हुए वसूली कार्य मे गति लाते हुए निर्धारित टारगेट के अनुरूप वसूली की हिदायत राजस्व अमले को देते हुए कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।निगमायुक्त ने राजस्व निरीक्षकों, उप निरीक्षकों,कर संग्रहक द्वारा वार्डवार वसूली की दैनिक प्रगति की समीक्षा के दौरान कम वसूली पाए जानें पर गहन नाराजगी व्यक्त करते हुए रोजाना वार्डो में भ्रमण कर बकाया करदाताओं से घर-घर संपर्क कर बकाया करों की राशि राजस्व कोष में जमा करानें की दिशा में सार्थक पहल करनें निर्देशित किया। उन्होंने बड़े व्यवसायिक कॉम्पलेक्स, सरकारी भवनों पर बकाया करों की राशि सख्ती से जमा करानें के निर्देश भी दिए। समीक्षा बैठक में जलकर की वूसली की प्रगति की समीक्षा के दौरान कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की जाकर बड़े बकायादारों के नामों की सूची बनाकर उनकों बकाया राशि जमा करनें हेतु प्रेरित करने तथा राशि जमा नहीं करनें पर नल कनेक्शन विच्छेदन की कार्यवाही प्रस्तावित करनें के निर्देश दिए। बैठक के दौरान निगमायुक्त नें बाजार बैठकी, बाजार शाखा तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बीएलसी घटक के हितग्राहियों की जाने वाली वसूली की समीक्षा की जाकर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने बकाया करो को जमा करने की सुविधा प्रदान करने 31 मार्च 2026 तक अवकाश के दिनों में भी नगर निगम कार्यालय खोलने को कहा।

## प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मध्य प्रदेश के प्रदेश सचिव बने संतोष उपाध्याय



**दतिया,आचरण।** 28 दिसंबर रविवार को प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन मध्य प्रदेश की एक प्रादेशिक बैठक का आयोजन भोपाल में किया गया बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने की लगभग मध्य प्रदेश के 55 जिलों से जिले के पदाधिकारी और संभाग के पदाधिकारी उपस्थित हुए प्रदेश पदाधिकारी ने सभी जिले और संभाग के पदाधिकारी को संगठन में मजबूती कैसे आए अधिक से अधिक सदस्य कैसे बने स्कूल संचालकों की समस्याओं का समाधान कैसे हो इस पर मंथन और चिंतन किया बैठक की प्रस्तावना प्रदेश के महासचिव श्री लक्ष्मीकांत मिश्रा ने प्रस्तुत की तत्पश्चात सभी जिलों से और संभाग से आए पदाधिकारी ने संगठन में अपने-आप अपने अनुभवों को साझा किया जैसे ही अंत में हमारे मां पीतांबरा की नगरी दतिया के संभाग अध्यक्ष संतोष उपाध्याय की प्रदेश सचिव पर नियुक्ति की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष अजीत सिंह ने की तो सभी ने खुशी जाहिर की सभी पदाधिकारी ने प्रदेश सचिव पर नियुक्त होने पर संतोष उपाध्याय जी को ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं दी पुष्प मालाए पहने उनसे प्रदेश संगठन को अपेक्षा है कि उनकी प्रदेश सचिव पर नियुक्ति से संगठन मजबूत होगा संतोष उपाध्याय जी ने अंत में प्रदेश अध्यक्ष जी को भरोसा दिलाया के अभी तक में संभाग तक ही सीमित था अब मैं पूरे प्रदेश में संगठन की सकारात्मक गतिविधियों को संचालित करने में अपना पूरा योगदान दूंगा जिला अध्यक्ष जीतेन्द्र जैन नगर अध्यक्ष लखन अवस्थी जिला प्रभारी कुलेन्द्र कुमार जैन शिवपुरी जिले के सभी संचालकों की ओर से संतोष उपाध्याय जी को इस उपलब्धि पर ढेर सारी बधाई और शुभकामनाएं

## ग्रामीण की बाइक को अनियंत्रित पिकअप ने टक्कर मारकर रौंदा, मौत

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** झांसी हाईवे पर ग्राम असउपूरा के पास एक पिकअप ने टक्कर मारकर दो बाइक सवारों को रौंद दिया। इस सड़क हादसे में दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां एक ग्रामीण को मृतक घोषित कर दिया, तो दूसरे ग्रामीण को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कर लिया। उक्त घटना की सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। ग्राम चिकलौआ निवासी 28 वर्षीय सचिन पुत्र किलकोटि अपने भतीजे के साथ अपने गांव से बांसी होता हुआ सब्जी लेकर बाइक पर सवार होकर मामा के घर जमालपुर जा रहे थे। इस दौरान मोटरसाइकिल ममेरा भतीजा शिवम चल रहा था। जब वह ग्राम असउपुरा के पास पहुंचा, तभी एक पिकअप ने उन्हें टक्कर मार कर रौंद दिया। इस सड़क हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हुए जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जिला चिकित्सालय में चले इलाज के दौरान सचिन की मौत हो गई, तो वहीं शिवम को इलाज के लिए भर्ती कर लिया जहां उसका इलाज चल रहा है। उक्त सड़क हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।बताया गया है कि मृतक पांच भाई और एक बहन में चौथे नंबर का था और वह अविवाहित था। वह बजाज पावर प्लांट में मजदूरी का काम भी करता था।

# अटल जन्म सप्ताह के तहत अटल स्मृति सम्मेलन सम्पन्न, विचार व्यक्त किए गए

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेई जन्मशताब्दी के अवसर पर चल रहे जन्म सप्ताह के तारतम्य में रविवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई को याद कर पुष्पांजलि अर्पित की गईं। उनके जन्म सप्ताह के कार्यक्रम जो जन्म शताब्दी समारोह के अंतर्गत सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज महरौनी में विधानसभा स्तर सम्मेलन का आयोजन हुआ।सम्मेलन की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन महरोनी मण्डल महामंत्री पियुष शुक्ला गोलू ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गौसेवक आयोग के अध्यक्ष श्याम विहारी गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में झांसी के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रदीप सरावगी भाई एवं झांसी जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए भाजपा के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा इस समय हमारे उच्च नेतृत्व के निर्देश पर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी के जन्मशताब्दी के अवसर पर उनका जन्म सप्ताह आयोजित किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत जिला के अलावा विधानसभा स्तर पर भी सम्मेलन आयोजित कर अटल जी को पुष्पांजलि अर्पित की जा रही है और उनके बारे में कार्यकर्ताओं को भी और ज्यादा जानकारी दी जा रही है। मुख्य अतिथि गौसेवा आयोग के अध्यक्ष श्यामबिहारी गुप्ता ने बताया कि अटल जी जानते थे कि भारत की अर्थव्यवस्था मुख्यतः कृषि आधारित है इसलिए वह किसानों के हित में बहुत से विकास के काम करते थे। विशिष्ट अतिथि प्रदीप सरावगी भाई ने कहा अटलजी बहुत जिजिविषा के धनी और कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने बाले थे उन्होंने चौरासी के चुनाव में दो सीट आने के बाबजूद कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा कर आगे सरकार बनाने की घोषणा की। झांसी जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम ने बताया कि अटल जी की स्वर्णिम चतुर्भुज योजना ने हमें अग्रिम देशों की पंक्तियों में लाकर खड़ा कर दिया है। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई ने देश को नये ढ़ंग से आगे लाने के लिए विभिन्न विकास के कार्य किए।उनके द्वारा किसान कार्ड जारी कर किसानों को महाजनों के जाल से छुड़ाने का कार्य किया। श्रम सेवा राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ उर्फ मन्नू कोरी ने कहा कि स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के अलावा उनका नदियों को जोड़ने की परियोजनाओं को आगे लाने का सपना भी था जिसे प्रधानमंत्री पूरा किया।

# वन विभाग ने वन्य जीव जंतुओं को बचाने के लिए हाईवे पर लगाए सांकेतिक पोस्टर

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** जनपद से गुजरने वाले झांसी सागर नेशनल हाईवे पर स्थित जनपद के गोना वन रेंज में विचरण कर रहे जीव जंतुओं को सड़क हादसों से बचने के लिए वन विभाग द्वारा ठोस कदम उठाया गया है। बताया गया है कि वन विभाग द्वारा इस इलाके में हाईवे पर बड़े-बड़े सांकेतिक पोस्टर लगाए गए हैं और वाहन चालकों से सावधानी से वाहन चलाने की नसीहत भी दी गई है, ताकि सड़क हादसों पर लगाम लगाई जा सके और वन्य जीवों की जान बचाई जा सके।जनपद से गुजरने वाले सागर नेशनल हाईवे 44 पर थाना नाराहट क्षेत्र के अंतर्गत गौना वन रेंज से गुजरने वाला यह हाईवे समीपवर्ती मध्य प्रदेश के सागर तक जाता है। इसी इलाके से हाईवे पर गुजरने वाले वाहनों द्वारा कई बार यहां विचरण कर रहे वन्य जीवों को रौंद दिया जाता था जिससे उनकी मौत हो जाती थी। इतना ही नहीं बड़े-बड़े वन्य जीवों की चपेट में आकर कई वाहन सड़क हादसे का शिकार हो जाते थे जिसमें कई लोग घायल भी होते थे। अब ऐसी सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए वन विभाग द्वारा एक ठोस कारगर कदम उठाया गया है। वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों द्वारा इस इलाके में वन्यजीवों के बड़े-बड़े सांकेतिक बैनर पोस्टर लगाए गए हैं जिन पर वाहन चालकों से अपील की गई है कि वह निश्चित स्पीड पर अपने वाहन चलाएं और सावधानी बरतें, क्योंकि यह इलाका वन्य जीवों का है। इस मामले में वन विभाग का मानना यह है कि हाईवे पर वन रेंज के अंतर्गत इन बैनर पोस्टर लगाने से सड़क हादसों में कमी तो आएगी ही साथ ही वन्यजीवों की जान भी बचेगी। बताते चलें कि कुछ समय पूर्व इसी इलाके से गुजर रहे एक ट्रक से एक गुलदार टकरा गया था जिससे उसकी मौत हो गई थी इसके साथ ही इस इलाके में कई छोटे वन्य जीवन की विमत सड़क हादसा में हो चुकी है।

## महिला के साथ मारपीट कर दी जान से मारने की धमकी

आचरण संवाददाता

**ललितपुर।** थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मुहारा में घरेलू पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला ने अपने पति और जेठ पर गाली गलौज कर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया। उक्त घटना के संबंध में पीड़िता की शिकायती पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ग्राम मुहारा के मजरा माडरी निवासी श्रीमती उषा पत्नी शोभाराम कुशवाहा ने थाना जखौरा पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि वह अपने घर पर थी और घरेलू कार्य कर रही थी। इसी दौरान उसका पति शोभाराम पुत्र दशरथ, जेठ कृपाल आदि एक राय होकर आए और घरेलू कामकाज को लेकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे। इतना ही नहीं जब उसने विपक्षियों की इस हरकत पर विरोध जताया, तब उन्होंने लाठी डंडा से उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थाना जखौरा पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर महिला द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

**प्रदर्शन** | जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देकर उठाई आवाज, नाराजगी दिखाई

# मांगों को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में किया धरना प्रदर्शन, रामधुन का किया गायन

आचरण संवाददाता



**ललितपुर।** भारत सरकार द्वारा अनु. जन जाति और अन्य परम्परागत वन निवासी का अधिनियम पास कर प्रदेश सरकारों को कियान्वयन करने हेतु आदेश करने के बाद 19 वर्षों के बाद भी जिले में किसी भी जन जाति के लोगों को वन अधिकार खेती के पटटे नहीं दिये गये है। इसी मामले को लेकर जनपद के करीब एक दर्जन गांवों के आदिवासी सहरिया जनजाति के ग्रामीण कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने धरना प्रदर्शन किया और रामधुन का गायन किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित कर जिला अधिकारी को ज्ञापन दिया और वनाधिकार अधिनियम के तहत उन्हें वन विभाग की जमीन पर पट्टे दिए जाने की मांग उठाई, ताकि वह अपने और अपने परिवार का भरण पोषण कर सकें। आरोप है कि वन अधिकार अधिनियम पास होने की 19 वर्ष बाद भी जिले में किसी भी अनुसूचित जन जाति के लोगों को वन अधिकार खेती के पटटे नहीं दिये गये हैं, जो जनपद के अधिकारियों द्वारा शासनादेशों का खुला उल्लंघन है। सोमवार को जनपद के ग्राम धुरवारा बादरौन बूधेडी राजपुर कोटरा बरौदा डांग मथुरा डांग सहित दो दर्जन से अधिक गांव में निवास करने वाले अनुसूचित जाति एवं जनजाति के ग्रामीण कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे, जहां उन्होंने वन अधिकार संरक्षण समिति के बैनर तले जमकर धरना प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान सभी ने कलेक्ट्रेट परिसर में बैठकर करीब आधे घंटे तक रामधुन का पाठ किया। ग्रामीणों ने राष्ट्रपति को संबोधित कर जिला अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया। दिए गए ज्ञापन में अवगत कराया गया है कि अनुसूचित जनजाति और अन्य परमपरागत वन निवासी को अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 एवं नियम 2007 व संशोधन 2012 में करते हुए लागू किया गया था। उक्त अधिनियम वन में निवास करने वाली ऐसी अनुसूचित जन जातियों और अन्य परम्परागत वन निवासियों को है, जो पीढ़ियों में वन मे निवास कर रहे है, उनको अधिकार दिलाने के लिए लागू किया था। मगर 2006 से आज तक अनुसूचित जन जाति के जनपद मे निवास कर रहे रावत सहरिया आदिवासियो को कोई अधिकार उक्त एक्ट के अन्तंगत प्रदान नही किये गये, जो उक्त एक्ट की घोर अवहेलना और उपेक्षा का परिचायक है। उक्त एक्ट को पारिदर्शिता अपनाते हुए उपेक्षित रावत सहरिया आदिवासियों का ससम्मान जीवन यापन करने के लिए पूरी गम्भीरता से उक्त एक्ट लागू कर रावत सहरिया जन जाति के लोगों को लाभ प्रदान किया जावे।

**शपथ-पत्र**

**समक्ष-श्रीमान् पब्लिक नोटरी अधिकारी महोदय दमोह (म.प्र.)**

मैं शपथकर्ता शिल्पी राजपूत पिता श्री शंकर सिंह राजपूत उम्र 34 वर्ष निवासी-628 पटेरा पुराने स्टेट बैंक के पास पटेरा, थाना व तहसील पटेरा, जिला दमोह (म.प्र.) शपथ पूर्वक निम्नलिखित कथन करती हूँ-

01. यह कि मैं शिल्पी राजपूत पिता श्री शंकर सिंह राजपूत उम्र करीब 34 वर्ष पता-628 पटेरा पुराने स्टेट बैंक के पास पटेरा, थाना व तहसील पटेरा, जिला दमोह (म.प्र.) की निवासी हूँ।

02. यह कि मेरी 10वीं की मार्कसीट में मेरा नाम शिल्पी सिंह राजपूत लिखा हुआ है, जबकि मेरा वास्तविक नाम शिल्पी राजपूत है।

03. यह कि 10वीं की मार्कसीट के अलावा मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा वास्तविक 03. नाम शिल्पी राजपूत दर्ज है।

04. यह कि मेरा वास्तविक नाम शिल्पी राजपूत दर्ज है, तथा भविष्य में सभी स्थान व 04. दस्तावेजों में शिल्पी राजपूत ही रहेगा, इस वास्ते यह शपथ पत्र दे रही हूँ।

शपथकर्ता..

सत्यापन

मैं शपथकर्ता शिल्पी राजपूत पिता श्री शंकर सिंह राजपूत उम्र 34 वर्ष निवासी-628 पटेरा पुराने स्टेट बैंक के पास पटेरा, थाना व तहसील पटेरा, जिला दमोह (म.प्र.) शपथ पूर्वक सत्यापित करता/करती हूँ इस शपथ पत्र में वर्णित कंडिका 01 से लगायत 04 तक के सम्पूर्ण कथन अपने निजी ज्ञान के अनुसार लिखे है जो सत्य व सही है।

दमोह, दिनांक-29/12/2025

सत्यापनकर्ता..

पावरग्रिड
POWERGRID

**आवश्यक सूचना**

**उच्च विभव बिजली की नई लाईन से "सावधान"**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पॉवरग्रिड बीना के द्वारा निर्माणाधीन **765 केवी सतना बीना C1&2 ट्रांसमिशन लाइन (डायवर्टेड भाग जिसकी लंबाई -19.827 km है )** के निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। उक्त पारेषण लाइन को दिनांक **5 जनवरी, 2026** या उसके बाद किसी भी दिन व किसी भी समय उच्च विभव (7,65,000 वोल्ट) पर आवेशित किया जाएगा।

उक्त पारेषण लाईन म.प्र. के सागर जिले के निम्नलिखित तहसील एवं ग्रामों से होकर जा रही है:

| क्र. सं. | ज़िला | तहसील | गाँव |
|---|---|---|---|
| 1 | सागर | बंडा | मगरधा, हनोता उवारी, महमदा, बेसली, पिडरुवा, बीजरी, नौधना |

उक्त गांवों व पंचायतों के नाम सांकेतिक है और उक्त ट्रांसमिशन लाइन कई आस-पास के गांवों से होकर भी गुजर सकती है ।

सुरक्षा की दृष्टि से एवं भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 की धारा (68) उपधारा (5) के अनुसार उपरोक्त पारेषण लाईन के नजदीक कोई वृक्ष लगाना, निर्माण करना अथवा किसी भी अन्य प्रकार की वस्तु स्थापना करना, जिससे बिजली लाईन के प्रचालन एवं अनुरक्षण में व्यवधान उत्पन्न हो, प्रतिबंधित है।

लाईन के नजदीक ऐसे किसी भी वृक्ष का रोपण, जिसकी भविष्य में ऊंचाई या शाखायें उपरोक्त नियम का उल्लंघन करती हो, प्रतिबंधित है। लाईन के नीचे किसी भी प्रकार का ज्वलनशील पदार्थ जमा करना, आग जलाना, ऊँचे पाईप या खम्भे का ट्रांसपोर्टेसन करना, ईंट का भट्ठा स्थापित करना वर्जित है। टावर पर चढ़ना, टावर की नींव के पास खुदाई करना पूर्णतया प्रतिबंधित है।

भारतीय विद्युत अधिनियम-2003 तथा नियम -1956 के अंतर्गत सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त लाईन के टावर पर न चढ़े तथा विद्युत् तारों से उचित दूरी बनाये रखे अन्यथा जान माल की क्षति हो सकती है। इस चेतावनी की अवहेलना करने पर किसी प्रकार की जान माल की क्षति होती है तो उसके लिए **पॉवरग्रिड बीना** की कोई जिम्मेदारी नही होगी तथा दुर्घटना होने पर उल्लंघनकर्ता स्वयं उत्तरदायी होंगे। पारेषण लाईन के सुचारु संचालन में बाधा उत्पन्न करने के कारण उल्लंघनकर्ता के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है।

जारीकर्ता
हरेश पटेल
महाप्रबन्धक
पावरग्रिड बीना

A Maharatna PSU

## संक्षिप्त समाचार

### कलेक्टर ने चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं



दमोह आचरण। ग्राम चंदना में कलेक्टर कोचर ने चौपाल लगाकर ग्रामवासियों की समस्याएँ सुनते हुए। प्रत्येक व्यक्ति की बात गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी निराकरण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

### हटा थाना परिसर में कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित



**दमोह आचरण।** दमोह हटा थाना परिसर में पुलिस एवं जन सहयोग से कंबल वितरण कार्यक्रम रखा गया इस अवसर पर हटा विधायक उमादेवी खटीक, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी,सुधीरबेगी नगर निरीक्षक हटा ने जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए। कार्यक्रम में दिव्यांगजन, आदिवासी वनवासी एकलव्य छात्रावास के छात्र एवं जरूरतमंद नागरिक लाभान्वित हुए।

### नव वर्ष पर मोहन्द्रा पवई मार्ग रहेगा बंद

पवई- हर नव वर्ष पर पवई के मां कलेही मंदिर एवं हनुमान भाटे में एक दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है। मेले में जिले नहीं बल्कि दूसरे जिलों के लोग भी नव वर्ष का आगाज कलेही देवी एवं हनुमान भाटे में दर्शन करके करते हैं, जिसकी वजह से मोहन्द्रा सिमरिया मार्ग पर काफी भीड़ रहती है। इसी को लेकर सोमवार को पवई थाना प्रभारी त्रिवेंद्र त्रिवेदी के द्वारा मार्ग परिवर्तन की जानकारी देते हुए बताया गया कि एक जनवरी को सिमरिया मोहन्द्रा से पवई आने वाले लोगों को सिमरिया अमानगंज मार्ग से आना होगा,वही कटनी से दमोह सिमरिया जाने वाले लोग अमानगंज होते हुए मोहन्द्रा,सिमरिया से जाएंगे।उक्त मार्ग से आवागमन करने वाले यात्रियों को असुविधा का सामना ना करना पड़े इसीलिए परिवर्तित मार्ग का उपयोग करें।

### शैक्षणिक भ्रमण पर चित्रकूट रवाना हुईं स्कूली बच्चियां

अमानगंज- शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज की -छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण पर चित्रकूट के लिए रवाना हुई। यह यात्रा 29 दिसंबर 2025 को विद्यालय परिसर से शुरू हुई। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान से आगे बढ़कर प्राचीन धरोहरो का ज्ञान एवं व्यवहारिक अनुभव देना है। यात्रा को विद्यालय के प्राचार्य मनीष रेज एवं शिक्षक आशीष खरे, पुष्पेंद्र बागरी पत्रकार अमित द्विवेदी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान शिक्षकों ने बताया कि चित्रकूट भ्रमण के दौरान छात्रों को धार्मिक, ऐतिहासिक और प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराकर जानकारी दी जाएगी । इससे उन्हें किताबों में पढ़ी गई बातों का प्रत्यक्ष अनुभव मिलेगा। साथ ही उनमें सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

### सरपंच कप क्रिकेट टूर्नामेंट का ग्राम सिलधारा में हुआ शुभारम्भ



पन्ना। ग्राम पंचायत सिलधरा में सरपंच क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया किया गया उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सरपंच संघ पन्ना के जिलाध्यक्ष बृजमोहन सिंह विशिष्ट अतिथि धर्मेंद्र पांडे जनपद उपाध्यक्ष पन्ना अरविंद सिंह यादव पूर्व जनपद उपाध्यक्ष पन्ना प्रभा गोड जिला पंचायत सदस्य राम शिरोमणि मिश्रा सरपंच पहाड़ी खेरा राम शिरोमणि लोधी सरपंच दिया लच्छू गोड सरपंच लुहरहाई सरपंच ज्योति राजेश यादव सरपंच सिलधरा अनिल यादव उपस्थित रहे मैच के दौरान पहला मैच उमरी से पहउवा के बीच हुआ जिसमें उमरी की टीम विजेता हुई। दूसरी टीम पुतरियनपार्टी से डीसी धमाका के बीच खेला गया जिसमें विजेता पुतरियन पाटी रही इस दौरान अनेक लोग उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से राजकुमारयादव राजकुमार यादव कमलेश यादव मुन्ना अहिरवार लक्ष्मी नारायण सोनी संतोष यादव राजा देवी सिंह भीम यादव नीरज यादव अवधेश यादव जुगल यादव दिग्विजय सिंह एवं अन्य ग्रामीण जन उपस्थित हुए।

## हत्या या हादसा: पुलिस के सामने चुनौती परिजन लगा रहे हत्या का आरोप

# झोपड़ी में मिली अधजली लाश

आचरण संवाददाता

पथरिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बांसाकला सजियाहार में सुबह एक झोपड़ी में अधजली लाश देखते ही दहशत हडकंप मच गया सूचना मिलते ही पुलिस एवं परिजन मौके पर पहुंचे पुलिस इसे हादसा बता रही तो वही परिजनों से हत्या बता रहे युवक की पहचान गुड्डू उर्फ मनोहर कडेरे के रूप में हुई जो की ग्राम जेरठ निवासी है अजित जैन ठेकेदार के चौकीदारी का कार्य करता था मृतक के भाई मनोज कडेरे ने बताया कि यह कोई हादसा नहीं बल्कि सुनियोजित तरीके से हत्या है कहीं ना कहीं किसी से आपसी विवाद हुआ है जिसके चलते उसे पत्थर से पटक है मारा है वहा पत्थर डले है। ग्राम साजिया में पानी की टंकी का निर्माण कर चल रहा था लेकिन ठेकेदार द्वारा बिजली विभाग से कोई कनेक्शन या अनुमति नहीं ली चोरी की लाइट से ही इतना बड़ा कार्य किया जा रहा था जिसमें ठेकेदार द्वारा लाखों रुपए की बिजली की चोरी की गई जिससे यह बड़ा हादसा हुआ जानकारों की माने तो ठेकेदार पर भी एफआईआर दर्ज होना चाहिए।



### इनका कहना है

लाइनमैन के अनुसार मेरे द्वारा लाइनमैन से पूछा गया लाइनमैन ने बताया कि ठेकेदार द्वारा किसी प्रकार का कनेक्शन या निर्माण संबंधी एडवाइस नहीं ली गई

**-जमना प्रसाद प्रजापति**
कनिष्ठ यंत्री बिजली विभाग

### कार्रवाई की जाएगी

112 पर तुलसी नामक व्यक्ति की सूचना आई थी जिसको लेकर पुलिस मौके पहुंची प्रथम दृष्टा में हीटर से मौत घटना लग रही है शव का पोस्टमार्टम पंचनामा बनाया गया है साथ ही पुलिस हर तरीके से इसकी जांच कर रही हैं जो भी तथ्य सामने आएंगे कार्यवाही की जाएगी

**-अमित मिश्रा**
थाना प्रभारी

## कासिम खान मारपीट मामला: कोतवाली में दोनों पक्ष आमने-सामने, झूमाझटकी का वीडियो वायर

आचरण संवाददाता

दमोह। शहर के फुटेरा वार्ड नं 3 से बीते दिन चंदू उपाध्याय के घर में पार्षद कासिम खान व उनके समर्थकों के द्वारा जबरन घर में घुसकर मारपीट की घटना सामने आई थी। घटना के वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आए थे।जिसके विरोध में पीड़ित पक्ष के साथ बड़ी संख्या में लोग एसपी कार्यालय पहुंचे यहां विरोध प्रदर्शन कर चक्का जाम का प्रयास किया। दूसरा पक्ष कोतवाली थाना पहुंचा। जहां कल मारपीट करने वाले सहित पीड़ित पक्ष के लोग आमने सामने आ गए। और कोतवाली थाना परिसर में ही गाली गलौच करते हुए झूमा झपटी और लात घूंसो से मारपीट करने पर उतारू हो गए।मौके पर मौजूद सीएसपी एच आर पांडे एवं कोतवाली ऋद्ध नगर निरीक्षक मनीष कुमार ने टीम के साथ दोनों पक्षों को अलग अलग कर समझाइश दी और मामले को शांत कराया। हालांकि यह पूरी घटना मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने अपने मोबाइल कैमरे में कैद कर ली। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।

## ग्राम मोहड़ में नंदी की हत्या, हिन्दू संगठन में आक्रोश

### घटना स्थल पर भारी पुलिस बल तैनात

आचरण संवाददाता

**तेंदूखेड़ा।** क्षेत्र के ग्राम मोहड़ में किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा नंदी की हत्या किए जाने की गंभीर घटना सामने आई है। इस घटना की सूचना विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल को दोपहर करीब 3 बजे प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही संगठन पदाधिकारियों द्वारा तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी को तत्काल अवगत कराते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई। इसके बावजूद पुलिस की ओर से घटनास्थल पर पहुंचने में लगभग तीन घंटे की देरी की गई, जिससे ग्रामीणों एवं संगठन कार्यकर्ताओं में भारी रोष व्याप्त है।

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने पुलिस की इस असंवेदनशीलता को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं में त्वरित कार्रवाई न होना समाज की भावनाओं को आहत करता है। घटना के बाद ग्राम में तनाव का माहौल बना हुआ है। संगठन ने मांग की है कि दोषियों की शीघ्र पहचान कर कड़ी कार्रवाई की



जाए तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए पुलिस प्रशासन संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य करे। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने प्रशासन से अपील की है कि धार्मिक आस्थाओं से जुड़े मामलों को गंभीरता से लिया जाए और कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु त्वरित कदम उठाए जाएं। इस संबंध में नगर निरीक्षक राघवेंद्र बागरी ने कहा कि पुलिस बल की कमी है सोमवार को जैसे ही सूचना प्राप्त हुई तत्काल पुलिस भेजी गई है

## विलुप्त हो रही ग्रामीण परिवहन की रीढ़ रही बैलगाड़ी

### विरासत - कभी खेती किसानी की रीढ़ रही बैलगाड़ी आज गांवों में भी दिखाई नहीं देती



विशाल रजक तेंदूखेड़ा/दमोह! एक समय ग्रामीण परिवहन व्यवस्था की रीढ़ रही बैलगाड़ी अब विलुप्त होती जा रही है तकनीक ने खेती-बाड़ी के तौर तरीकों में बड़ा बदलाव ला दिया है इसका असर बैलगाड़ी पर भी पड़ा है ट्रैक्टर मिनी ट्रक आटों लोडर और अन्य परिवहन साधनों ने तेजी से बैलगाड़ी की जगह ले ली है और खेती से जुड़ी यह पारंपरिक पहचान अब कभी कभार ही सड़कों पर दिख जाती है किसान अपने खेतों में समय बचत करने के लिए मशीनों का सहारा ले रखा है फसल काटने से लेकर बोने तक मशीनों का प्रचलन बढ गया है इस आधुनिक युग में खेती के हल बैल बोझा ढोने के काम में आने वाले बैल गाड़ी देखने को नहीं मिल रही है

### हल बैलों से करते हैं जुताई

तेंदूखेड़ा निवासी भागीरथ रजक ने बताया कि सोमवार को जबलपुर से आते समय 27 मील के पास तेंदूखेड़ा की और से आते हुए रास्ते में मुझे एक बैलगाड़ी कई साल बाद देखने को मिली बैलगाड़ी देखकर मुझे अपने बचपन के दिनों की याद आ गई उन्होंने कहा कुछ सालों तक बैलगाड़ी दिखाई देती थी और मैंने भी बैलगाड़ी की सवारी और खेती-बाड़ी में मदद ली है लेकिन समय के साथ आज बैलगाड़ी बहुत दिनों बाद देखने को मिली बैलगाड़ी लेकर जा रहे किसान ने बताया कि वो नरगुवा ग्राम गए थे अब अपने घर जा रहे हैं उन्होंने कहा कि वो आज भी खेत की जुताई हल बैल से करते हैं और अधिकांश आवश्यक कार्य बैलगाड़ी से ही निपटाते हैं उनका मानना है कि आधुनिक साधनों पर निर्भरता बढ़ने से नई पीढ़ी इस पारंपरिक परिवहन माध्यम को भूलती जा रही है जबकि यह किसानों का कई मामलों में आत्मनिर्भर बनाती है इसको संरक्षित करने की जरूरत है

### शान की सवारी थी बैलगाड़ी

जब ग्रामीण क्षेत्रों में वाहनों की आवाजाही नहीं थी और लोग हजारों किमी दूर तक पैदल चलकर या फिर इस बैलगाड़ी से अपनी मंजिल तक पहुंचते थे लेकिन अब विलुप्त हो चुकी है ग्रामीण क्षेत्रों में बैलगाड़ी की सवारी शान की सवारी कहीं जाती थी खराब सड़कों पर भी बैलगाड़ी लोगों को अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचा देती थी मायके से ससुराल जाना हो या किसी गांव व जिले जाना हो तो बैलगाड़ी एक यातायात का बढ़िया साधन था आने वाले समय के बच्चों के बीच बैलगाड़ी की कहानी बताने वाला कोई नहीं होगा

### *ग्रामीण संस्कृति और आत्मनिर्भरता की प्रतीक है हमारी बैलगाड़ी

किसान भागीरथ रजक पंडा ने बताया कि एक समय था जब किसान खेती का बोना रोपना अनाज दुलाई बाजार तक माल पहुंचाने से लेकर गोबर खाद और भूसा परिवहन तक हर कार्य बैलगाड़ी से करते थे आज किसान आधुनिक साधनों का उपयोग कर रहे हैं जिससे बैलगाड़ी का उपयोग कम हो गया है किसान दशरथ पाल ग्र का कहना है कि यदि बैलगाड़ी परंपरा संरक्षित नहीं की गई तो आने वाली पीढ़ी सिर्फ किताबों और तस्वीरों में ही इसे देख पाएगी यह भारतीय ग्रामीण संस्कृति और आत्मनिर्भरता की प्रतीक भी रही है

## अवैध कॉलोनियों के प्रकरण तैयार करने दिए निर्देश

पन्ना। कलेक्टर ऊषा परमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे प्रयास, उर्वरक की उपलब्धता, गत कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस के विभागवार बिन्दुओं पर अपेक्षित कार्यवाही तथा पोषण पुनर्वास केन्द्रों में जेके सेम के सहयोग से न्यूट्री बॉस्केट वितरण सहित जिला हीरा कार्यालय एवं स्थानीय निर्वाचन कार्यालय को स्वयं के नवनिर्मित भवन में स्थानांतरित करने के संबंध में चर्चा की गई। इसके अलावा बगैर मूलभूत सुविधाओं के विकसित की जा रही अवैध कॉलोनियों के प्रकरण तैयार कर प्रेषित करने, हेलमेट की अनिवार्यता का पालन, पेट्रोल पम्प द्वारा बगैर हेलमेट के पेट्रोल विक्रय पर सख्ती से रोकथाम, शासकीय विभागों की विभिन्न समितियों की समय पर बैठक कराने, सड़क सुरक्षा बैठक के पालन प्रतिवेदन तथा ई-दक्ष केन्द्र के समन्वय से शेष लोकसेवकों को मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण करवाने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर श्रीमती परमार ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार किसानों की फॉर्मर आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाएं।

**लापरवाही** प्रभारी शिक्षक ने स्वीकार किया, पढ़ाई हो रही प्रभावित

# अतिथि शिक्षक के भरोसे 46 छात्र-छात्राएं

आचरण संवाददाता

पथरिया। प्राथमिक शाला में पदस्थ मीना ठाकुर प्रधानाध्यापक अदिति मिश्रा पदस्थ है मीना ठाकुर द्वारा सीसीएल के लिए छुट्टी पर है वही अदिति मिश्रा द्वारा शादी के लिए 27 दिन की छुट्टी ली 27 दिन बाद 10 दिन का मेडिकल ले लिया गया जो की समाप्त हो चुका है अदिति मिश्रा द्वारा 17 नवंबर से अवकाश पर है लेकिन उपस्थिति रजिस्टर में 14 नवंबर से उपस्थिति दर्ज नहीं है सूत्रों की माने तो पहले से ही वह स्कूल नहीं आई शासन द्वारा शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए सार्थक एप्स जैसे उपस्थिति के लिए चलाए गए लेकिन शिक्षा विभाग में ऐसे एप्स का कोई महत्व दिखाई नहीं दे रहा फिर भी अदिति मिश्रा स्कूल नहीं आ रही शिक्षा विभाग द्वारा प्राथमिक शाला इंदिरा आवास कॉलोनी से हृदय सिंह शिक्षक को अटैच किया गया साथ ही हाई स्कूल के अतिथि शिक्षक मनीष को स्कूल व्यवस्था देखते हुए अटैक किया गया जो 7 दिन तक अटैक रहे उसके बाद डूडा मै पदस्थ पूजा नेमा को अटैच किया गया



पूजा नेमा द्वारा अपनी परेशानी बताते हुए वापसी कर ली गई आनन फानन मै व्यवस्था को देखते हुए 17 नवंबर से अतिथि शिक्षक आशुतोष प्यासी की भर्ती की गई जानकारों की माने तो एस ए आर के समय समस्त छुट्टियां निरस्त कर दी गई थी फिर भी निर्वाचन अधिकारी एस आई आर में लगी ड्यूटी को काट सकता है लेकिन किसी विभाग पदस्थ कर्मचारियों को छुट्टी नहीं दे सकता लेकिन शिक्षा विभाग में अदिति मिश्रा को किस बेस पर छुट्टी दे दी गई यह सवाल शिक्षा विभाग के अधिकारीयो को भी समझ नहीं आ रहा वह एक दूसरे पर टालते नजर आ रहे हैं

### एक दूसरे पर लगा रहे आरोप कर रहे गुमराह

इस संबंध में जन शिक्षक चंद्र भूषण तिवारी से बात हुई तो उन्होंने बताया कि हमें ना कोई पत्र दिया गया है और ना ही हमें कोई सूचना दी गई मुझे छुट्टी संबंधी कोई जानकारी नहीं है जन शिक्षक




अरविंद पटेल ने बताया कि अदिति मिश्रा की एस आई आर में ड्यूटी लगी थी उनके द्वारा ही अप निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम के यहां से अदिति मिश्रा ने छुट्टी ली गई मेरे पास ऐसा कोई पत्र नहीं आया व्हाट्सएप्प पर पत्र आया है किस प्रकार की छुट्टी ले गई बी आर सी जेके जैन कहा कि मेरे पास कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है ना मेरे पास कोई पत्र आया है और कुछ कारणो से मैं निरीक्षण भी नहीं कर पाया छुट्टी संबंधी स्कूल संबंधी मुझे कोई जानकारी नहीं है

## सिद्ध स्थल हनुमान भाटे, माँ कलेही मंदिर एवं बाबा कैलाशी में नव वर्ष पर श्रद्धालुओं का लगेगा मेला



पवई - बुंदेलखंड में प्रसिद्ध पन्ना जिले के पवई से 2 किलोमीटर दूर पतने नदी के किनारे स्थित दुर्गम पहाड़ी पर प्राचीन सिद्ध स्थल हनुमान भाटे स्थित है, जहां चंदेल कालीन पाषाण, अद्वितीय प्रतिमा के रूप में स्वयं श्री हरि नरसिंह,भगवान महाकाल और सिद्ध स्वरूप में श्री हनुमान जी महाराज विराजमान है। जिनके दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं वर्ष भर तांता लगा रहता है। नववर्ष पर यहां आस पास के जिले ही नहीं अपितु दूसरे प्रदेश के लोग भी लाखों की संख्या में यहां पहुंचते हैं तथा त्रिदेव के दर्शन कर अपने नए साल का आगाज करते हैं। बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी नूतन वर्ष पर प्राचीन सिद्ध स्थल हनुमान भाटे में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। बता दें कि हनुमान भाटे पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को लगभग ग्यारह सौ सीढ़ियों की चढ़ाई करनी पड़ती है,तदोपरांत वह मंदिर पहुंचते है। श्रद्धालु हनुमान भाटे सड़क मार्ग के माध्यम से भी पहुंच सकते हैं। यहां पहुंचने के लिए पन्ना,कटनी दमोह,सतना आदि से सड़क मार्ग के माध्यम से पवई पहुंचकर यहां पहुंचा जा सकता है। नववर्ष यहां एक दिवसीय मेले का आयोजन भी किया जाता है,जिसमें दूर दराज के व्यापारी आकर अपना सामान विक्रय करते हैं। भक्तों के यहां होते हैं हर मनोरथ पूर्ण -ऐसी मान्यता है कि जो भी श्रद्धालु भक्ति भाव व श्रद्धा भक्ति से पांच मंगलवार या शनिवार को सीढ़ियां चढ़ कर यहां अपना माथा टेकते है, जिससे उनकी सारी मनोकामना पूरी हो जाती है। इस आस्था और विश्वास के कारण यहां भक्त गण दर्शन करने के लिए पहुंचते हैं। इस स्थल को मध्य प्रदेश के पर्यटन विभाग से भी जोड़ा गया है जिससे यहां कई तरह के विकास कार्य भी हो चुके हैं।इसके साथ ही नूतन वर्ष का आगाज करने के लिए माँ कलेही मंदिर , बाबा कैलाशी सहित आँचलिक क्षेत्रों के देवालयों मे आस्था का समागम होगा जहाँ भक्त आशीर्वाद लेकर नव वर्ष की शुरुआत करेंगे।

## अस्पताल में मरीजों को कंबल वितरित

अमानगंज - समाजसेवी एवं भाजपा कार्यकर्ताओं ने अमानगंज अस्पताल पहुंचकर गरीब असहाय लोगों के बीच किए कंबल वितरण,पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती के उपलक्ष में गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा के मार्गदर्शन में सोमवार को दोपहर 3 बजे भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तथा रोगी कल्याण समिति के सदस्य प्रशांत अज्जू छिरौलिया की अगुवाई में अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर गरीब असहाय मरीजो को कंबल वितरित किए,इस दौरान प्रशांत अज्जू छिरोल्या ने बताया कि गुनौर विधायक डॉ राजेश वर्मा के मार्गदर्शन में लगातार गरीब असहाय की मदद के लिए प्रयासरत है जहां एक बार फिर आज ठंड से बचाव के लिए अस्पताल में असहाय गरीब मरीजों के बीच कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया उन्होंने कहा की इसी तरीके से गरीब असहाय लोगों की मदद के लिए हमेशा आगे आकर कार्य करते रहेंगे, भाजपा नेता मनीष तिवारी ने कहा कि ऐसे गतिविधियों से गरीब लोगों की मदद तो होती ही हैं। इस कार्यक्रम में प्रशांत अज्जू छिरोलिया, मनीष तिवारी, शीलू तिवारी, चन्दन पाठक, राजदीप गोस्वामी, अमित द्विवेदी, सुजय सिंग परमार, रंजीत छिरोलिया, रविंद्र शर्मा, सौरभ तिवारी, ऋषि तिवारी, सहित समाज सेवी कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## बेटियों का सम्मान हो व युवाओं की प्रतिभा खेलों के माध्यम से तरासी जा रही

सिमरिया। दनवारा ग्राम में सूबेदार क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच देखने के लिए कई किलोमीटर से आसपास के ग्रामीण और गांव वाले उमड़ पड़े एक समय ऐसा लग रहा था जैसे सबकी सांसे रुक गई हो धड़कन थम गई हो हर तरफ गगनचुंबी छक्के और चौकों की बरसात हो रही थी मनिया टीम के 109 के स्कोर का सामना करते हुए लुधनी टीम ने विजय हासिल की पन्ना जिले की जिला पंचायत अध्यक्ष फाइनल मैच की मुख्य अतिथि श्रीमती मीना राजे परमार ने 15 15 ओवर का पूरा मैच देखा गौरतलब है जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे पन्ना जिले के लुधनी ग्राम की ही रहने वाली है मीना राजे ने कहा सेना में सूबेदार पद पर पदस्थ पुष्पेंद्र तिवारी सराहनीय कार्य कर रहे है जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा बेटियां बेटों से कम नहीं है आज पन्ना जिले में सभी विभागों पर मातृशक्ति अच्छे पदों पर कार्य कर रही है सूबेदार पुष्पेंद्र तिवारी गांव में जन्मी बेटी को अपनी बेटी मानकर 5000 की राशि पोषण आहार के लिए प्रदान करते हैं अभी तक 48 दनवारा ग्राम की बेटियो को पोषण आहार की राशि प्रदान कर चुके हैं विजेता टीम को 21000 की राशि और वह विजेता को 11000 की राशि से पुरस्कृत किया गया साथ में भाला फेंक गोला फेक ऊंची कूद लंबी कूद बैडमिंटन आदि एथलेटिक्स खिलाड़ियों को भी शील्ड देकर सम्मानित किया गया लुधनी टीम अपने ग्राम की जिला पंचायत अध्यक्ष के हाथों से ट्रॉफी लेकर उत्साह से भरपूर नज़र आ रही थी।

## विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह अभिभावक सम्मेलन संपन्न



पन्ना। मध्यप्रदेश देवेंद्रनगर स्थित सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नगर की सर्वाधिक प्राचीन, प्रतिष्ठित एवं संस्कारोन्मुख शिक्षण संस्था है। यह विद्यालय विगत दशकों से विद्यार्थियों को केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही नहीं, बल्कि अनुशासन, नैतिकता, नेतृत्व एवं राष्ट्रसेवा के मूल्यों से भी संस्कारित करता आ रहा है। विद्यालय का लक्ष्य विद्यार्थियों के चहुँमुखी विकास को केंद्र में रखकर उन्हें एक सफल, सशक्त, संस्कारी एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करना है। इसी शैक्षिक परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय परिसर में विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह सह अभिभावक सम्मेलन का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नागौद विधायक एवं पूर्व मंत्री नागेंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के छायाचित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर विधायक नागेंद्र सिंह द्वारा वर्ष 2014 में सांसद निधि से विद्यालय को प्रदत्त 5 लाख की राशि से संबंधित शिल्प पट्टिका का अनावरण किया गया। तत्पश्चात नन्हे विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को उल्लासमय एवं भावपूर्ण वातावरण प्रदान किया। कार्यक्रम में शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं विविध प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही अभिभावकों से संवाद कर शिक्षा में संस्कारों की भूमिका, पारिवारिक सहभागिता एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर सार्थक विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के पूर्व प्रभारी प्राचार्य श्री युगल किशोर सिंह ने की। इस अवसर पर गुनौर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने कक्षा 10वीं (सत्र 2024-25) की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की टॉप-10 सूची में सातवाँ स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा प्रिया पटेल को 10,000 की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की। वहीं संस्था के संरक्षक सदस्य फूलचंद विश्वकर्मा ने अपनी पूर्व घोषणा के अनुरूप 5,000, तथा रामभजन त्रिपाठी द्वारा 4,000 की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। डॉ. राजेश वर्मा ने विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षिक उन्नयन हेतु विधायक निधि से 5 लाख की अतिरिक्त राशि प्रदान करने की घोषणा भी की।

# भूटान के सोनम येशे ने 8 विकेट लेकर टी-20 क्रिकेट में बनाया नया रिकॉर्ड




गेलेफू (भूटान)

भूटान के बाएं हाथ के स्पिनर सोनम येशे एक टी-20 मैच में आठ विकेट लेने वाले दुनिया के पहले गेंदबाज बन गए हैं। 22 वर्षीय येशे ने यह कारनामा म्यांमार के खिलाफ तीसरे अंतरराष्ट्रीय टी-20 मुकाबले में किया। येशे ने म्यांमार के खिलाफ खेले गये मुकाबले के अपने चार ओवर में सात रन देकर आठ विकेट झटके। इस मैच में भूटान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 127 रन का स्कोर बनाया था। इसके जवाब में म्यांमार की पूरी टीम को 45 रन सिमट गई। इस सीरीज में येशे अब तक चार मैचों में 12 विकेट ले चुके हैं। अंतरराष्ट्रीय और घरेलू टी-20 क्रिकेट में यह उपलब्धि किसी भी गेंदबाज द्वारा पहली बार हासिल की गई है। येशे से पहले पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में केवल दो गेंदबाजों ने सात विकेट लिए थे। सयाजरुल इद्रुस ने 2023 में चीन के खिलाफ मलेशिया के लिए आठ रन देकर सात विकेट लिए थे। वहीं अली दाऊद ने 2025 में भूटान के खिलाफ बहरीन के लिए 19 रन देकर सात विकेट झटके थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से बाहर भी यह कारनामा केवल दो बार हुआ है। कॉलिन एकरमैन ने 2019 में बर्मिंघम बियर्स के खिलाफ लीसेस्टरशर के लिए 18 रन देकर सात विकेट लिए थे, जबकि तस्कीन अहमद ने 2025 में ढाका कैपिटल्स के खिलाफ दरबार राजशाही के लिए 19 रन देकर सात विकेट हासिल किए थे। महिला अंतरराष्ट्रीय टी-20 और कुल मिलाकर टी-20 क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़े शून्य रन देकर सात विकेट हैं, जो 2024 में मंगोलिया के खिलाफ इंडोनेशिया की रोहमालिया ने दर्ज किए थे। यह महिला अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में हुए चार सात विकेट हॉल में से एक है। शेष तीन प्रदर्शन फ्रेडरिक ओवरडाइक ने फ्रांस के खिलाफ नीदरलैंड्स के लिए तीन रन देकर सात विकेट, एलिसन स्टॉक्स ने पेरू के खिलाफ अर्जेंटीना के लिए तीन रन देकर सात विकेट और समंथि दुनुकेदेनिया ने चेक रिपब्लिक के खिलाफ साइप्रस के लिए 15 रन देकर सात विकेट लेकर दर्ज किए थे। महिला टी-20 मैचों में ऐसे चार और मामले दर्ज किए जा चुके हैं।

येशे ने जुलाई 2022 में मलेशिया के खिलाफ अपना अंतरराष्ट्रीय टी-20 पर्दापण किया था। उस मैच में उन्होंने 16 रन देकर तीन विकेट लिए थे। इसके बाद विकेट इस रफ्तार से नहीं आए थे, लेकिन अब उनके नाम 34 टी-20 मैचों में 37 विकेट दर्ज हैं।

## मोदी ने कोनेरू हम्पी और अर्जुन एरिगैसी को दी शुभकामनाएं

नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपिशनशिप 2025 में कांस्य पदक जीतने वाली कोनेरू हम्पी और अर्जुन एरिगैसी की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कल सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कोनेरू हम्पी को बधाई, जिन्होंने दोहा में फिडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं के सेक्शन में कांस्य पदक जीता। खेल के प्रति उनका समर्पण सराहनीय है। आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं।

एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, दोहा में फीडे विश्व रैपिड शतरंज चैंपियनशिप के ओपन सेक्शन में कांस्य पदक जीतने के लिए अर्जुन एरिगैसी पर गर्व है। उनका हौसला काबिले तारीफ है। उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# मध्यप्रदेश ने केरल को 47 रनों से शिकस्त दी

अहमदाबाद

हिमांशु मंत्री (93) की शानदार बल्लेबाजी के बाद शुभम शर्मा (तीन विकेट), सारांश जैन और शिवांग कुमार (दो-दो विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर मध्यप्रदेश ने विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप ए मुकाबले में केरल को 47 रनों से शिकस्त दी। यहां केरल ने टॉस कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। अंकित शर्मा (चार विकेट) और बाबा अपराजित (तीन विकेट) के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर केरल ने बल्लेबाजी करने उतरी मध्य प्रदेश को 46.1 ओवर में 214 के स्कोर पर समेट दिया। मध्यप्रदेश के लिए हिमांशु मंत्री ने 105 गेंदों में सात चौकों की मदद से 93 रनों की पारी खेली। इसके अलावा त्रिपुरेश सिंह ने (37), हर्ष गवली (22), आर्यन पांडे (15) और यश दुबे ने 13 रनों का योगदान दिया। केरल के लिए अंकित शर्मा और बाबा अपराजित के अलावा एम डी निधीष और ईडन ऐपल टॉम ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी केरल की टीम मध्यप्रदेश के गेंदबाजी आक्रमण के आगे 40.1 ओवर में 167 के स्कोर पर सिमट गई और मुकाबला 47 रनों से हार गई। केरल के लिए शराफुद्दीन ने सर्वाधिक 42 रनों की पारी खेली। सलमान निजार (30), विष्णु विनोद (20), कप्तान रोहन कुन्नुमल (19), मोहम्मद अजहरुद्दीन (15) और अंकित शर्मा 13 रन बनाकर आउट हुये। शेष बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। मध्यप्रदेश के लिए शुभम शर्मा ने तीन विकेट, सारांश और शिवांग ने दो-दो विकेट लिए। जबकि त्रिपुरेश, आर्यन और कुमार कार्तिकेय ने एक-एक विकेट लिया।

### श्रीलंका के खिलाफ पांचवांऔर आखिरी टी-20 मुकाबला आज

# जीत के साथ 2025 का समापन करने उतरेगी भारतीय महिला टीम

## श्रीलंका के खिलाफ क्लीन स्वीप पर रहेंगी भारतीय टीम की नजरें




तिरुवनंतपुरम

भारत और श्रीलंका की महिला टीमों के बीच मंगलवार को पांच मैचों की टी-20 सीरीज का आखिरी मुकाबला तिरुवनंतपुरम में खेला जाएगा। भारतीय टीम पहले ही ये सीरीज अपने नाम कर चुकी है और अब उसकी नजरें पांचवां टी20 जीतकर श्रीलंका को 5-0 से क्लीन स्वीप करने पर टिकी होंगी। भारतीय टीम का इस साल का यह आखिरी मुकाबला होगा और टीम को कोशिश रहेगी कि वह साल का अंत जीत से करे।

### शेफाली ने किया प्रभावित

शुरुआती तीन मैचों में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया जिससे बल्लेबाजों को बहुत कम मेहनत करनी पड़ी। इन मैचों में आक्रामक अंदाज में खेलने वाली शेफाली वर्मा ने काफी प्रभावित किया है। भारत के लिए सबसे बड़ी चिंता का विषय उसकी फील्डिंग है। वह अभी तक इस विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया है। पिछले मैच में भी उसने दो कैच छोड़े और स्टंपिंग का एक मौका गंवाया। भारतीय टीम के लिए इस सीरीज में कई सकारात्मक पहलू भी रहे। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर ने एक साल के अंतराल के बाद इस प्रारूप में सफल वापसी की, वहीं हमेशा भरोसेमंद रहने वाली दीप्ति शर्मा लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा ने भी अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन किया है। इस 20 वर्षीय गेंदबाज ने अभी तक श्रृंखला में 5.73 की इकॉनमी रेट से चार विकेट लिए हैं। बल्लेबाजी में शेफाली ने शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अब तक चार मैचों में तीन अर्धशतक बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 185.82 का है। भारतीय टीम के लिए एक और बड़ी राहत उप कप्तान स्मृति मंधाना का फॉर्म में वापसी रही। बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने चौथे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 48 गेंद पर 80 रन बनाए और वह अपनी इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी।

पहले तीन मैच कम स्कोर वाले रहे, लेकिन चौथे मैच में खूब रन बने तथा भारत और श्रीलंका दोनों ने इस प्रारूप में अपना अब तक का सर्वोच्च स्कोर बनाया। श्रीलंका की कप्तान चमारी अटापट्टू ने पिछले मैच में 37 गेंदों में 52 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की लेकिन उन्हें अन्य बल्लेबाजों से भी उपयोगी योगदान की जरूरत है।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारतः** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा।

**श्रीलंकाः** चामरी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विशमी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, नीलाक्षिका डी सिल्वा, कविशा दिलहारी, इमेशा दुलानी, कौशिनी नुथ्यांगना, मालशा शेहानी, इनोका राणावीरा, शशिनी गिम्हानी, निमेश मदुशानी, काव्या कविंदी, रश्मिका सेववंडी, मल्की मदारा।

## डग ब्रेसवेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास

वेलिंगटन

न्यूजीलैंड के लिए एक दशक से भी अधिक समय खेलने वाले पूर्व ऑलराउंडर डग ब्रेसवेल ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। 35 साल के ब्रेसवेल ने न्यूजीलैंड के लिए 69 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, जिसमें 28 टेस्ट शामिल हैं, और उन्होंने अपने लाल-गेंद करियर में 74 विकेट लिए।ब्रेसवेल का नाम न्यूजीलैंड क्रिकेट के इतिहास में 2011 में होबार्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच जिताने वाले प्रदर्शन के लिए दर्ज है, जहां उन्होंने मैच में नौ विकेट लेकर सात रन की यादगार जीत दिलाई थी। ब्रेसवेल ने सफेद गेंद क्रिकेट में भी न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने एकदिवसीय और टी-20 में 41 मैच खेले। वह आईसीसीस पुरुष टी-20 विश्व कप 2012 में न्यूजीलैंड टीम का हिस्सा थे।न्यूजीलैंड के लिए उनका आखिरी मैच 2023 में वेलिंगटन में श्रीलंका के खिलाफ एक टेस्ट था। बाद में पसली की चोट के कारण घरेलू कैरियर छोटा हो गया।

# मेलबर्न क्रिकेट मैदान की टेस्ट पिच को मिली 'अंसतोषजनक' रेटिंग



मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड को एक डिमेरिट अंक मिला

दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मैच रेफरी जेफ क्रो ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड की बॉक्सिंग डे टेस्ट की पिच को 'अंसतोषजनक' रेटिंग दी है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच चौथा टेस्ट दो दिन के अंदर ही समाप्त हो गया था और इस कारण से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड को एक डिमेरिट अंक मिला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चीफ जेम्स ऑलसोप्प ने अपने बयान में कहा, बहुत प्रशंसकों के पास तीसरे और चौथे दिन के टिकट थे और उसके अलावा लाखों प्रशंसक इस मैच के लिए उत्साहित थे लेकिन पिच के कारण यह दो दिन में ही समाप्त हो गया और यह निराशाजनक है। पिछले कुछ सालों में मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के स्टाफ ने बेहद शानदार टेस्ट पिच तैयार करके दी थी और हमें उम्मीद है कि अगले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट और मार्च 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले टेस्ट में बढ़िया पिच देखने को मिलेगी।

आईसीसी ने पिच रेटिंग के लिए चार श्रेणी रखी है और इस मैदान की पिच को तीसरे स्थान 'अंसतोषजनक' श्रेणी में रखा गया है जिसमें पिच गेंदबाजों के लिए फायदेमंद रहती है और गेंद एवं बल्ले के बीच बराबर का मुकाबला देखने को नहीं मिलता। पिछले तीन बॉक्सिंग डे टेस्ट में एमसीजी को 'सबसे बढ़िया' पिच की रेटिंग दी गई थी लेकिन इस बार मामला उलट गया।

यह इस एशेज में दूसरा दो दिन वाला टेस्ट था और सीरीज के पहले तीन टेस्ट में जीत के बाद इस मैच में ऑस्ट्रेलिया को हार का सामना करना पड़ा। मैच समाप्त होने के अगले दिन मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड के क्यूरेटर मैट पेज ने बताया कि वह एकदम सदमे में हैं। पेज के पिच पर 10 मीमी घास छोड़ने के फैसले की भी काफी चर्चा हो रही है। इस टेस्ट के दो दिन में समाप्त होने की वजह से क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को बड़ा आर्थिक नुकसान (10 मिलियन ऑस्ट्रेलिया डॉलर) भी हुआ है।

## मुंबई इंडियंस ने क्रिस्टन बीम्स को स्पिन गेंदबाजी कोच बनाया

मुंबई

WPL की गत विजेता मुंबई इंडियंस ने ऑस्ट्रेलिया की पूर्व लेग स्पिनर क्रिस्टन बीम्स को अपना नया स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया है। 41 वर्षीय बीम्स ने 2014 से 2017 के बीच ऑस्ट्रेलिया के सभी तीनों फॉर्मेट खेले थे। MI के कोचिंग स्टाफ में हेड कोच लीजा काइटली और गेंदबाजी कोच एवं मेंटर झूलन गोस्वामी मौजूद हैं। इसके अलावा MI के सपोर्ट स्टाफ में देविका पल्शिकर बल्लेबाजी कोच और निकोल बोल्टन फील्डिंग कोच हैं। काइटली का भी यह मुंबई इंडियंस के साथ पहला सीजन होगा और इससे पहले वह तीन सीजन तक दिल्ली कैपिटल्स के साथ थी। बीम्स ने कहा कि वह झूलन गोस्वामी जैसी दिग्गज के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हैं ।

# वनडे सीरीज : हार्दिक और जसप्रीत बुमराह को दिया जा सकता है आराम




नयी दिल्ली

भारतीय क्रिकेट टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन वनडे मैचों की सीरीज 11 जनवरी से खेलनी है। इसके लिए भारतीय स्क्वाड का ऐलान अभी नहीं हुआ है। अब एक रिपोर्ट सामने आई है, जिसमें पता चला है कि टी-20 वर्ल्ड कप 2026 को देखते हुए स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को वनडे सीरीड से रेस्ट दिया जा सकता है। क्योंकि ये दोनों प्लेयर्स भारतीय टी20 टीम की अहम कड़ी हैं और उन्हें आगे कई मैच खेलने हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद पांच टी-20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी।

### लंबे समय से दोनों प्लेयर्स ने नहीं खेला है वनडे मुकाबला

रिपोर्ट मुताबिक टीम मैनेजमेंट हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह का वर्कलोड मैनेज करना चाहता है। बुमराह ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल के बाद से कोई भी वनडे मुकाबला नहीं खेला है। दूसरी तरफ फिटनेस संबंधी समस्याओं की वजह से हार्दिक चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद कोई वनडे मैच नहीं खेल पाए हैं। टीम मैनेजमेंट का पूरा फोकस ये है कि ये दोनों प्लेयर्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 से पहले पूरी तरह से फिट रहें।

### भारतीय टी-20 टीम की अहम कड़ी हैं हार्दिक-बुमराह

भले ही हार्दिक पांड्या और जसप्रीत बुमराह टीम इंडिया के लिए पिछले कुछ समय से वनडे क्रिकेट नहीं खेल रहे हैं, लेकिन टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में ये दोनों अहम कड़ी हैं और चंद गेंदों में ही मैच का रुख बदलने में माहिर हैं। साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में हार्दिक ने कमाल का प्रदर्शन किया था। उन्होंने सीरीज में दो अर्धशतक लगाए थे और कुल तीन विकेट भी हासिल किए थे। उन्होंने टीम को सीरीज जिताने में अहम रोल प्ले किया था। इस बात की संभावना जताई जा रही है कि भले ही हार्दिक वनडे सीरीज में नहीं खेलें, लेकिन वह विजय हजारे टूर्नामेंट में बड़ौदा की टीम के लिए दो मैच खेल सकते हैं। जिससे वह बीसीसीआई के घरेलू क्रिकेट में नेशनल प्लेयर्स के दो मैच खेलने के नियम को पूरा भी कर सकें।


### न्यूजीलैंड के खिलाफ 21 जनवरी से होगी टी2-0 सीरीज की शुरुआत

शुभमन गिल को टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए नहीं चुना गया है। ऐसे में इस बात की पूरी संभावना है कि वह ही वनडे सीरीज में टीम की कमान संभालते हुए नजर आएंगे। एक रिपोर्ट में बताया गया है कि वनडे टीम की घोषणा 4-5 जनवरी के आसपास होने की उम्मीद है। वनडे सीरीज के बाद टी20 सीरीज की शुरुआत 21 जनवरी से होगी और पहला मुकाबला नागपुर के मैदान पर खेला जाएगा। इसके बाद रायपुर (23 जनवरी), गुवाहाटी (25 जनवरी), विशाखापत्तनम (28 जनवरी) और तिरुवनंतपुरम (31 जनवरी) में मैच होंगे।

### विराट कोहली रेलवे के खिलाफ खेलेंगे

पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली दिल्ली के लिए विजय हजारे ट्रॉफी के छठे मुकाबले में भी खेलेंगे। यह मुकाबला 6 जनवरी को रेलवे के खिलाफ बेंगलुरु में होना है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहन जेटली ने सोमवार को यह जानकारी दी। डीडीसीए अध्यक्ष रोहन जेटली ने पीटीआई से बात करते हुए कहा- फिलहाल, वह खेल रहे हैं। विराट ने तीन मैचों के लिए अपनी उपलब्धता दी है।'

# विजय हजारे ट्राफी: दिल्ली ने सौराष्ट्र को 3 विकेट से हराया




अलुर

नवदीप सैनी (तीन विकेट/नाबाद 34) और प्रिंस यादव (दो विकेट) के बाद प्रियांश आर्य (78) और तेजस्वी दहिया (53) की शानदार प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली ने सोमवार को विजय हजारे ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में सौराष्ट्र को सात गेंदे शेष रहते तीन विकेट से हरा दिया। यहां दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सौराष्ट्र ने निर्धारित 50 ओवरों में सात विकेट पर 320 रनों का स्कोर खड़ा किया। विश्वराज जाडेजा ने 104 गेंदों में 13 चौके और एक छक्का लगाते हुए 115 रनों की पारी खेली। वहीं रुचित अहीर ने 65 गेंदों में सात चौके और पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद 95 रन बनाये। समर गज्जर (41), कप्तान हार्विक देसाई (28) और चिराग जानी 17 रन बनाकर आउट हुये। दिल्ली के लिए नवदीप सैनी ने तीन विकेट लिये। प्रिंस याद को दो विकेट मिले। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने 48.5 ओवर में सात विकेट पर 321 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से अपने नाम कर लिया। दिल्ली के लिए प्रियांश आर्य ने सर्वाधिक 78 रनों की पारी खेली। तेजस्वी दहिया 53, हर्ष त्यागी 49, नीतीश राणा 37 रन बनाकर आउट हुये। नवदीप सैनी ने 29 गेंदों में दो चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 34 रनों की पारी खेली। सौराष्ट्र के लिए हितेन कानबी और चिराग जानी ने दो-दो विकेट लिये।

### मुम्बई ने छत्तीसगढ़ को नौ विकेट से हराया

शार्दुल ठाकुर (चार विकेट) और शम्स मुलानी (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद अंगकृष रघुवंशी (नाबाद 68) और सिद्धेश लाड (नाबाद 48) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत छत्तीसगढ़ को 156 गेंदें शेष रहते नौ विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर मुम्बई ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। शार्दुल ठाकुर 13 रन देकर (चार विकेट) और शम्स मुलानी 31 रन देकर (पांच विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर बल्लेबाजी करने उतरी छत्तीसगढ़ को 38.1 ओवर में 142 के स्कोर पर समेट दिया। छत्तीसगढ़ के लिए कप्तान अमनदीप खरे (68) और अजय मंडल (46) ही जुझारू बल्लेबाजी का प्रदर्शन कर सके। शेष नौ बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके।

## ध्रुव जुरेल का नाबाद शतक, उप्र ने बड़ौदा को 54 रनों से हराया

राजकोट

ध्रुव जुरेल (नाबाद 160) रनों की शतकीय और कप्तान रिंकू सिंह (63) की अर्धशतकीय पारी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर उत्तर प्रदेश ने सोमवार को विजय हजारे ट्राफी एलीट ग्रुप बी मुकाबले में बड़ौदा को 54 रनों से हराया। यहां टॉस जीतकर बड़ौदा ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी उत्तर प्रदेश के लिए अभिषेक गोस्वामी और आर्यन जुयाल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 77 रन जोड़े। 15वें ओवर में राज लिंबानी ने आर्यन जुयाल (26) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद लिंबानी ने अभिषेक(51) को अपना शिकार बना लिया। प्रियम गर्ग (तीन) भी लिंबानी का शिकार बने। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये रिंकू सिंह ने 67 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के उड़ाते हुए 63 रनों की पारी खेली। प्रशांत वीर 35 और समीर रिजवी 11 रन बनाकर आउट हुये। ध्रुव जुरेल ने 101 गेंदों में 15 चौके और आठ छक्के उड़ाते हुए नाबाद 160 रन बनाये। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी बड़ौदा की पूरी टीम निर्धारित 50 ओवरों में 315 रन का स्कोर ही बना सकी और मुकाबला 54 रनों से हार गई। बड़ौदा के लिए कप्तान क्रुणाल पंड्या ने 82, शाश्वत रावत ने 60, विष्णु सोलंकी ने 43, अतीत सेठ ने 46 और शिवालिक शर्मा ने 30 रन बनाये।

# साल 2025 में विश्व कप के बाद महिला क्रिकेटरों की ब्रांड वैल्यू कई गुना बढ़ी



नई दिल्ली

इस साल महिला विश्वकप क्रिकेट ट्रॉफी जीतने के बाद ही भारतीय टीम की खिलाड़ियों की ब्रांड वैल्यू बढ़ने से उनपर पैसे की बरसात हुई है। टीम की खिलाड़ियों की ब्रांड वैल्यू एकदम से बढ़ी है और उनके साथ करार के लिए कई कंपनियां आतुर हैं। स्टार खिलाड़ी स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स और कप्तान हरमनप्रीत कौर जैसी खिलाड़ियों की ब्रांड वैल्यू दोगुनी से भी अधिक हो गयी है। इन खिलाड़ियों को अपने विज्ञापन में शामिल करने के लिए ऑटोमोबाइल कंपनियों से लेकर बैंक और एफएमसीजी तक शामिल हैं। इसके अलावा खेल सामग्री बनाने वाली कंपनियां, जीवनशैली, सौंदर्य प्रसाधन से जुड़ी कंपनियां भी इन्हें अपना ब्रांड एंबेस्डर बनाना चाहती हैं। मंधाना, ऋचा घोष और राधा यादव का प्रबंधन करने वाली कंपनियां भी इससे उत्साहित हैं और उनका मानना है कि ऐसा पहली बार हुआ है। इससे तय है कि महिला क्रिकेटरों का भविष्य उज्जवल है।

प्रबंधन से जुड़ी कंपनियों की एक प्रमुख ने कहा, 'हम उनके ब्रांड मूल्य में तेज उछाल देख रहे हैं। शीर्ष स्तर की किसी खिलाड़ी के विज्ञापन मूल्य में दो से तीन गुना तक बढ़ोतरी हो गई है। जेमिमा की कीमत 60 लाख रुपये से बढ़कर लगभग 1.5 करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। शैफाली की कीमत 40 लाख रुपये से बढ़कर लगभग एक करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। हमें शीर्ष खिलाड़ियों के लिए 25-55 फीसदी की बढ़त की उम्मीद है। महिला क्रिकेट की बढ़ती लोकप्रियता ने भी खिलाड़ियों के ब्रांड मूल्य में वृद्धि में योगदान दिया है। उन्होंने बताया, 'जेमिमा के फॉलोअर्स की संख्या दोगुनी 33 लाख हो गई है ।

# अमन खान ने दिए 123 रन पुरुष लिस्ट-ए में सबसे ज्यादा

नई दिल्ली

पुडुचेरी के कप्तान और ऑलराउंडर अमन खान ने विजय हजारे ट्रॉफ़ी मैच में झारखंड के खिलाफ़ अपने 10 ओवर के कोटे में 123 रन लुटा दिए और अब उनके नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड दर्ज हो गया है। अब यह पुरुषों के लिस्ट-ए मैच का सबसे महंगा गेंदबाज़ी स्पेल बन गया है। कुमार कुशाग्र के शतक और अनुकूल रॉय के नाबाद 98 रनों की पारियों के दम पर झारखंड ने पहले बल्लेबाज़ी करते हुए सात विकेट के नुक़सान पर 368 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया था। अहमदाबाद में खेले गए इस मैच में पुडुचेरी के केवल तीन गेंदबाज़ अपना कोटा पूरा कर सके और अमन भी इनमें से एक रहे। हालांकि, उनकी इकॉनमी 12.3 की रही। जवाब में पुडुचेरी की टीम 41.4 ओवर में 235 के स्कोर पर ऑल आउट हो गई।इससे पहले पुरुष लिस्ट-ए मैच में सबसे अधिक रन ख़र्च करने का रिकॉर्ड अरुणाचल प्रदेश के तेज़ गेंदबाज़ मिबॉम मोसू के नाम था जिन्होंने इसी महीने इसी टूर्नामेंट में बिहार के खिलाफ़ 116 रन ख़र्च किए थे। इस मैच को कुछ अन्य कारणों से भी सुर्खियां मिली जिसमें बिहार के वैभव सूर्यवंशी पुरुष लिस्ट-ए क्रिकेट में शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज़ बने थे। उन्होंने केवल 14 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की है।अमन ने 2021 में सौराष्ट्र के लिए अपना लिस्ट-ए डेब्यू किया था, लेकिन बाद में पुडुचेरी चले गए थे। हाल ही में उन्हें आईपीएल-2026 ऑक्शन में चेन्नई सुपर किंग्स ने 40 लाख रूपये में ख़रीदा है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाबालिग प्रेमिका और बालिग प्रेमी ने जहर खाकर जान दी



गुना। गुना में नाबालिग प्रेमिका और उसके बालिग प्रेमी ने जहर खाकर जान दे दी। रविवार रात इलाज के दौरान 16 वर्षीय लड़की की जिला अस्पताल में मौत हो गई। उसकी मौत की खबर मिलते ही प्रेमी अस्पताल से भाग निकला। सोमवार सुबह उसका शव कॉलोनी के पीछे खेतों की ओर पड़ा मिला। कैंट थाना पुलिस के अनुसार, रशीद कॉलोनी निवासी 25 वर्षीय गणेश रजक का पड़ोस में रहने वाली आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली 16 वर्षीय लड़की से करीब एक साल से प्रेम प्रसंग था। रविवार शाम करीब 6 बजे जब लड़की की मां और भाई घर लौटे, तो वह उल्टियां कर रही थी। हालत बिगड़ती देख परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल ले गए। इलाज के बाद वह सो गई, लेकिन रात करीब 9:30 बजे उसकी मौत हो गई। लड़की के साथ ही गणेश ने भी जहर खाया था। जब लड़की अस्पताल में भर्ती थी, तब गणेश भी वहां पहुंचा था। जैसे ही उसे प्रेमिका की मौत की जानकारी मिली, वह अस्पताल से भाग गया। रात भर वह घर नहीं लौटा। सोमवार सुबह रशीद कॉलोनी के पीछे खेतों की ओर टहलने निकले लोगों ने गणेश को अचेत हालत में पड़ा देखा। सूचना पर डायल-112 मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक युवक होश में नहीं था और अपना नाम भी ठीक से नहीं बता पा रहा था। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस दौरान युवक का वीडियो भी सामने आया है।

### जोमैटो डिलीवरी बॉय की ट्रक की टक्कर से मौत



ग्वालियर। ग्वालियर के महाराजपुरा इलाके में एक सड़क दुर्घटना में जोमैटो डिलीवरी बॉय की मौत हो गई। नो एंट्री में घुसे एक ट्रक क्रमांक RJ11 GC 1655 ने उसकी इलेक्ट्रिक बाइक क्रमांक MP 07 AF 3548 को टक्कर मार दी। जिससे डिलीवरी बॉय समीर खान की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक समीर खान मुरार थाना क्षेत्र के लेदर फैक्ट्री के पास का रहने वाला था। यह घटना महाराजपुर थाना क्षेत्र के डीडी नगर पटरी रोड पर सोमवार दोपहर 3:00 से 3:30 के बीच हुई थी। घटना के बाद मृतक के परिजन और अन्य डिलीवरी बॉय आक्रोशित हो गए। उन्होंने सड़क पर ही चक्का जाम कर दिया, जिससे गोले के मंदिर से भिंड रोड पिंटू पार्क तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सड़क दुर्घटना और चक्का जाम की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जिला प्रशासन की टीम और एसडीएम भी घटनास्थल पर पहुंचे थे।

### एक मृतक भाजयुमो का पूर्व उपाध्यक्ष; नाराज परिजनों ने लगाया जाम

# तेज रफ्तार एसयूवी चाय की गुमटी में घुसी, दो की मौत

जबलपुर

जबलपुर से करीब 35 किलोमीटर दूर ग्राम सदाफल के पास तेज रफ्तार एसयूवी इनोवा कार ने रविवार देर शाम चाय की गुमटी पर खड़े चार लोगों को रौंद दिया। इस घटना में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो को मामूली चोट आई हैं। तेज रफ्तार एसयूवी जबलपुर से अमरकंटक की तरफ जा रही थी। इस दौरान सदाफल से कुंडम तरफ आ रहे बाइक सवारों को बचाने के चक्कर में कार चालक ने सड़क किनारे स्थित चाय की टपरी में कार घुसा दी। एक्सीडेंट के बाद चारों तरफ अफरातफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोग दोनों युवकों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां सोमवार दोपहर को उनकी मौत हो गई। घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने जबलपुर अमरकंटक रोड पर चक्काजाम कर दिया। मृतकों में भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व उपाध्यक्ष दीपक महोबिया और आकाश विश्वकर्मा हैं। दोनों ही चाय की गुमटी पर चाय पी रहे थे। दोनों की मौत की



जानकारी जैसे ही कुंडम क्षेत्र में लगी तो ग्रामीणों ने चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना है कि तेज रफ्तार हाईवे तो बन रहा है, लेकिन इस रहवासी क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर होना चाहिए था। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसने सड़क किनारे खड़े 3 से 4 वाहनों को टक्कर मारते हुए सीधे गुमटी में घुस गई। एक्सीडेंट की जानकारी मिलते ही कुंडम थाना पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लेते हुए जांच शुरू कर दी। एएसपी के मुताबिक कार सवार डिंडौरी के रहने वाले हैं जो किसी काम से जबलपुर आए थे और वापस लौट रहे थे। घायलों में दीपक और शरद को भी चोट आई हैं, जिनका निजी अस्पताल में इलाज जारी है।

#### अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा का कहना है-

प्राथमिक जांच में सामने आया था कि जबलपुर से अमरकंटक तरफ जा रही एसयूवी इनोवा की रफ्तार बहुत तेज थी, जबकि सदाफल गांव से कुंडम तरफ आ रहे बाइक सवार भी रफ्तार में थे। बाइक को बचाने के प्रयास में इनोवा चालक ने अचानक ही गाड़ी घूमा दी, जो कि सड़क किनारे स्थित चाय की गुमटी में जा घुसी। दीपक और आकाश का मेडिकल कॉलेज में पीएम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना की जांच भी करवाई जा रही है।

## ग्वालियर में झाड़ियों में मिला महिला का निर्वस्त्र शव

### दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका, पहचान के लिए सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

ग्वालियर

ग्वालियर में एक महिला का निर्वस्त्र शव झाड़ियों में मिला है।महिला के सिर पर भारी हथियार से वार कर हत्या की गई है। पुलिस को सोमवार शाम 5 से 5:30 बजे के बीच राहगीरों से सूचना मिली थी। गोला का मंदिर थाना क्षेत्र के नारायण विहार में कटारे फार्म हाउस के अंदर शव झाड़ियों में पड़ा था। सूचना मिलते ही पुलिस, फोरेंसिक टीम और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आशंका जताई है कि महिला के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है।

#### शव एक दिन पुराना होने का अनुमान

मृतक महिला की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। उसकी उम्र 25 से 35 साल के बीच बताई जा रही है। पुलिस को शव के पास से कोई भी पहचान संबंधी दस्तावेज नहीं मिला है। पुलिस का अनुमान है कि शव एक दिन पुराना हो सकता है। पुलिस अज्ञात महिला की पहचान के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। हत्या और दुष्कर्म की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगी। एडिशनल एसपी अनु बेनीवाल ने बताया कि थाने पर सूचना प्राप्त हुई थी कि नारायण बिहार कॉलोनी की झाड़ियां में एक अज्ञात महिला का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलने पर मैं बल के साथ मौके पर पहुंची, महिला के सिर पर किसी भारी हथियार से हमला कर हत्या की गई है। संभवत महिला के साथ गलत काम भी किया गया है। उन्होंने बताया कि महिला की पहचान नहीं हो सकती है। घटनास्थल के आसपास छ्ष्टञ्जङ्क भी चेक किए जा रहे हैं। अन्य थानों से गुमशुदा हुई महिलाओं की जानकारी भी जुटाए जा रही है।

## विवि: संघ में SOUGAR शब्द पर निर्णय चुनाव के बाद, 29 जनवरी को मतदान

### सागर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ की चुनावी तैयारियों को लेकर साधारण सभा की बैठक संपन्न

आचरण संवाददाता

सागर। डॉ. हरीसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षकों के नवगठित 'सागर विश्वविद्यालय शिक्षक संघ' (सूटा) की सोमवार को साधारण सभा की बैठक हुई। इतिहास विभाग में हुई बैठक मुख्य रूप से यह निर्णय लिया गया कि संघ के नए पदाधिकारियों को चुनने के लिए 29 जनवरी 2026 को मतदान होगा। इससे पहले चुनाव अधिकारी डा. अस्मिता गजभिए ने बताया कि विवि के नियमित शिक्षकों को इस संघ की सदस्यता लेने के लिए आखिरी तारीख 15 जनवरी 2026 तय की गई है। इसके बाद 16 जनवरी से आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू कर दी जाएगी। बैठक के दौरान संघ की सचिव अभिलाषा दुर्गवंशी ने संघ के नाम में SAGAR की जगह SOUGAR और वर्तमान पता के परिवर्तन जैसे विषयों को रखा। जवाब में सदस्यों ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वर्तमान में चुनावी प्रक्रिया को सुचारू रखने के लिए किसी भी तरह का बड़ा परिवर्तन नहीं किया जाएगा। ऐसे सभी निर्णय चुनाव के बाद निर्वाचित नई कार्यकारिणी द्वारा ही लिए जाएंगे, ताकि चुनावी प्रक्रिया प्रभावित न हो। बैठक में तय किया गया कि चुनाव पूरी तरह गुप्त मतदान और बैलेट पद्धति से संपन्न कराए जाएंगे। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि चुनाव पूर्णतः निष्पक्ष हों।



#### नवनियुक्त शिक्षकों का होगा सम्मान

संघ के उपाध्यक्ष वीरेंद्र मटसेनिया ने बताया कि पिछले चार वर्षों में विश्वविद्यालय में नियुक्त हुए प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और असिस्टेंट प्रोफेसरों के लिए एक भव्य स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। प्रो. अशोक अहिरवार के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम जनवरी के दूसरे सप्ताह में संपन्न होगा। बैठक की अध्यक्षता संघ की अध्यक्ष डॉ. रूपाली सैनी ने की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसरों–डॉ.दिवाकर सिंह राजपूत, डॉ.उत्सव आनंद, डॉ.केशव टेकाम, डॉ.अनिल तिवारी और डॉ.अलीम अहमद खान ने संघ की लोकतांत्रिक कार्यप्रणाली और कार्यक्रमों की सराहना की। बैठक में डॉ. कल्पतरू दास, डॉ. एम एस कर्णा, डॉ. सुप्रभा दास, डॉ. लोकेश उइके, डॉ. अरविंद गौतम सहित विभिन्न विभागों के बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## जबलपुर में बाउंड्री कूदकर घर में घुसा तेंदुआ

जबलपुर

जबलपुर में बढ़ती तेंदुओं की संख्या ने रहवासी इलाकों में भी डेरा डालना शुरू कर दिया है। आयुध निर्माणी खमरिया के सरकारी घरों में भी तेंदुओं की दहशत से लोगों में डर है। ओएफके कर्मचारी राजू मीणा के घर में भी तेंदुआ देखा गया है, जो सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। फैक्ट्री प्रबंधन और सुरक्षा विभाग से मांग की गई है कि रात्रि गश्त बढ़ाई जाए। आयुध निर्माणी खमरिया में कार्यरत कर्मचारी राजू मीणा का वेस्टलैंड में घर है। 28 दिसंबर की रात 2:14 पर एक विशाल तेंदुआ गेट को लांघकर अंदर घुसता है और काफी देर तक चहल कदमी करने के बाद पीछे के रास्ते से होते हुए जंगल की तरफ भाग जाता है। तेंदुए का घर में घुसने का वीडियो जब लोग सीसीटीवी फुटेज में देखते है तो हड़कंप मच जाता है। करीब 11 सेकंड के वीडियो में देखा जा सकता है कि तेंदुआ बहुत ही आसानी से ऊंची बाउंड्री कूदकर अंदर की ओर आते हुए दिखाई दे रहा है।



## IAS अफसर ने युवक को मारे चांटे, नर्मदा घाट पर पेशाब करने से नाराज थे



नरसिंहपुर

नरसिंहपुर में नर्मदा तट पर पेशाब करने से नाराज जिला पंचायत सीईओ IAS गजेंद्र नागेश ने एक युवक को थप्पड़ मारे। बीच-बचाव करने पर पुजारी को धमकी भी दी। घटना शनिवार की है। सोमवार को इसका वीडियो सामने आने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया। आरोप है कि अधिकारी ने सार्वजनिक रूप से अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया, जिससे लोगों में आक्रोश फैल गया है। घटना बरमान रेत घाट की है। यहां घाट के पास जनरल स्टोर चलाने वाले ब्रजेश नौरिया तट के पीछे पेशाब करने गए थे। इसी दौरान सीईओ वहां पहुंचे और नाराज हो गए। आरोप है कि उन्होंने चालानी कार्रवाई करने की बजाय युवक को दो-तीन थप्पड़ मारे और दुकान तुड़वाने के साथ दोबारा घाट पर न दिखने की धमकी दी।


#### पुजारी- उठक बैठक लगाने के लिए मजबूर किया

कथा-पूजन कराने वाले पुजारी कैलाश चंद्र मिश्रा ने बताया कि जब उन्होंने घाट क्षेत्र में सुलभ शौचालय नहीं होने की बात कही, तो अधिकारी भड़क गए। आरोप है कि सीईओ ने उनके साथ गाली-गलौज की और कहा कि तुम्हें रेत में गड़वा दूंगा, जितना ऊपर दिख रहे हो उतना ही अंदर करवा दूंगा। पुजारी का कहना है कि उन्हें दंड बैठक लगाने के लिए भी मजबूर किया गया।

## उमरिया में बाघ घर में घुसकर खाट पर बैठा, वीडियो वायरल

उमरिया

बाघों के लिए विश्व प्रसिद्ध उमरिया के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से सटे बेल्दी गांव में सोमवार सुबह एक बाघ ने ग्रामीण पर हमला कर दिया। इसके बाद एक मकान में घुस खाट के ऊपर बैठ गया। इससे गांव में हड़कंप मच गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण उसे देखने मकान की छतों पर चढ़ गए। बाघ खेतों के किनारे चलकर गांव तक पहुंचा। सूचना मिलते ही पनपथा बफर की वन विभाग टीम तुरंत मौके पर पहुंची। बाघ को पकड़ने के लिए टीम को आठ घंटे मशक्कत करनी पड़ी। यह पहला मौका नहीं है, जब गांव में बाघ घुसा है। इससे पहले चिल्हारी के गड़रिया हार क्षेत्र में भी एक बाघिन देखी गई थी, जिसे 26 दिसंबर को रेस्क्यू कर माधव टाइगर रिजर्व भेजा गया था।





#### एक झपट्टे में जमीन पर गिर पड़ा युवक

बाघ ने पनपथा बफर के बेल्दी गांव के लोगों का कहना है कि बाघ सुबह करीब 10 बजे देखा गया था। करीब साढ़े 10 बजे तक वन विभाग को सूचना दी। दोपहर करीब 12.30 बजे टाइगर खेत से निकलकर गांव की ओर बढ़ा था। गांव में उसने गोपाल कोल पर हमला कर दिया। गोपाल एक झपट्?टे में जमीन पर गिर पड़ा। वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया। गोपाल के पैर में चोट आई है। उसे कटनी जिले के बरही अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद कटनी रेफर किया है। बीटीआर कि टीम घायल के साथ है। इस हमले के बाद बाघ दुर्गा प्रसाद द्विवेदी के घर के अंदर जाकर बैठ गया है, जिससे ग्रामीण परेशान और भयभीत हैं। ग्रामीणों ने बताया है कि यहां पर जंगली जानवरों का आना-जाना लगा रहता है। ज्यादातर ग्रामीण डंडों से जानवरों को खदेड़ देते हैं। आज भी बाघ को डंडे लेकर घेरने की कोशिश की है। इस दौरान बाघ ने पलटवार कर दिया, जिसमें गोपाल कोल घायल हो गया।

## ट्रैक्टर ने बाइक को रौंदा, पत्नी की मौत, पति घायल

ग्वालियर

ग्वालियर में बाजार से खरीदारी कर वापस घर लौट रहे एक दंपती की बाइक में तेज रफ्तार ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई है, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल है। घटना रविवार शाम आरोन के बोमठ खो के पास हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को निगरानी में लिया है। साथ ही घायल युवक को इलाज के लिए जेएएच के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। ऐसा भी पता लगा है कि दंपती का बेटा भी साथ में था, लेकिन हादसे से 10 मिनट पहले ही उसे उतारा था। वह पीछे अपने दोस्त की बाइक पर बैठकर आ रहा था। किस्मत से उसकी जान बच गई। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। ग्वालियर के आरोन थाना क्षेत्र के बेरखेड़ा निवासी चिरोंजी लाल पेशे से किसान है। रविवार को वह पत्नी गुड्डी देवी और बेटा रविन्द्र के साथ खरीदारी करने के लिए घाटीगांव आया था।

### मनमानी

### 200 रुपए तक अतिरिक्त वसूली; पुलिस ने चिपकाए क्यूआर कोड

## जबलपुर डुमना एयरपोर्ट पर अटैच टैक्सियों की मनमानी

जबलपुर

डुमना एयरपोर्ट पर अटैच टैक्सियां यात्रियों से निर्धारित दर से अधिक राशि वसूल रही थीं। इसकी शिकायत मिलने पर जबलपुर एसपी ने सीएसपी रांझी को कार्रवाई के निर्देश दिए। जांच के दौरान यात्रियों ने बताया कि टैक्सी चालक एक फेरे में 200 रुपए तक अतिरिक्त वसूली कर रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एयरपोर्ट परिसर में क्यूआर कोड चिपकाए हैं, जिनमें सीएसपी, थाना प्रभारी और एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों के संपर्क नंबर दर्ज हैं। इसका उद्देश्य यह है कि अधिक किराया वसूलने की स्थिति में यात्री




तुरंत शिकायत दर्ज करा सकें। जबलपुर के डुमना एयरपोर्ट से रोजाना छह उड़ानें संचालित होती हैं। एयरपोर्ट से शहर के विभिन्न क्षेत्रों तक यात्रियों को छोड़ने के लिए दिल्ली की एक कंपनी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी से अनुबंध किया है, जिसके तहत किराए की दरें पहले से निर्धारित हैं। हाल ही में कुछ यात्रियों ने अधिक किराया वसूले जाने की शिकायत पुलिस से की, जबकि कई लोगों ने सोशल मीडिया पर भी इस बारे में पोस्ट साझा किए। इसके बाद सीएसपी रांझी सतीश साहू खमरिया थाना प्रभारी सरोजनी चौकसे के साथ एयरपोर्ट पहुंचे और मौके पर पूछताछ की, जिसमें कई यात्रियों की शिकायतें सही पाई गईं। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए जबलपुर पुलिस ने अभियान चलाकर सभी 30 टैक्सियों में क्यूआर कोड लगाए हैं। इनमें एयरपोर्ट अथॉरिटी के डायरेक्टर, सीएसपी और संबंधित थाना प्रभारियों के संपर्क नंबर दर्ज हैं। पुलिस ने यात्रियों से अपील की है कि यदि कोई टैक्सी चालक निर्धारित से अधिक किराया वसूलता है, तो तुरंत शिकायत दर्ज कराएं। जबलपुर पुलिस ने एयरपोर्ट पर करीब 50 से अधिक स्थानों पर पर्चे चिपकाए हैं। जिसमें लिखा है कि यदि एयरपोर्ट टैक्सी संचालक या ड्राइवर के द्वारा निर्धारित राशि से अधिक वसूली की जाती है, या किसी प्रकार की बदतमीजी की जाती है, तो नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन कर संबंधित व्यक्ति की शिकायत करें। पुलिस के द्वारा जारी किए गए पर्चे में यह भी लिखा है कि कोई भी चालक अभद्र व्यवहार करता है, बदतमीजी करता है या निर्धारित राशि से अधिक की मांग करता है तो तुरंत इन नंबरों पर संपर्क करें।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सांवेर तहसील के चित्तौड़ा गांव में पूज्य कमल किशोर नागर महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया।

प्रकाशक एवं मुद्रक - सुनील जैन द्वारा स्वत्वाधिकारी आचरण प्रिन्टर्स प्रा. लि. ग्वालियर (म . प्र .) के लिए पायोनियर प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्राइवेट लिमिटेड रेल्वे स्टेशन रोड, सागर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं प्रकाशित । प्रबंध संपादक-श्रीमती निधि जैन, प्रधान संपादक-सुनील जैन
स्थानीय संपादक-सुदेश तिवारी ( समाचार चयन के लिए पी आर बी एक्ट के तहत जिम्मेदार ) फोन-07582-238412, 400833 ई-मेल : aacharan_sagar@yahoo.com डाक रजि. क्र. म.प्र./सागर/25/2022-23, आर.एन.आई. रजि.क्र./45267/87